# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025




फौजदार चौक पर चक्का जाम


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड महिला टीचर रहीं डिजिटल अरेस्ट



**जबलपुर।** यहां रिटायर्ड महिला शिक्षक को एटीएस अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने 4 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। पुलवामा हमले का डर दिखाकर उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन समय रहते पुलिस की मदद मिलने से महिला और उनका पैसा दोनों सुरक्षित हैं। घटना 6 दिसंबर की है, बाई का बगीचा क्षेत्र निवासी रिटायर्ड शिक्षिका अमिता ग्रेबियल के मोबाइल पर कॉल आया। खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामले में उनके खाते से 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं। एटीएस जांच का हवाला देकर उन्हें डराया गया।

### दरगाह परिसर पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**खंडवा।** सिहाड़ा गांव में मंगलवार को दरगाह परिसर में बने मकान, दुकान और एंट्री गेट पर बुलडोजर चला। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। एसडीएम ऋषि सिंघई ने कहा- दरगाह यथावत रहेगी, परिसर के भीतर मौजूद एक मकान, एक दुकान और प्रवेश द्वार को तोड़ने की कार्रवाई की है। दरगाह परिसर में स्थित मदरसा की बिल्डिंग को यथावत रखने का फैसला लिया गया है। इसे ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया है। यह मदरसा सरकारी फंड से बना हुआ हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## खजुराहो कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड पर रहा विशेष फोकस

# बुंदेलखंड में 'विकास की बयार'

### 8 बड़े निर्णयों में से 6 बुंदेलखंड की उड़ान को पंख लगाने वाले

सीएम डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उसी क्षेत्र खजुराहो में कैबिनेट की बैठक रखी थी



**सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में अनुमानित 24,240 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी**

**सागर से दमोह 76 किमी फोरलेन मार्ग निर्माण के लिए 2059 करोड़ की मंजूरी**

**दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ से अधिक की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना मंजूर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजुराहों की कैबिनेट बैठक पूरी तरह से बुंदेलखंड के विकास को समर्पित थी। कैबिनेट में 8 बड़े निर्णयों में से 6 महज बुंदेलखंड की उड़ान को पंख लगाने वाले थे। बुंदेलखंड पैकेज में सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में अनुमानित 24,240 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी गई। इससे करीब 29,100 लोगों को रोजगार मिलेगा।

नए औद्योगिक क्षेत्र से 29 हजार से अधिक को रोजगार मिलेगा

भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपए प्रति वर्गमीटर रखी गई है। विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किस्तों की सुविधा दी गई है। संधारण शुल्क 8 रुपए प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टांप और पंजीयन शुल्क में 100 % प्रतिपूर्ति की शेष पेज 4 पर



कैबिनेट में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

### विशेष पैकेज पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा

उद्योगपतियों को दिया जाने वाला विशेष पैकेज पांच वर्षों के लिए होगा। वित्तीय सहायता पैकेज के तहत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों पर उद्योग संवर्धन नीति-2025 और निवेश प्रोत्साहन योजना-2025 के नियम लागू होंगे, जबकि एमएसएमई इकाइयों के लिए एमएसएमई विकास नीति-2025 और एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के प्रावधान प्रभावी होंगे। यह विशेष पैकेज आने वाले पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा। कैबिनेट ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर और बुधनी के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउट सोर्स पदों को मंजूरी दी है। इस अनुसार प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउट सोर्स पर नियोजित किए जाने की मंजूरी प्रदान की गई।

### बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास व रोजगार संपन्न बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभयारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री शेष पेज 4 पर

### 31 वीं किस्त...एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए अंतरित

डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की। इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। हितग्राहियों बहनों को उनके बैंक खातों में 31 वीं किस्त के रूप में 1500 रुपए की सौगात मिली है। अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। पढ़ें पेज 02 भी

**खाने में जहर मिलाने** की जताई आशंका, मांगे एक करोड़

# खजुराहो के गौतम रिसॉर्ट में फूड पॉइजनिंग से 4 की मौत



जयारोग्य अस्पताल में इलाज जारी

- परिजनों ने किया चक्काजाम
- मृतक आसपास के रहने वाले

### 6 लोगों का ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में इलाज, सभी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खजुराहो

खजुराहो के गौतम रिसोर्ट में खाना खाने से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 6 लोगों का ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि इन सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। गौतम रिसोर्ट में कर्मचारियों ने सोमवार दोपहर को खाना खाया था।

खाना खाने के कुछ ही मिनट बाद इन सभी कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने लगी उन्हें उल्टी, चक्कर , पेट दर्द और घबराहट जैसे लक्षण होने लगे। गंभीर हालत में 9 कर्मचारी को जिला अस्पताल से ग्वालियर जयारोग्य अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों ने दम तोड़ दिया है, जिसमें एक महिला शामिल है। परिजनों के अनुसार ग्वालियर लाते समय एक व्यक्ति की रास्ते में ही मौत हो गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि खाने में जहर मिलाया गया है। छतरपुर के सीएमएचओ आरपी गुप्ता ने बताया कि रिसॉर्ट में कर्मचारियों ने सोमवार रोज की तरह भोजन किया था, जिसमें आलू-गोभी की सब्जी शामिल थी। भोजन के कुछ ही मिनट बाद हार्दिक सोनी (20), प्रागीलाल कुशवाहा (54), गोलू अग्निहोत्री (25), बिहारी लाल पटेल (60), रामस्वरूप कुशवाहा (47), रवि कौदर (19), दयाराम कुशवाहा (65), रोशनी रजक (30) और गिरजा रजक (35) की तबीयत बिगड़ने लगी।

ये सभी खजुराहो और आसपास के गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने रिसॉर्ट पहुंचकर खाने के नमूने जब्त किए और स्टाफ से पूछताछ शुरू की। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मामला दर्ज कर भोजन, पानी और किचन की साफ सफाई से जुड़े सभी सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को रेडक्रॉस सोसाइटी से 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की।

### खजुराहो-बमीठा रोड पर चक्काजाम

खजुराहो में खजुराहो बमीठा रोड के फौजदार चौक पर मृतकों के परिवार जनों ने और ओबीसी महासभा ने चक्का जाम कर दिया। मृतकों के परिवारजनों की मांग है कि होटल संचालक पर एफआईआर की जाए और मृतकों को 1 करोड़ की सहायता राशि दी जाए।

आईएएस संतोष वर्मा ने एक बार फिर दिखाए तेवर

## कितनों को मारोगे... हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा

◀ *वायरल वीडियो में वे सांसद चंद्रशेखर की बातों को दोहरा रहे*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्राह्मणों पर विवादित बयान देने वाले आईएएस अफसर संतोष वर्मा ने फिर से तेवर दिखाए हैं। उनके समर्थन में भीम आर्मी प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि कितनों संतोष वर्मा को मारोगे, हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा। यही बात फिर से एक कार्यक्रम में संतोष वर्मा ने दोहराई है। साथ शेष पेज 4 पर

कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की निजता पर हमला!

## दंपती का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वालों पर एफआईआर



इसी होटल में ठहरे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। राजस्थान से आए एक दंपती की होटल के कमरे के अंदर की निजी पलों का वीडियो चोरी-छिपे बनाकर सोशल शेष पेज 4 पर






सीजेआई के फैसले ने बदल दी सदियों पुरानी परंपरा

## पिता नहीं, मां की जाति से बच्ची को मिला कास्ट का सर्टिफिकेट



सीजेआई बोले-मां की जाति के आधार पर जाति प्रमाणपत्र क्यों नहीं ?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद अहम फैसले में एक नाबालिग बच्ची की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उसकी मां की जाति 'आदि द्रविड़' के आधार पर अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्र जारी करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट का यह फैसला दूरगामी असर डालने वाला माना जा रहा है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब शीर्ष अदालत के समक्ष पहले से ही कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें उस परंपरागत नियम को चुनौती दी गई है, जिसके अनुसार बच्चे की जाति पिता की जाति के आधार पर तय की जाती रही है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य शेष पेज 4 पर

16 कोच के साथ होटल जैसा आराम


## पटना-दिल्ली के बीच दौड़ेगी देश की पहली 'स्लीपर' वंदे भारत

सुरक्षा के लिए कवच सहित हाई-टेक सिस्टम



एजेंसी ⏭ पटना

पटना-दिल्ली रूट पर यात्रा करने वालों के लिए इस दिसंबर बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। भारतीय रेलवे देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत बिहार से करने जा रहा है। यह वही ट्रेन है, जिसका यात्री कई महीनों से इंतजार कर रहे थे, तेजस की रफ्तार, राजधानी का आराम और वंदे भारत की हाई-टेक इंजीनियरिंग, सब एक साथ। यह नया रैक पारंपरिक रातभर की यात्रा के अनुभव को पूरी तरह बदलेगा। इस हाई–टेक ट्रेन की खासियत इसकी गति है। 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर भी कप में रखी चाय नहीं छलकेगी। ट्रेन की शेष पेज 4 पर

### कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में 113 लोगों ने की शिकायत, हुजूर तहसील के ग्राम करारिया फार्म के किसानों ने लगाई गुहार

# रेलवे ने रोका करारिया के किसानों का रास्ता, होटल में रोजाना डीजे पार्टी

डीजे साउंड सिस्टम बजाते हुए ध्वनि प्रदूषण फैलाने की शिकायत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


जनसुनवाई का दृश्य।

साहब रेलवे ने हमारा रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। हमारी जमीन रेलवे विभाग की जमीन से लगी हुई है, ऐसे में खेती करना मुश्किल हो गया है। यह शिकायत हुजूर तहसील के ग्राम करारिया फार्म के रहने वाले किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में दर्ज कराई। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने गोविंदपुरा एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इधर बावड़ियां कलां क्षेत्र में स्थित टयूलिप इन होटल के खिलाफ तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाते हुए ध्वनि प्रदूषण फैलाने की शिकायत की गई है। मंगलवार को 113 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

ग्राम करारिया फार्म के किसान अमर सिंह राजपूत, रामस्वरूप कुश्वाह, मानसिंह लोधी और सुनील कुश्वाह सहित 30 से अधिक किसानों ने शिकायत करते हुए बताया कि वर्ष 1983-84 में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा हमारी जमीनों के अंशभागों को अधिग्रहित कर रेलवे को दी गई थी, रेलवे विभाग द्वारा किसानों के आवागमन के लिए सात गेट उपलब्ध कराए गए थे। इन गेट से किसान कृषि यंत्रों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग किया जाता था। रेलवे ने इन सात गेटों को बंद कर दिया गया है, ऐसे में इनके अलावा कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है।

#### होटल में रोजाना चल रही डीजे पार्टी

एपल हाइट्स सोशल वेलफेयर सोसायटी के रहवासियों ने शिकायत की है कि कालोनी के पास ट्यूलिप इन होटल है। जहां रात साढ़े दस बजे के बाद भी डीजे बजाया जा रहा है। रहवासियों ने थाने में सूचना दी, लेकिन सुधार नहीं किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

#### रहवासी क्षेत्र में चल रहा जुआ-सट्टा

ओल्ड डेरीफार्म संत हिरदाराम नगर निवासी मुस्कान शाक्या, पूजा, उषा सहित अन्य रहवासियों ने शिकायत की है कि राहुल नगर बेहटा का रहने वाला संतोष बंसल द्वारा खुलेआम जुआ-सट्टा खिलाया जाता है और शराब पीकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

### एक माह के भीतर मिलीं 3385 शिकायतें

# महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा फोन पर चर्चा, लिया फीडबैक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने सोमवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में महापौर हेल्पलाइन में मिलने वाली शिकायतों की समीक्षा व उनके निराकरण की स्थिति जानी। उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं से टेलीफोन पर बात की व उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विभाग से मिलने वाली शिकायत का तत्काल निराकरण करने की व्यवस्था करें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा की गई शिकायत पेंडिंग न रहे। महापौर ने महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए मिलने वाली शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति सहित लंबित शिकायतों की जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि माह दिसम्बर में अब तक कुल 818 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से 373 का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण कर दिया गया है और शेष के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। जबकि नवंबर माह में 3385 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 2852 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है और शेष के निराकरण की कार्रवाई जारी है।

## खबर संक्षेप

### 50 हजार से ज्यादा अधिभार में 100 फीसदी मिलेगी छूट

**भोपाल।** 13 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में नगर निगम अपने संपत्तिकर और जलदर के बकायादारों को अधिभार में छूट देगा। ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है उन्हें केवल अधिभार में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 फीसदी तक की छूट और एक लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। छूट प्राप्त करने के उपरांत अधिकतम दो किस्तों में राशि जमा कराई जाएगी और लोक अदालत के दिन कम से कम 50 फीसदी राशि जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। छूट केवल 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

### दो राउंड के बाद भी खाली रह गई आयुष यूजी सीटें

**भोपाल।** ऑल इण्डिया कोटा व स्टेट कोटा यूजी नीट काउंसलिंग के तीन-तीन राउंड के बाद स्ट्रे वेकेंसी के दो राउंड होने के बाद भी प्रदेश के आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी मेडिकल कॉलेजों में आयुष यूजी की लगभग 1100 से ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। मंगलवार को स्ट्रेवेकेंसी सेकेण्ड राउण्ड में प्रवेश का अंतिम दिन था। आयुष मेडिकल एसो के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय स्तर पर नीट कट ऑफ पर्सेंटाइल कम करके अगर प्रवेश की तिथि बढ़ाई जाती है और काउंसलिंग का अतिरिक्त राउंड आयोजित होता है तो ही देशभर के अन्य राज्यों में रिक्त रही आयुष सीटें भरी जा सकेंगी।

### भोपाल मंडल ने चेकिंग में 26.70 करोड़ कमाए

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर 2025 तक कुल 4.16 लाख मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 26 करोड़ 70 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जबकि केवल नवम्बर माह कि बात करें तो भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने नियमों के उल्लंघन पर 3 करोड़ 42 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

### एक बार में 750 मुसाफिर कर सकेंगे यात्रा, एक कोच की क्षमता 250 के लगभग होगी

# मेट्रो का कमर्शियल रन तीन कोच की एक मेट्रो से होगा शुरू, यात्री बढ़े तो संख्या होगी दो से तीन

दिव्यांग, महिलाओं और बुजुर्ग मुसाफिरों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई

यात्रियों के लिए क्या होगी विशेष स्कीम इस पर चल रहा है मंथन

फेयर सिलेक्शन कमेटी तय करेगी किराया, लोकार्पण कार्यक्रम का स्थल होगा तय


मेट्रो स्टेशन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लोकार्पण की तारीख तय होते ही मेट्रो प्रबंधन ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले दिन यानि 21 दिसंबर को एक मेट्रो ट्रेन के साथ कामर्शियल रन की शुरुआत हो जाएगी। एम्स से सुभाष नगर डिपो को एक बार में 750 यात्री मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे। तीन कोच की इस ट्रेन के प्रत्येक कोच की क्षमता 250 यात्रियों की है। पिफलहाल तीन कोच की एक मेट्रो ही अप-डाउन करेगी। यात्रियों की संख्या बढने पर दो से तीन मेट्रो चलाई जा सकती हैं। इसके लिए मेट्रो प्रशासन तैयार है।

भोपाल मेट्रो के डीजीएम स्पेशल अरविंद सोनी ने बताया कि फेयर सिलेक्शन कमेटी फेयर तय करेगी। इसी तरह टाइमिंग तय होगा। लोकार्पण कार्यक्रम कहां होगा यह तय किया जा रहा है। आगामी एक-दो दिन में इस पर निर्णय हो जाएगा। पार्किंग के संबंध में उन्होंने बताया कि एम्स मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग के लिए जगह


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

मिल गई है। जबकि आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर रेलवे स्टेशन की पार्किंग का उपयोग करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह एमपी नगर में भी विकल्प देखे जा रहे हैं। मेट्रो में दिव्यांग, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा यात्रियों, स्टूडेंटस व नौकरीपेशा लोगों के लिए विशेष स्कीम पर पर भी मंथन चल रहा है।

#### सिक्योरिटी, टिकिटिंग, चैकिंग, सफाई सहित अन्य कामों का जिम्मा तीन एजेंसियों को


यार्ड में खड़ी ट्रेनें।

मेट्रो के सभी आठों स्टेशनों पर सिक्योरिटी, टिकिटिंग, चैकिंग, सफाई सहित अन्य कामों का जिम्मा तीन एजेंसियों को दिया गया है। उक्त एजेंसी ने अपने कर्मचारी तैनात कर दिए हैं।

#### बाहरी निर्माण कार्य दो माह तक चलते रहेंगे

मेट्रो स्टेशनों के नीचे व आसपास चल रहे काम आगामी दो माह तक चलते रहेंगे। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि इन कामों के चलते मेट्रो के परिचालन में कोई दिक्कत नहीं आएगी। सभी स्टेशनों की गत दिवस धुलाई और सफाई का काम करवाया गया है।

### प्रांत अधिवेशन में पदभार करेंगे ग्रहण

# धर्मेन्द्र सिंह राजपूत बने एबीवीपी मध्यभारत प्रांत के प्रांत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


धर्मेंद्र सिंह


केतन चतुर्वेदी

धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (भोपाल) देश के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष और केतन चतुर्वेदी (बैतूल) प्रांत मंत्री के रूप में सत्र 2025-26 के लिए पुनः निर्वाचित हुए हैं।

यह घोषणा मंगलवार को अभाविप मध्यभारत प्रांत कार्यालय भोपाल से की गई। अभाविप के प्रांत कार्यालय से मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीपक पालीवाल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। दोनों पदाधिकारी 14 से 16 दिसंबर 2025 को डबरा में आयोजित अभाविप के 58वें प्रांत अधिवेशन में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। धर्मेन्द्र सिंह राजपूत आरजीपीवी के यूआईटी में मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत हैं।

#### पुनः प्रांत मंत्री निर्वाचित

केतन चतुर्वेदी ने ग्वालियर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय से बीकॉम किया है। विद्यार्थी परिषद से संपर्कवर्ष 2016 से है। वर्ष 2021 से पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। पूर्व में आपने ग्वालियर महानगर में भाग मंत्री, जीवाजी विवि संयोजक, ग्वालियर महानगर सहमंत्री, भोपाल महानगर सहमंत्री एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता के नाते नर्मदापुरम जिला संगठन मंत्री, भोपाल महानगर सह संगठन मंत्री जैसे दायित्व का निर्वहन किया हैं। इस वर्ष सत्र 2025_26 के लिए पुनः अभाविप मध्यभारत के प्रांत मंत्री निर्वाचित हुए हैं।

### बाबरी मस्जिद की नींव पर भोपाल में प्रदर्शन

# मस्जिद बनाना है तो कलाम के नाम पर बनाएंः तिवारी



प्रदर्शन करते हिउस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने का हिंदू संगठन विरोध कर रहे हैं। भोपाल में श्री हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच 2 नंबर स्टॉप पर प्रदर्शन किया। संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि अगर मस्जिद बनानी है तो अब्दुल कलाम या अशफाकउल्ला के नाम से बनाएं, बाबर के नाम पर मस्जिद बर्दाशत नहीं की जाएगी। संगठन के कार्यकर्ता बाबर के नाम वाला शौचालय का पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिसे सार्वजनिक शौचालय परिसर में लगाने की तैयारी थी। लेकिन पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस और संगठन कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई।

### डॉ. दीपा ने अभियान के तहत रखे विचार

# कई कारणों से होता है डिप्रेशन फ्री काउंसिलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जीवन की जटिलताओं का हल सकारात्मक विचारों से संभव है। युवाओं में अनियमित दिनचर्या, लगातार असफलता और साथियों से असंतुलित तुलना व नकारात्मक विचारों से अवसाद की प्रवृति बढ़ रही है, जिसकी परिणीति आत्महत्या जैसे अपराधों तक हो जाती है। यह बात मंगलवार को नेशनल हेल्थ सर्विस इंग्लैंड की प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ दीपा जैन ने विद्यार्थियों में बढ़ती हुई आत्महत्या की प्रवृति रोकने नेशनल टास्क फोर्स द्वारा चलाए अभियान के तहत बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यक्त किए। समाजशास्त्र विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मानसिक अवसादः एक अदृश्य संघर्ष विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ दीपा ने कहा कि अनियमित दिनचयर्या, उदासी, मन की पीड़ा और वेदना छिपाने से अवसाद बढ़ता है। साथियों से होने वाली तुलना, नींद न आना, नकारात्मक विचार आत्महत्या जैसी घटनाओं का कारण बनते हैं।

### जीएमसी में एड्स पखवाड़ाः सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# बच्चों के डांसिंग, ड्राइंग, फैंसी ड्रेस के अलावा एचआईवी एड्स के लिए परामर्श का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जीएमसी में एड्स पखवाड़े का दृश्य।

राजधानी गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के मेडीसिन डिपार्टमेंट द्वारा वर्ल्ड विश्व एड्स दिवस के पखवाड़े मनाया गया। इस दौरान एआरटी प्लस केन्द्र में पीएल बच्चों एवं उनके माता-पिता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए डांसिंग, ड्राइंग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के अलावा एचआईवी एड्स के लिए परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए उपहार जैसे खिलौने, राशन, नाश्ता और सर्दी से बचाने के लिए कंबल भी बांटे गए। इस कार्यक्रम में डॉ सिमी दुबे विभाग अध्यक्ष मेडिसिन विभाग व नोडल अधिकारी एआरटी केंद्र, असिस्टेंट नोडल ऑफिसर डॉ हिमांशु शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप वर्मा व समस्त एआरटी व सीएससी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### हाईकोर्ट का सवाल- क्या युवक 10 साल इंतजार करेगा

# एनडीपीएस केस में मंदसौर एसपी ने मानी गलती, 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंदसौर के मल्हारगढ़ में 18 वर्षीय छात्र को बस से उतारकर एनडीपीएस एक्ट के तहत अफीम तस्करी केस में फंसाने के आरोपों की सुनवाई मंगलवार को इंदौर हाईकोर्ट में हुई। अदालत के सवालों पर मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा खुद पेश हुए और स्वीकार किया कि छात्र को उठाने वाली पुलिस टीम मल्हारगढ़ थाने की ही थी।

उन्होंने बताया कि मामले में जांच प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ, जिसके चलते 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। पूरी बहस के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि पहले पेश हुए जांच अधिकारी ने गलत जानकारी क्यों दी थी। एसपी इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दे सके और बताया कि मामले में गंभीर त्रुटियां हुई हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि मल्हारगढ़ थाने में 55 पुलिसकर्मी पदस्थ हैं, फिर भी विधिक प्रक्रिया का सही से पालन नहीं किया गया। सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि ट्रायल कोर्ट में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, जिस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है कि तो क्या युवक 10 साल तक फैसले का इंतजार करेगा? लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया।

#### पुलिस ने युवक को बस से पकड़ा था

29 अगस्त 2025 को 18 साल का सोहन मंदसौर से प्रतापगढ़ सफर कर रहा था। तभी बस में तीन-चार लोग चढ़े और युवक को पकड़कर ले गए। बस में सीसीटीवी फुटेज लगे थे, जिसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई।

### इटली में 'फ्लोरेटिना' सम्मेलन में अतिथि वक्ता आमंत्रित हुए एम्स के डॉ. समेंद्र


इटली के सम्मेलन का दृश्य।

**भोपाल।** एम्स भोपाल के डॉ. समेंद्र कारखुर को फ्लोरेंस (इटली) में आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फ्लोरेटिना आईकूर 2025 में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने आंख की रेटिना में होने वाले खतरनाक वायरल इंफेक्शन और उसके इलाज पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। जिससे आम लोगों को समय पर जांच का महत्व समझ में आता है। यह बीमारी कैंसर रोगियों, कीमोथेरेपी लेने वालों, एमआईवी पॉजिटिव, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों में अधिक पाई जाती है और समय पर इलाज न होने पर अंधापन हो सकता है। स्टेरॉयड का गलत उपयोग, बीमारी को और गंभीर बना सकता है, इसलिए सही समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श जरूरी है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. माधवानंद कर ने डॉ. समेंद्र कारखुर को बधाई दी।

### कई दिनों बाद शहर के कई इलाकों में पॉल्यूशन में कमी दर्ज

# फिजाओं में कड़ाके की सर्दी, पॉल्यूशन दिखा कंट्रोल सबसे खराब एक्यूआई अरेरा कॉलोनी का 174 पर...

बर्फीली हवाओं से शाम होते ही गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


शाम 6 बजे लालघाटी से दिखा ऐसा नजारा।

राजधानी में मंगलवार को सुबह से धूप खिली, लेकिन काफी धीमी गति की हवाएं फिजा में बर्फजैसी ठंडक घोले रहीं। उत्तरी हवाओं में शाम होते ही तेज कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई, जिससे मंगलवार रात के पारे में और कमी आने की उम्मीद है। धीमी और मध्यम हवाओं के बीच मंगलवार को लंबे अंतराल के बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर एयर पॉल्यूशन कुछ कंट्रोल में दिखा। मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अनुसार मंगलवार को शहर के प्रमुख स्थानों में सबसे खराब एक्यूआई(एअर क्वालिटी इंडेक्स) 174 पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में रहा। टीटी नगर 139 और कलेक्टोरेट क्षेत्र का एक्यूआई केवल 92 पर दर्ज किया गया है। यह इलाका सांस लेने के लिहाज से संतोषजनक रहा, जबकि टीटी नगर और पर्यावरण परिसर का एक्यूआई मॉडरेट लेबल पर रहा है।

#### शाम से ही तेज सर्दी

शहर में मंगलवार को दिन में धूप खिली, लेकिन शाम होते ही बर्फीली हवाओं ने असर दिखाया। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे। वहीं, बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों सर्दी के लिहाज से अधिक एहतियात की सलाह मौसम केंद्र ने जारी की है। इन दिनों ठंडक के साथ मौसम बीमारियों का भी प्रकोप होने से स्वास्थ्य के लिए तेज ठंडक से बचाव जरूरी है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


पचमढ़ी के धूपगढ़ की वादियों में लुत्फ लेते पर्यटक

### पश्चिमी विक्षोभ अब हमारे रीजन में...12 दिसंबर तक कोल्ड वेव का असर

# शीतलहर ने तोड़ा रिकॉर्ड, 12 में से 7 दिन कोल्ड वेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सर्दी अपने पूरे शबाब पर है। पश्चिमी विक्षोभ मंगलवार से हमारे प्रदेश की सीमा में दाखिल हो गया है, जिसके असर से अगले तीन दिन शीतलहर से राहत की उम्मीद नहीं है।

6 दिसंबर से भोपाल में लगातार शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है, जो अब नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। 12 दिसंबर तक लगातार कोल्ड वेव रहने से दिसंबर के पहले दो सप्ताह में कड़ाके की सर्दी का नया रिकॉर्ड बन जाएगा। इससे पहले 10 साल में कभी भी यहां दिसंबर के पहले दो सप्ताह में रात का पारा लगातार एक सप्ताह तक ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भोपाल में दिसंबर के पहले दो सप्ताह में से लगातार एक सप्ताह शीतलहर का नया रिकॉर्ड बनेगा**

**तीन दिन से पारा 7 डिग्री के करीब, यह सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक कम**

**राजधानी में 10 साल में लगातार एक सप्ताह कभी भी इतना कम नहीं रहा रात का पारा**


रायसेन में पत्तों पर जमी ओस की बूंदें

### इन छह जिलों में पारा 5 से 6 डिग्री तक

- ▶▶ प्रदेश में सबसे कम रात का पारा कल्याणपुर (शहडोल) में 4.7 डिग्री रहा
- ▶▶ पचमढ़ी 5, राजगढ़ 5.6, गिरवर (शाजापुर) और नौगांव (छतरपुर) 6, इंदौर 6.1 डिग्री रहा

### डब्ल्यूडी ट्रफ के रूप में 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ मप्र में सक्रिय है। यह ट्रफ के रूप में 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है, जबकि उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों के करीब 13 किमी ऊपर एक जेट स्ट्रीम भी सक्रिय है, जिससे सतही हवाएं उत्तरी हैं, और तेज सर्दी जारी है। दो से तीन दिन अभी इसमें बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, 13 दिसंबर तक एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होने से प्रदेश के तापमान में बढ़त होगी। शीतलहर से काफी हद तक राहत मिलेगी। भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### दो दोस्त बने लखपति 50 लाख का हीरा मिला



**पन्ना।** जिले में दो दोस्तों की मेहनत और उम्मीद रंग ले आई। कृष्णा कल्याणपुर क्षेत्र में 20 दिन पहले लगाई गई खदान से उन्हें 15.34 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। इसकी कीमत 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। हीरे को आगामी नीलामी में रखा जाएगा। रानीगंज निवासी सतीश खटीक (24) और उनके दोस्त साजिद मोहम्मद (23) ने संयुक्त रूप से कृष्णा कल्याणपुर की पटी क्षेत्र में खदान लगाई थी।

### छिंदवाड़ा हाईवे पर स्लीपर बस पलटी



**छिंदवाड़ा।** जिले के हर्रई थाना क्षेत्र के तेदनी के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस टीकमगढ़ से नागपुर जा रही थी। हादसे में 6 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 2 गंभीर हैं। गंभीर घायलों नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हर्रई पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

### मंत्री बागरी बोलीं- गांजा तस्कर मेरा भाई नहीं



**भोपाल।** गांजे की तस्करी के मामले में गिरफ्तार भाई अनिल बागरी से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री प्रतिमा बागरी ने पल्ला झाड़ लिया है। मंगलवार को उन्होंने कहा- कोई भी अपने आप से रिश्तेदार बना लेता है। मेरा अनुरोध है कि पहले आप उसकी पुष्टि कर लें। तथ्यों की जानकारी के बाद ही बात करें। दरअसल, सोमवार को सतना की रामपुर बघेलान पुलिस ने अनिल बागरी को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### नागरिकता मामले में सोनिया को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया। सोनिया गांधी पर नागरिकता लेने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने का आरोप है। राउज एवेन्यू के सेशंस कोर्ट ने सोनिया गांधी को एक रिवीजन पिटीशन पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। इस पिटीशन में मजिस्ट्रेट के सितंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला, कहा- चुनाव आयोग के जरिए लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा

# राहुल बोले- भाजपा 'ईसी' को कंट्रोल कर रही भाजपा ने कहा-ईवीएम को कांग्रेस ही लाई थी

*भाजपा सांसद दुबे ने बताया कि 1991 में राव की सरकार में तय हुआ कि ईवीएम आएगा। 1961, 1970 की सिलेक्ट कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के ही थे। इन दोनों रिपोर्ट में कहा गया कि एसआईआर की आवश्यकता है। 1961 में कहा गया कि ईवीएम से चुनाव होने चाहिए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (एसआईआर) पर 28 मिनट का भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि भाजपा चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

राहुल के भाषण के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। कहा- ऐसे सदन नहीं चलेगा। जवाब में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि 1980 में कांग्रेस ही देश में ईवीएम लेकर आई थी। 1987 में पायलट प्रोजेक्ट के नाते राजीव गांधी लेकर आए थे। 1991 में राव की सरकार में तय हुआ कि ईवीएम आएगा। 1961, 1970 की सिलेक्ट कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के ही थे। इन दोनों रिपोर्ट में कहा गया कि एसआईआर की आवश्यकता है। 1961 में कहा गया कि ईवीएम से चुनाव होने चाहिए। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**राहुल ने संघ का नाम लिया तो स्पीकर बोले- विषय पर ही बोलिए**


राहुल गांधी


निशिकांत दुबे

### निशिकांत बोले- कांग्रेस लड़खड़ाती नजर आ रही

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण से कांग्रेस लड़खड़ाती नजर आ रही है। 1976 में स्वर्ण सिंह की कमेटी बनी। संविधान में 121 बार राष्ट्रपति का जिक्र है। एक संशोधन के माध्यम से कांग्रेस ने राष्ट्रपति के अधिकार खत्म कर दिए। प्रेस की पूरी स्वतंत्रता खत्म हुई। यूपीएससी जैसी संस्था का कांग्रेस का कार्यकर्ता बटुक सिंह 10 साल तक चेयरमैन रहा। देश के पहले चुनाव कमिश्नर सुकुमार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**3 मांगें रखीं**

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए
2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए
3. चुनाव के बाद ईवीएम देखने के लिए दी जाए

**3 सवाल पूछे**

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया?
2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता?
3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए?

### क्यों बांग्लादेशी वोटर से बिहार में सरकार बनेगी?

निशिकांत ने कहा कि 1972 की ज्वॉइंट कमेटी की रिपोर्ट में वोटिंग अधिकार 21 साल से घटाकर 18 साल किया गया। अगर कांग्रेसियों में हिम्मत है तो इसे नकार कर दिखाएं। अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने इस बदलाव को इम्प्लीमेंट किया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस- ▶▶ शेष पेज 4 पर

**वाइस चांसलरों की नियुक्ति पर सवाल उठाए**

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोडसे ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई है, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा, सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश

# 10-15 साल से ज्यादा नौकरी करने वालों को करें नियमित

**लंबित नियमितिकरण मुख्य सचिव की नीति और समिति की सिफारिशों के खिलाफ**


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रदेश में हजारों कर्मचारियों को नियमितिरकण लंबित हैं, जबकि 10-15 साल की नौकरी पूरी होने के बाद कर्मचारी को नियमित कर देना चाहिए। हाईकोर्ट ने यह बात सरकारी कर्मचारी राकेश चौरसिया की नियुक्ति को 38 साल बाद अवैध बताने वाले शासन के आदेश ( 07 अप्रैल 2025) के खिलाफ अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने शासन के इस आदेश को खारिज कर दिया है। साथ ही राज्य शासन को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इतनी लंबी सेवा के बाद नियुक्ति को अवैध ठहराना पूरी तरह अनुचित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पाक की निकिता ने लगाई याचिका

# अवैध रूप से भारत में रह रहे पति को मेरे पास भेजो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


निकिता

इंदौर में ब्याही पाकिस्तानी युवती निकिता ने पति विक्रम नागदेव के खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट बेंच में याचिका दायर की है। निकिता ने कोर्ट से पति विक्रम को पाकिस्तान डिपोर्ट करने और दूसरी शादी करने से रोकने की गुहार लगाई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने भी जांच शुरू कर दी है। सोमवार को निकिता की ओर से एडवोकेट दिनेश रावत ने यह याचिका दायर की है। निकिता ने पति विक्रम नागदेव और उसकी मंगेतर शिवानी ढींगरा सहित भारत के विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, आयकर विभाग, इंदौर कलेक्टर, इंदौर पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

**गृह मंत्रालय ने भी जांच शुरू कर दी**

### वनतारा की अंतरराष्ट्रीय पहचान

# अनंत अंबानी को 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' मिला



**अनंत बने यह प्रतिष्ठित अमेरिकी अवॉर्ड पाने वाले सबसे युवा और पहले एशियाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वन्यजीव संरक्षण और पशु कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए अनंत अंबानी को अमेरिका में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वनतारा के जरिए जानवरों के बचाव, इलाज, पुनर्वास और संरक्षण में उनके नेतृत्व के लिए दिया गया। इस उपलब्धि के साथ अनंत अंबानी ने एक खास रिकॉर्ड भी बनाया है। वह इस सम्मान को पाने वाले सबसे युवा और पहले एशियाई व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले यह अवॉर्ड अमेरिकी राष्ट्रपतियों जॉन एफ कैनेडी और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह सम्मान मुझे 'सर्वभूत हित' की प्रेरणा देता है : अनंत

अवार्ड लेते हुए अनंत अंबानी ने कहा कि यह सम्मान मुझे 'सर्वभूत हित' यानी सभी जीवों की भलाई के रास्ते पर और मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जानवर हमें जीवन में संतुलन और संवेदनशीलता सिखाते हैं। वनतारा के जरिए हमारा मकसद हर जीव को सम्मान, देखभाल और एक बेहतर जिंदगी देना है। हमारे लिए संरक्षण भविष्य की बात नहीं, बल्कि आज की जिम्मेदारी है।

### सीजीएसटी ने भेजा मप्र का सबसे बड़ी राशि वाला नोटिस

# टैक्स चोरी करने पर गुटखा कारोबारी वाधवानी को 2002 करोड़ का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट, इंदौर ने गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी सहित अन्य को दो हजार दो करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है।

इसे मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी राशि का टैक्स डिमांड नोटिस बताया जा रहा है। ये नोटिस एलोरा टोबेको, किशोर वाधवानी, श्याम खेमानी, अनमोल मिश्रा, धर्मेंद्र पीठा दिया, राजू गर्ग, मे. शिमला इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, देवेंद्र द्विवेदी, विनायका फिल्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड और विनोद बिदासरिया को टैक्स चोरी के मामले में दिया गया है। इनके अलावा रमेश परिहार, टीएएन इंटरप्राइजेस, एसआर ट्रेडिंग, निश्का इंटरप्राइजेज, मे. इंक फ्रूट, मे. एमएन इंटरप्राइजेस, मे. रानी प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, जौहर हसन, एनजी ग्राफिक्स एंड ब्लॉक मेकर्स के नाम भी नोटिस में शामिल हैं। दरअसल, 2020 में सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट ने इन कंपनियों पर छापामार कार्रवाई की थी। जांच में टैक्स चोरी का आरोप सही पाया गया। इसके बाद बीती 6 दिसंबर को यह टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया गया है। 2002 करोड़ के टैक्स डिमांड ▶▶ शेष पेज 4 पर

**75.67 करोड़ की लगाई एक्साइज ड्यूटी**



फाइल फोटो

### जनसुनवाई में किसान ने खाया जहर

# पुलिस ने उल्टी कराई, अस्पताल पहुंचाया, हालत खतरे से बाहर

**जमीन पर कब्जे से था परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना


अर्जुन सिंह ढीमर

गुना जिले के म्याना थाना क्षेत्र से आए एक किसान ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में जहर खा लिया। किसान अपनी जमीन पर दबंगों के कब्जे से परेशान था।

जहर खाने के बाद किसान वहीं गिर पड़ा, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत संभाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घटना के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इंडिगो पर मोदी सरकार का बड़ा एक्शन... उड्डयन मंत्री ने की सीईओ से मीटिंग

**उड्डयन मंत्री संग मीटिंग में हाथ जोड़े नजर आए सीईओ पीटर एल्बर्स**

# सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10% कटौती की, स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को मिलेंगे, 200 फ्लाइट्स घट जाएंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो संकट धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। इस बीच मोदी सरकार ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मंगलवार को इंडिगो को अपनी उड़ानें 10 परसेंट कम करने का ऑर्डर दिया।

एविएशन पर नजर रखने वाली संस्था डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन में नेटवर्क में रुकावटों के बाद 5 फीसदी की कमी का आदेश दिया था लेकिन मंगलवार को इसे बढ़ा दिया गया। इस फ़ैसले के बारे में मिनिस्ट्री ऑफ़ सिविल एविएशन ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के साथ मीटिंग में बताया। इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, जिसका डोमेस्टिक मार्केट शेयर लगभग 65 परसेंट है और इसके शेड्यूल में रोज़ाना 2,300 से ज्यादा फ्लाइट ▶▶ शेष पेज 4 पर



**इंडिगो संकट पर पीएम मोदी ने तोड़ी चुप्पी**

### उड्डयन मंत्री ने लिया एक्शन

सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिनिस्ट्री इंडिगो के सभी रूट्स को कम करना ज़रूरी समझती है, जिससे एयरलाइन के ऑपरेशन्स को स्टेबल करने में मदद मिलेगी और कैंसलेशन कम होंगे। 10% की कटौती का ऑर्डर दिया गया है। इसका पालन करते हुए इंडिगो पहले की तरह अपने सभी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नियम और कानून ठीक है पर लोगों को परेशान करना सही नहीं

केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एनडीए बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों को दोहराया। पीएम ने कहा कि सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकार की वजह से किसी भी तरह की परेशानी न हो। नियम और कानून ठीक हैं, लेकिन उनका उद्देश्य व्यवस्था को बेहतर बनाना होना चाहिए, न कि जनता को परेशान करना।

# पांच औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी, जेके सीमेंट के साथ 1850 करोड़ का विस्तार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य में निवेश संवर्धन और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की अहम बैठक ली। बैठक में 5 औद्योगिक इकाइयों के निवेश प्रकरणों को मंजूरी दी गई। साथ ही प्रदेश के जिलों में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं को दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के संबंध में अहम निर्णय लिए गए। बैठक में जेके सीमेंट कंपनी के निवेश प्रकरण पर चर्चा हुई।

कंपनी वर्तमान में पन्ना जिले में 2600 करोड़ रुपए के इंटीग्रेटेड क्लिंकर और सीमेंट प्रोडक्शन प्रोजेक्ट पर काम कर रही है और 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी दे रही है। जेके सीमेंट भविष्य में 1850 करोड़ रूपए से अधिक के अतिरिक्त निवेश से यूनिट का विस्तार कर रही है, जिससे 800 लोगों को रोजगार मिलेगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, संस्कृति-पर्यटन-धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

**1** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की बैठक

**2** औद्योगिक परियोजनाओं को दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं को लेकर हुए अहम निर्णय


खजुराहो में सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद मंत्रिमंडल समूह।

## फार्मा, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में बड़ा निवेश

बैठक में फार्मा क्षेत्र में फार्मूलेशन-एपीआई और बल्क ड्रग प्रोडक्शन करने वाली अल्केम लैबोरेट्रीज कंपनी ने मुंबई में हुए रोड-शो के दौरान 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की इच्छा जताई थी। कंपनी ने उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में टैबलेट, कैप्सूल, ड्राई सिरप और ड्राई पाऊडर इंजेक्शन के निर्माण के लिए यूनिट का प्रस्ताव दिया है। इससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। राज्य में डिजिटल अवसंरचना, क्लाउड सेवाओं तथा डेटा-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने मेसर्स कंट्रोल एस डेटा सेंटर लिमिटेड द्वारा बड़वई आईटी पार्क, भोपाल में लगभग 500.20 करोड़ के निवेश से डेटा सेंटर सुविधा विकसित की जा रही है। परियोजना से प्रदेश में लगभग 870 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन होगा।

### ग्वालियर में लगाई जाएगी सीसीएल मैन्युफेक्चरिंग यूनिट

राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ईएसडीएम सेक्टर को प्रोत्साहन प्रदान करने एवं स्थानीय उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केदारा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा ग्वालियर, मध्यप्रदेश में लगभग 327.10 करोड़ रुपए के निवेश सेकॉपर क्लैड लैमिनेट निर्माण इकाई स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। परियोजना से राज्य में लगभग 220 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे। अहमदाबाद की इस्कॉन बालाजी फूड्स ने उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 110 करोड़ रूपए के निवेश से यूनिट स्थापित कर उत्पादन शुरू कर दिया है। इससे 350 लोगों को रोजगार मिला है। बैठक में मंत्री मंडलीय समिति ने सभी औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया।

### प्रदेश के 11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन और 348 पदों की स्वीकृति

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के रहवास के लिए विकसित करने की सैद्धांतिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने सागर में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। सितंबर 2022 में कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में पहला और अप्रैल 2025 में गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर में दूसरा चीता रहवास शुरू किया गया है।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में 28 और गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर 2 चीतों का रहवास है। इसके अतिरिक्त जनवरी 2026 में बोत्सवाना से 8 चीते कूनो में पहुंचना संभावित है।

## अग्निशमन सेवाओं के विस्तार, आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपए की स्वीकृति

## पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को 2 वर्ष में रोजगार के लिए जापान और जर्मनी भेजने का निर्णय



कैबिनेट बैठक में मंत्रिगण से प्रस्तावों पर चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### *हनुमना का अस्पताल 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में होगा अपग्रेड, 345 नियमित और 3 संविदा पदों के सृजन को मंजूरी*

*पन्ना के अजयगढ़, खरगौन के महेश्वर, सिंगरौली के देवसर और रीवा के हनुमना स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में अपग्रेड किया जाएगा। बड़े उन्नयन कार्यों में बैतूल के भीमपुर, सिंगरौली के चितरंगी और अनूपपुर के कोतमा स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में बदलना शामिल है। साथ ही, सागर जिले के बीना स्थित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उन्नयन कर उसे 100 बिस्तरीय किया जाएगा। संस्थाओं के संचालन के लिए कैबिनेट ने 345 नियमित और 3 संविदा पदों के सृजन को मंजूरी दी है। साथ ही 136 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखने की स्वीकृति भी दी गई है। इस पूरी प्रक्रिया 27 करोड़ 17 लाख रुपए का वार्षिक व्यय किया जाएगा।*

### दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ से अधिक की झापन नाला परियोजना को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 165 करोड़ 6 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा तहसील के 17 ग्रामों का कुल 3600 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

### 600 युवाओं को 2 वर्ष में रोजगार के लिए जापान और जर्मनी भेजने का निर्णय

कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विभागीय योजनान्तर्गत, अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को दो वर्षों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सोशल इंपैक्ट बांड (एसआईबी) वित्तीय उपकरण का प्रयोग कर जापान एवं जर्मनी भेजे जाने के लिए प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

### आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपए की स्वीकृति

कैबिनेट की बैठक में 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ 54 लाख रुपए की कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75% केंद्रांश राशि 297 करोड़ 15 लाख रुपये और 25% राज्यांश राशि 100 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपए होगा।

### बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि, खनिज, व्यापार गतिविधियों को गति मिलेगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सागर-दमोह मार्ग (76.680 किमी) को 2-लेन से 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर में उन्नत करने की 2059.85 करोड़ की परियोजना को एचएएम के तहत स्वीकृति दी गई। इसमें 40 % राशि मप्र सड़क विकास निगम की ओर से और शेष 60% राशि राज्य बजट से 15 वर्ष तक 6-माही एन्यूटी के रूप में वहन की जाएगी। यह महत्वपूर्ण मार्ग सागर और दमोह को जोड़ते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 से कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। उन्नयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में कृषि, खनिज, व्यापार और पर्यटन गतिविधियों को मजबूत गति मिलेगी। परियोजना में 13 अंडरपास, 3 वृहद पुल, 9 मध्यम पुल, 1 आरओबी, 13 बड़े और 42 मध्यम जंक्शन का निर्माण, तथा परसोरिया, गढ़ाकोटा, रोन और बान्सा में 4 बायपास शामिल हैं।

### 17,000 पीसीयू की संभावना को देखते हुए 4-लेन निर्माण

मौजूदा समय में 10,300 पीसीयू के यातायात दबाव और भविष्य में 17,000 पीसीयू की संभावना को देखते हुए 4-लेन निर्माण जरूरी है। यह मार्ग 'विंध्य विकास पथ' का हिस्सा है, जिससे कटनी दिशा में भविष्य का 4-लेन कॉरिडोर भी सुदृढ़ होगा। मार्ग के उन्नयन से यात्रा समय में कमी, दुर्घटनाओं में गिरावट, ईंधन की बचत और परिवहन तंत्र में व्यापक सुधार होगा। क्षेत्र की उपजाऊ कृषि भूमि, दमोह के खनिज संसाधनों और कुंडलपुर सहित पर्यटन स्थलों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। यह परियोजना बुंदेलखंड विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विधायकों से होगा संवाद, जारी होगा नोटिफिकेशन

# एमपी विधानसभा के इतिहास पर विशेष चर्चा 17-18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है, यह सत्र 17 दिसंबर के दिन आयोजित हो सकता है, जिसमें मध्य प्रदेश के विकास रोड मैप पर चर्चा होगी। हालांकि बताया जा रहा है कि विधानसभा के विशेष सत्र की अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। यह सत्र इस इसलिए भी आयोजित किया जा सकता है, क्योंकि 17 दिसंबर 1956 में एमपी विधानसभा की पहली बैठक हुई थी।

ऐसे में 17 दिसंबर को सत्र जारी किया जाएगा, जिसमें एमपी विधानसभा के इतिहास पर भी विशेष चर्चा की जा जाएगी। बताया जा रहा है कि 17 दिसंबर को होने वाले सत्र में राज्य की नीतिगत दिशा को एक बार फिर से परिभाषित करने का मौका जिसमें 'आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश' का विजन पर चर्चा होगी, इसके अलावा विधायक-सरकार के बीच प्रत्यक्ष संवाद, जिसमें विकास, निवेश, रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर सार्थक बहस. ऐतिहासिक अवसर विधानसभा का गठन दिवस, 17 दिसंबर, के साथ जुड़ा यह सत्र प्रतीकात्मक भी होगा। इसलिए इस सत्र में इन सब मुद्दों पर चर्चा होगी।



### *विशेष सत्र बुलाएंगे*

*मध्य प्रदेश का वर्तमान स्वरूप 1 नवंबर 1956 को राज्य पुनर्गठन के बाद अस्तित्व में आया था, इसके कुछ ही सप्ताह बाद, विधानसभा का पहला अधिवेशन 17 दिसंबर 1956 को आयोजित किया गया। यही सत्र राज्य की एकीकृत विधान प्रक्रिया की शुरूआत का आधार बना और आगे की विधायी यात्रा का मार्ग तय किया था। पिछले साल 17 दिसंबर 2024 को विधानसभा ने अपनी 68वीं वर्षगांठ मनाई थी, जहां सदन में पहले सत्र की ऐतिहासिक यादें भी साझा की गई थीं। इस दिन का संवैधानिक और ऐतिहासिक महत्व ही इस साल प्रस्तावित विशेष सत्र को और अधिक विशेष बनाता है। ऐसे में इस बार भी विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाया जाएगा, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर विशेष चर्चा कराएंगे। सत्र में सभी सीनियर विधायक शामिल हो सकते हैं।*

## राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का आदेश

**भोपाल।** एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत याग्निक ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान की मानहानि के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किए जाने के आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई तारीख 3 फरवरी 2026 को राहुल गांधी को न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत याग्निक ने इससे पहले भी राहुल गांधी को 27 फरवरी और 9 मई को नोटिस जारी किए थे।




### स्पीकर को इस दिशा में भी करना चाहिए प्रयास

लंबे समय बाद विधानसभा के सत्र जितने दिन के लिए बुलाए जा रहे हैं, पूरे दिन चल रहे हैं। नरेंद्र सिंह तोमर वरिष्ठ हैं और सदन के अध्यक्ष भी, उन्हें विपक्ष की इस मांग पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह है सत्रों की अवधि का बढ़ाया जाना। सिर्फ सरकार काम निबटाने के लिए सत्र नहीं बुलाए जाना चाहिए, कोशिश यह भी होना चाहिए कि जनता से जुड़े ज्यादा से ज्यादा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हो सके। इस बार पहले ही दिन सदन के अंदर विपक्ष ने जब यह मुद्दा उठाया और हंगामे के हालात बने तब स्पीकर तोमर के साथ संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होना है, वहां इस पर विचार करेंगे। इस आश्वासन के बाद विपक्ष शांत हो गया था। उम्मीद थी कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के बाद कोई नतीजा निकलेगा लेकिन कुछ भी सामने नहीं आया। स्पीकर तोमर को अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर कोशिश करना चाहिए कि भविष्य में कोई भी सत्र इतना छोटा न हो।

### क्या सफल हो पाएगा हेमंत का यह राजनीतिक प्रयोग?

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक राजनीतिक प्रयोग शुरू किया है। इसके तहत अब मंत्री भाजपा कार्यालय में आकर बैठने लगे हैं और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुन कर उनका समाधान कर रहे हैं। योजना लागू करने की वजह पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से लगातार मिल रही शिकायतें हैं। पहले सप्ताह ही जो मंत्री कार्यालय गए, उन्होंने कार्यकर्ताओं के आवेदन लेकर मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए और शेष पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। संगठन यह कोशिश भी कर रहा है कि संबंधित कार्यकर्ता को जानकारी मिले कि आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई? इससे पहले उमा भारती के कार्यकाल में यह व्यवस्था लागू की गई थी लेकिन ज्यादा समय तक चल नहीं सकी थी। कप्तान सिंह सोलंकी जैसे संगठन महामंत्री भी इसे कायम नहीं रख पाए थे।

### माननीय से 443 करोड़ वसूल कर पाएगी सरकार?

खनिज विभाग द्वारा गठित जांच दल ने पाया है कि विधायक संजय पाठक से जुड़ी तीन खनन कंपनियों ने जबलपुर जिले में अवैध एवं अतिरिक्त रेत उत्खनन किया है। इन कंपनियों पर खनिज रॉयल्टी, जीएसटी और अन्य मद का 443 करोड़ से ज्यादा बकाया वसूला जाना है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठने से यह मामला फिर सुर्खियों में आ गया। कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा के प्रश्न के उत्तर में विभाग ने बताया कि पाठक से जुड़ी तीन कंपनियों ने स्वीकृत सीमा से अधिक रेत का उत्खनन किया। सरकार ने भी जांच रिपोर्ट को स्वीकार करने की बात कही है। यह भी बताया गया कि 10 नवंबर 2025 को जबलपुर कलेक्टर ने आदेश जारी कर इन कंपनियों को 15 दिनों के अंदर पूरी राशि जमा करने का निर्देश दिया है। राशि जमा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सरकार इन माननीय से 443 करोड़ रुपए से ज्यादा की भारी भरकम राशि वसूल कर पाएगी, लोगों को इसमें संदेह है।

### सत्तापक्ष के सदस्यों ने सरकार को घेरकर चौंकाया

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में चौंकाने वाली बात यह रही कि सत्तापक्ष के विधायकों ने ही सदन के अंदर अपनी सरकार को घेरा। प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी सत्तापक्ष के अन्य सदस्यों का समर्थन करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और यहां तक कह दिया कि खंडवा जिला सिमी आतंकवादियों को गढ़ बन चुका है। दो मंत्रियों ने तो यहां के लिए एसएएफ की दो बटालियनों की जरूरत बता दी। कटनी जिले की एक घटना को लेकर जिले में भाजपा के तीन और जबलपुर के एक विधायक ने सरकार को घेरा। इसमें मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप कर निर्देश देना पड़ा।

### बहाल की गई 'दिग्विजय' की व्यवस्था

दिग्विजय सिंह के कुछ काम ऐसे भी हैं, जिन्हें भाजपा सरकार लागू कर रही है। नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों का जनता से सीधे चुनाव, ऐसा ही एक मामला है। इस व्यवस्था को अब तक तीन बार बदला जा चुका है। फिलहाल अध्यक्षों का चुनाव चुने हुए पार्षद कर रहे थे। इससे अध्यक्षों के खिलाफ चाहे जब अविश्वास प्रस्ताव की तलवार लटक रही थी। अध्यक्षों को स्थायित्व प्रदान करने के उद्देश्य से अंततः मोहन सरकार ने अध्यक्षों का चुनाव सीधे जनता द्वारा करने की व्यवस्था लागू कर दी। संशोधन में री-कॉल का प्रावधान भी रखा गया है। इसके तहत जनता 3 साल बाद अध्यक्ष को वापस बुला सकती है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर 10 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण एवं मानव अधिकार विषय पर यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शामिल होंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मंत्री निर्मला भूरिया रहेंगी। मुख्य वक्ता जोयत्री रे, स्टेट हेड, यूएन वूमेन, मप्र और अध्यक्षता डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, सदस्य, म.प्र. मानव अधिकार आयोग करेंगे।

## वर्दी में फिल्मी गानों पर रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**भोपाल।** वर्दी में रोमांटिक गानों और फिल्मी डायलाग पर रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। अब वे वर्दी ही नहीं, सिविल कपड़ों में भी रील नहीं बनाएंगे। ऐसा करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। पुलिस विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं। विभाग का मानना है कि ऐसी हरकतों से पुलिस की छवि धूमिल होती है। हालांकि जनता को जागरूक करने और विभागीय काम के लिए रील बनाने वालों को छूट दी गई है। बता दें, यूपी में पहले ही इस तरह के आदेश जारी हैं। एसओपी भी जारी की गई है। मध्य प्रदेश में भी ऐसी एसओपी जारी कर दी है।

# मंत्री बागरी के बंगले का घेराव कर कांग्रेस ने कहा: 'सरकारी संरक्षण वाला ड्रग नेटवर्क'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के भाई अनिल बागरी की गांजा तस्करी में गिरफ्तारी के बाद राजनीति सियासत गर्मा गई है। मंगलवार को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने 74 बंगला स्थिम बागरी के बंगले घेराव कर मुख्यमंत्री निवास पर कूच करने की कोशिश की। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर ड्रग नेटवर्क को संरक्षण देने का आरोप लगाया। भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और मंत्री बागरी को तत्काल पद से हटाने तथा पूरे मामले की एसआईटी जांच की मांग की।



प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

### जीतू पटवारी बोले- भाई के पकड़े जाने पर मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने प्रतिमा बागरी से इस्तीफे की मांग की है।



जीतू ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में पंजाब को हमने पीछे छोड़ दिया। यानी नशा माफिया ने वल्लभ भवन की पांचवीं मंजिल को घेर लिया है। उन्होंने मांग की कि बागरी का इस्तीफा होना चाहिए।

## डॉ. यादव ने लाड़ली बहना सम्मेलन में छतरपुर को दी सौगातें

# मुख्यमंत्री ने राजनगर में 510 करोड़ लागत के 29 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास के लिए 270 करोड़ लागत के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 240 करोड़ लागत के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 2 सांदीपनि विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खजुराहो में बड़ा कन्वेंशन सेंटर और फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। राजनगर में राजगढ़ पैलेस की सौगत मिल रही है। इससे पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बुंदेलखंड के दमोह, छतरपुर, पन्ना और कटनी में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। फोर लाइन सड़क की सौगात दमोह-सागर को मिलने जा रही है।





जनता का अभिवादन करते सीएम। प्रदर्शनी में उत्पाद की जानकारी लेते डॉ. यादव व सांसद शर्मा।

### *सागर में नया इंडस्टियल पार्क विकसित किया जाएगा*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में नया इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किया जाएगा। इससे 30 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने राजनगर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरकार जो कहती है करके दिखाती है। सरकार ने लाड़ली बहनों के खातों में प्रतिमाह 3000 रुपए भेजने का संकल्प लिया था, जिसे धीरे-धीरे पूरा करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि बुंदेलखंड में 'डेस्टिनेशन कैबिनेट' कर मुख्यमंत्री ने अनुपम सौगात दी है। पिछले 2 वर्षों में खजुराहो में विकास से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।*

### चुनाव आयोग की फटकार के बाद रात में टेंट लगाकर किया जा रहा काम

# टारगेट पूरा करने नो मैपिंग में डाल दिए 2 लाख वोटर्स, 48 घंटे में 8 हजार हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा करने की जल्दबाजी में बीएलओ से 2 लाख 14 हजार से अधिक मतदाताओं के गणना पत्रक नो मैपिंग में दर्ज कर दिए। डेटा जब आयोग पहुंचा, तो आयोग ने फटकार लगा दी। जिसके बाद नो मैपिंग के डेटा को कम करने के प्रयास तेज किए गए हैं। अब मतदान केंद्रों पर टेंट लगाकर रात-रात भरकर नो मैपिंग वाले 8 हजार मतदाताओं को अनकलेक्टेबल में दर्ज किया है। जिससे नो मैपिंग के आंकड़े को कम किया जा सके, दरअसल नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस भेजकर दस्तावेज देना पड़ेंगे, जबकि अनकलेक्टेबल वाले मतदाताओं के नाम काटकर उन्हें नया फार्म भरना पड़ेगा।

एसआईआर के गणना पत्रकों को दर्ज करने के लिए आयोग ने 11 दिसंबर की तारीख तय की है। जिसके बाद नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए जाएंगे। इधर राजधानी की सात विस में अनकलेक्टेबल वाले चार लाख से अधिक मतदाताओं के बिना सुनवाई के ही नाम काट दिए जाएंगे। ऐसे में राजधानी में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं की तादाद घटकर करीब 16 लाख हो सकती है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को भी बीएलओ के साथ बैठक रखकर अनकलेक्टेबल और नो मैपिंग वाले मतदाताओं की री चैकिंग करने की हिदायत दी है। अगले चार दिन तक लगातार यह काम चलेगा और पूरा स्टाफ अलग-अलग शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी करेगा। कई विधानसभा क्षेत्रों में रात को ही टेंट लगाकर विशेष कैंप शुरू कर दिए गए हैं। बीएलओ और तकनीकी स्टाफ रात 12 बजे, 2 बजे और 4 बजे तक बैठकर डेटा मैचिंग करेंगे।

**नो मैपिंग वालों को वेरिफिकेशन के लिए बुलाकर मांगी जा रही जानकारी**

*डेटा के आयोग पहुंचने के बाद आयोग की लगी फटकार के बाद आई तेजी*

**नो मैपिंग कम करने के लिए यह भी जुगत, शिफ्टेड में डालकर हटाया जा रहा नाम**



गुफा मंदिर में एसआईआर का कार्य करते बीएलओ।

जिन विधानसभा क्षेत्रों में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की तादाद अधिक है, तो उन क्षेत्रों में नो मैपिंग वाले मतदाताओं को दोबारा से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। ऐसे में अगर किसी मतदाता की मैपिंग नहीं हुई है और उसने अपना पता बदल लिया है, तो उसे शिफ्टेड में डालकर नो मैपिंग से हटाया जा रहा है। ऐसे में इन मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज देने की जगह नया फार्म भरना पड़ेगा।

**पोर्टल अब भी स्लो, सत्यापन में लग रहा अधिक समय**

*रात दिन के काम के बावजूद बीएलओ की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। तकनीकी गड़बड़ियों, पोर्टल के धीमे चलने और पतों की मुश्किलों की वजह से कई बार एक नाम को सत्यापित करने में ही कई मिनट लग जाते हैं। फिर भी लक्ष्य है कि आने वाले चार दिनों में सभी त्रुटियां सुधार दी जाएं, ताकि अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट बिना खामी के जारी हो सके। भोपाल में 7 दिसम्बर की स्थिति में नो-मैपिंग वाले वोटर की संख्या 2 लाख 26 हजार 586 थी। अब घटकर 2 लाख 15 हजार 625 हो गई है।*



### भोपाल जिले में 4 कैटेगरी में कहां कितने वोटर्स

| विधानसभा | मृत | एबसेंट | शिफ्टिंग | पहले से दर्ज | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बैरसिया | 2451 | 2213 | 7887 | 715 | 100 | 13,366 |
| उत्तर | 4287 | 21,865 | 13,213 | 1186 | 106 | 40,657 |
| नरेला | 5763 | 5408 | 50,732 | 2764 | 820 | 65,487 |
| द-प | 3916 | 9155 | 42,175 | 1118 | 408 | 56,772 |
| मध्य | 3979 | 5783 | 47,643 | 2026 | 549 | 59980 |
| गोविंदपुरा | 6132 | 27,080 | 61,021 | 2762 | 996 | 97991 |
| हुजूर | 5412 | 29789 | 32,123 | 2115 | 1019 | 70458 |
| **सभी विस में** | **31940** | **101293** | **254794** | **12686** | **3998** | **404711** |

### राजधानी में पुलिस का भी खौफ नहीं...

# कॉलोनी गार्ड ने 3 पर किया हमला कुल्हाड़ी लेकर फ्लैट में घुसने की कोशिश, दरवाजे-कार के कांच फोड़े



गार्ड ने फ्लैट के दरवाजे में कुल्हाड़ी मारी, जिसके बाद परिवार दहशत में रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार रोड स्थित प्रियंका नगर में सोमवार देर रात नशे में धुत मल्टी के गार्ड ने एक महिला और उसके दो बेटों पर जानलेवा हमला कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि गार्ड कुल्हाड़ी लेकर फ्लैट तक जा पहुंचा। दरवाजे पर वार कर तोड़ और खिड़कियों के शीशे सहित पार्किंग में खड़ी तीन कारों के कांच फोड़ दिए। आधी रात को हुई इस घटना से मल्टी में हड़कंप मच गया और लोग अपने घरों में छिपकर सहमे रहे।

फरियादी कंचन ठारवानी (57) ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब 10:30 बजे गार्ड विकास शराब के नशे में मां-बहन की गालियां दे रहा था। जब मैंने और मेरे बेटों राहुल और मानव ने उसे रोकने की कोशिश की, तो वह भड़क उठा। आरोपी ने पेंचकस से दोनों बेटों के चेहरे और हाथ पर वार कर घायल कर दिया। साथ ही हाथ-मुक्कों और कड़े से भी हमला किया, जिससे खून बहने लगा। हमले के बाद



कारों के कांच भी तोड़े।

महिला अपने बेटों को लेकर फ्लैट में चली गई। इसके बाद आरोपी कुल्हाड़ी लेकर पीछे-पीछे पहुंच गया और धमकी दी कि रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर दूंगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी के हाथ में कुल्हाड़ी देखकर कोई बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर सका। रात भर बिल्डिंग में दहशत का माहौल रहा।

### जल्द होगी आरोपी की गिरफ्तारी

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। कोलार थाना प्रभारी संजय सोनी का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने आरोपी गार्ड पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अब शत-प्रतिशत हुआ इंडिगो का राइट फ्लाइट मूवमेंट, सभी उड़ानें समय पर आईं



**संतनगर।** इंडिगो एयरवेज़ ने पर आए संकट के आठ दिन बाद राजा भोज एयरपोर्ट पर फ़्लाइट ऑपरेशन पूरे दिन ठीक और नॉर्मल रहा, सभी शेड्यूल फ़्लाइट समय पर चल रही थीं। रात 9:00 बजे तक लगभग 4,300 यात्रियों ने एयरपोर्ट से सफ़र किया, जो बिना किसी रुकावट के ऑपरेशन और अच्छी सुविधा को दिखाता है। एक बात ग़ौरतलब है कि कोई कैंसलेशन नहीं हुआ। सभी फ़्लाइट शेड्यूल के हिसाब से चलीं।

### इंडिगो के यात्री की तबियत बिगड़ी, भोपाल में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**संतनगर।** इंडिगो एयरवेज़ की एक उड़ान यात्री को मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भटकते हुए सुबह 8:40 बजे, एटीसी ने एओसीसी को इंडिगो की एक उड़ान की भोपाल हवाई अड्डे पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग के बारे में सूचित किया। उक्त उड़ान चंडीगढ़ से चेन्नई के लिए रवाना हुई थी। आगमन पर पता चला कि एक यात्री, एविन शा रक्तचाप से पीड़ित थे। विमान के अंदर ही एमआई रूम के डॉक्टर ने यात्री की जांच की और आवश्यक जांच व दवा देने के बाद, उन्हें उड़ान के लिए फिट घोषित कर दिया। इसके बाद, सुबह 10 बजे, उड़ान चेन्नई रवाना हुई।

### अस्पताल में 30 करोड़ रुपए की लागत से लगाया जाएगा रोबोटिक आर्म

*जल्द ही दा विंची रोबोटिक आर्म सिस्टम किया जाएगा स्थापित*

# एम्स प्रदेश का पहला अस्पताल, जहां रोबोट करेंगे किडनी और पेट के कैंसर की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल होगा एम्स भोपाल जहां रोबोटिक आर्म से किडनी, पेट, हार्ट, कैंसर सहित अन्य अंगों की जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जा सकेगी। एम्स भोपाल जल्द ही अब अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक से लैस होने जा रहा है। यहां जल्द ही दा विंची रोबोटिक आर्म सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

30 करोड़ रुपए के इस रोबोटिक आर्म से किडनी, पेट, हार्ट सहित अन्य अंगों की जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जा सकेगी। इस प्रणाली के माध्यम से डॉक्टर किसी अन्य शहर या यहां तक कि विदेश में बैठकर भी सर्जरी कर सकेंगे। यह पहल एम्स भोपाल को मध्य भारत का पहला सरकारी अस्पताल बना देगी, जहां दा विंची रोबोटिक आर्म सिस्टम की मदद से जटिल ऑपरेशन किए जाएंगे।

**डॉ. केतन मेहरा बोले- एक रोबोटिक सिस्टम में होंगे चार आर्म**



एम्स भोपाल के यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केतन मेहरा ने बताया कि इस प्रणाली में दो कंसोल और एक रोबोटिक सिस्टम होगा, जिसमें चार आर्म शामिल होंगे। इन आर्म का संचालन डॉक्टर कंसोल से करेंगे। इसके साथ ही एक मोबाइल रोबोटिक आर्म भी होगा, जिससे दूरस्थ सर्जरी करना संभव होगा। इस तकनीक की मदद से प्रोस्टेट कैंसर, किडनी कैंसर और पेशाब की थैली के कैंसर जैसे जटिल ऑपरेशनों को अधिक सटीकता और कम समय में किया जा सकेगा।

### रोबोटिक आर्म का किया प्रदर्शनः डॉ. माधवानंद

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. माधवानंद कर ने बताया कि मंगलवार को एक्सआई एक्सपीरियंस सेंटर द्वारा एम्स भोपाल में इस रोबोटिक आर्म का प्रदर्शन किया गया। एम्स के शिक्षकों, रेजिडेंट्स और छात्रों के लिए जागरूकता और ओरिएंटेशन बढ़ाने के लिए मोबाइल रोबोटिक सिमुलेशन सिस्टम की मेजबानी की। एक्स आई एक्सपीरियंस सेंटर इंट्यूटिव द्वारा विकसित एक मोबाइल रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी यूनिट है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आम जनता को रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी, उसकी विशेषताओं और क्लीनिकल उपयोगों से परिचित कराना है।

### कैमरे से शरीर के बारीक हिस्से देख पाएंगेः डॉ. वट्टी

एम्स के कार्डियक थोरेसिक सर्जन डॉ. विक्रम वट्टी ने बताया कि रोबोटिक आर्म में लगा कैमरा सामान्य आंखों की तुलना में 10 गुना अधिक संवेदनशील है, जिससे शरीर के बेहद बारीक हिस्सों को स्पष्ट रूप से देख पाएंगे। रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी छोटे चीरे से संभव होगी, जिससे मरीज को कम दर्द होगा और रिकवरी जल्दी होगी।

### काम तेजी से हो, लोगों को दिक्कत न होः अकील

# मेट्रो अफसरों से साथ घूमे विधायक और बताई खराब रोड और लोगों के घायल होने की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मेट्रो के कामों के चलते आम लोगों को हो रही परेशानी को लेकर उत्तर विधायक आतिफ अकील लगातार नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

सोमवार को उन्होंने मेट्रो के अफसरों के साथ न सिर्फ बैठक की बल्कि रोड पर घूमकर उन्हें समस्याएं बताईं। उनका कहना है कि मेट्रो का काम तेजी से हो, लेकिन लोगों को परेशानी न हो उसका ध्यान रखा जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। लोग धूल और खराब सड़कों से परेशान हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं। बिना बैरिकेडिंग के काम हो रहा है। उन्होंने अपना पक्ष मेट्रो के अधिकारियों के सामने रखा। मेट्रो के अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि कमियों को जल्द दूर किया जाएगा।

**न गड्ढे भरे जा रहे और न ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जा रही**



मेट्रो के अफसरों के साथ जायजा लेते विधायक आतिफ।

पुराने भोपाल में मेट्रो निर्माण की वजह से सड़कों पर गड्ढे और धूल उड़ने से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील बीते कई दिनों से मौके पर पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कों के गड्ढों से हादसे हो रहे। लोग जख्मी हो रहे हैं, लेकिन न गड्ढे भरे जा रहे और न ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जा रही है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की गलती की वजह से ऐसा हो रहा है। नए शहर की कुछ जगहों पर बेरिकेडिंग की गई है ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में कोई दिक्कत न आए। वहां धूल नहीं है। रोजाना सफाई हो रही है, लेकिन पुराने भोपाल में ऐसा नहीं हो रहा है। निरीक्षण करवाने के बाद उन्होंने लक्ष्मी टॉकीज स्थित विधायक कार्यालय में मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। जिसमें पार्षद, आम लोग भी शामिल हुए।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## जैकेट का शेष...

### बुंदेलखंड में...

मंजूरी दी गई है। साथ ही, इकाइयों को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट दी गई है। सागर से दमोह 76 किमी फोरलेन मार्ग निर्माण के लिए 2059 करोड़ की प्रशासकीय मंजूरी दी गई। मप्र सरकार ने बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उसी क्षेत्र खजुराहो में कैबिनेट की बैठक रखी गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दो दिनों तक विभागीय समीक्षा भी की।

### बुंदेलखंड को ...

का कैबिनेट के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर स्वागत किया।

### कितनों को मारोगे...

ही यह साफ कर दिया है कि उनके तेवर कम नहीं होने वाले हैं। अजाक्स के एक कार्यक्रम में आईएएस अफसर संतोष वर्मा ने सांसद चंद्रशेखर आजाद का जिक्र करते हुए कहा कि कि कितने संतोष वर्मा को तुम मारोगे। कितने संतोष वर्मा को तुम जलाओगे, कितने संतोष वर्मा को तुम निगल जाओगे। अब हर घर से एक-एक संतोष वर्मा निकलेगा।

### दंपती का अश्लील...

मीडिया पर वायरल कर दिया गया। घटना ने न केवल स्थानीय प्रशासन, बल्कि धाम आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भी चौंका दिया है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### पिता नहीं, मां की...

बागची की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने से इनकार कर दिया, जिसमें पुडुचेरी की इस बच्ची को एससी जाति प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर बच्ची को जाति प्रमाणपत्र नहीं मिला, तो उसका भविष्य प्रभावित हो सकता है।

### पटना–दिल्ली के...

बॉडी, सस्पेंशन और ब्रेकिंग सिस्टम इतना एडवांस है कि तेजी से दौड़ते हुए भी संतुलन बरकरार रहता है। जरूरत पड़ने पर ट्रेन बेहद कम दूरी में रुक जाती है और पुनः रफ्तार पकड़ लेती है। यह नया स्लीपर वेरिएंट 16 कोच के साथ आएगा। इसमें एसी 3 के 11 कोच (611 सीट), एसी 2 के 4 कोच (188 सीट), और एसी 1 का 1 कोच (24 सीट), यानी कुल 827 यात्रियों की क्षमता। इसकी डिजाइन ऐसी है कि हर वर्ग को प्रीमियम ट्रेवल का अहसास होगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, किराया राजधानी एक्सप्रेस के आसपास रहने की उम्मीद है। मांग बढ़ने पर रेलवे बोगियों की संख्या बढ़ा सकता है। पहला रैक बेंगलुरु के बीईएमएल कारखाने में तैयार हो चुका है। 12 दिसंबर को इसे भेजा जा रहा है। इसके बाद दिल्ली–पटना रूट पर ट्रायल रन शुरू होगा और नए साल से पहले इसे चलाने की तैयारी है।

## पेज एक का शेष...

### शीतलहर ने तोड़ा...

इतना कम नहीं रहा है। दिसंबर वर्ष 2015 से 2024 के बीच पूरे महीने में सबसे कम रात का पारा 5 दिसंबर 2024 को 3.3 डिग्री रहा है, जबकि इसके बाद इसमें बढ़त रही है। इस साल न्यूनतम पारा 6 दिसंबर से मंगलवार तक 6 से 7 डिग्री के बीच और रहने से कोल्ड वेव का असर बना हुआ है।

### डब्ल्यूडी ट्रफ के ....

शाजापुर, जबलपुर, सिवनी जिलों में बुधवार को भी कोल्ड वेव रहेगी।

### निशिकांत बोले- कांग्रेस....

सेन जब रिटायर हुए तो उन्हें सूडान का राज्यपाल बनाया गया। कांग्रेस आज किस ईमानदारी और चुनाव आयोग की बात कर रही है।

### क्यों बांग्लादेशी ....

आरजेडी को जिन सीटों पर जीत मिली है। वहां पर एसआईआर में कई वोट डिलीट हुए थे। हम इन सीटों पर हारने वाले हैं। हम देश की राजनीति करते हैं। मेरे मां-पिता का नाम एसआईआर में कटा क्योंकि वो दिल्ली में रहते हैं। वे बिहार में वोट देने के अधिकारी नहीं थे। बिहार में एसआईआर का फायदा कांग्रेस को हुआ है।

### वाइस चांसलरों की....

जो वहां से निकली हैं। सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

### 10-15 साल ....

है। यह फैसला राकेश चौरसिया की तीसरी रिट याचिका पर सुनाया गया, जिसमें हाईकोर्ट ने कर्मचारी को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव की नीति और समिति के अनुसार नियमितिकरण पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अवैध रूप से ....

कमिश्नर, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशोर कोडवानी को भी पार्टी बनाया है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने विक्रम नागदेव से संबंधित दस्तावेज इकट्ठा किए हैं। एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि विक्रम ने भारत में अपने नाम पर जो भी संपत्ति खरीदी है, उसकी जांच की जाएगी। इतना ही नहीं, उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी।

### टैक्स चोरी करने....

नोटिस में 75.67 करोड़ रुपए की एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है।

### पुलिस ने उल्टी ....

वक्त ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाई। उन्होंने गिरते हुए किसान को सहारा दिया, पानी पिलाया और तुरंत उल्टी कराने का प्रयास किया। ग्राम सागोरिया निवासी अर्जुन सिंह ढीमर पिछले चार वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर दबंगों के कब्जे को लेकर परेशान चल रहे थे।

### अनंत अंबानी को ....

बिल क्लिंटन सहित हॉलीवुड हस्तियों और कई वैश्विक नेताओं को दिया जा चुका है। इस सम्मान के साथ एक बार फिर 'वनतारा' का काम दुनिया के सामने चर्चा में आ गया है। वनतारा आज दुनिया के सबसे अलग और बड़े वन्यजीव संरक्षण प्रोजेक्ट्स में शामिल है।

### सरकार ने इंडिगो ...

हैं। इसमें से लगभग 2,150 डोमेस्टिक फ़्लाइट हैं। डोमेस्टिक फ़्लाइट में 10 परसेंट की कटौती का मतलब होगा कि एयरलाइन की रोज़ाना शेड्यूल की गई डोमेस्टिक फ़्लाइट 1,950 से कम हो जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक खाली स्लॉट दूसरी एयरलाइन को दिए जा सकते हैं, अगर उनके पास एक्स्ट्रा कैपेसिटी है जिसका इस्तेमाल किया जा सकता है। यानी लगभग 200 से ज्यादा फ्लाइट्स घट जाएंगी।

### उड्डयन मंत्री ने ...

डेस्टिनेशन्स को कवर करती रहेगी। नायडू ने कहा कि एल्बर्स को एयरलाइन के स्टेबलाइज़ेशन उपायों पर अपडेट देने के लिए मिनिस्ट्री में बुलाया गया था।

---

**संचालनालय**
**खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **'अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय मापदंड द्वारा अनुमोदित साइकिल व साइकिल एसेसरीज क्रय हेतु'** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123446/2025 — **संचालक**

---

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (अपेक्स बैंक) मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा अवधपुरी, भोपाल म.प्र. की ओर से (श्रीमती आशा देवी) ने आवास ऋण प्राप्त करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं। जिसमें सम्पत्ति मालिक श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री रामचरण, आयु-वयस्क, पता-म.नं.-53, पद्मनाभ नगर, बरखेड़ा, भेल, भोपाल, म.प्र. 462022 के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की एक किता (अविकसित/अव्यपवर्तित) प्लाट/भूमि खसरा क्रमांक-505/3, एवं नवीन खसरा अनुसार 505/3(S) कुल रकबा 0.100 हेक्टेयर में से 1360 वर्गफिट अर्थात् 126.39 वर्गमीटर भूमि, स्थित ग्राम नीलबड (मुख्य मार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नं.-33, रा.नि.म.-03, वार्ड नं.-26, विकास खण्ड फन्दा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल, म.प्र. में नगर निगम सीमा के अंदर स्थित है, जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार हैं- दिशा पूर्व में- रास्ता, दिशा पश्चिम में- भूखण्ड क्रं.-02, दिशा उत्तर में- रास्ता, दिशा दक्षिण में- अन्य की भूमि, है। यदि उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त प्लाट / भूमि में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा मेरा पक्षकार द्वारा उक्त प्लाट/भूमि पर आवास ऋण प्रदान कर दिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय **लक्ष्मीनारायण चौहान**
कार्यालय पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र.
मो. नं.-9826245514, 9425620561

---

**म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, अम्बेडकर नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- 27 मण्डल द्वारा श्री श्याम सुन्दर श्रीवास्तव आत्मज श्री बाबू लाल श्रीवास्तव के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय-विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/11/2000 को पंजीकृत है। श्री श्याम सुन्दर श्रीवास्तव आत्मज श्री बाबू लाल श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री बालकृष्ण राठौर आत्मज श्री बाबूलाल राठौर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 31/01/2025 को निष्पादित करा दिया है।

क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री बालकृष्ण राठौर आत्मज श्री बाबूलाल राठौर के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
सम्पदा अधिकारी म.प्र.गृह नि. एवं अधो.वि.म.प्रक्षेत्र-1, भोपाल

---

**आम सूचना/नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभिषेक चौधरी पुत्र श्री ओमप्रकाश आयु 20 वर्ष निवासी-ग्राम बखतगढ, पोस्ट बखतगढ, तहसील बदनावर, जिला धार म.प्र. 454660 का निवासी हूँ। मेरा वास्तविक नाम युवराज जाट (Yuvraj Jaat) है, आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम अभिषेक चौधरी (Abhishek Choudhary) अंकित हो गया है, अब मैं प्रकाशन उपरांत अपने नये एवं वास्तविक नाम युवराज जाट (Yuvraj Jaat) से जाना पहचाना जाउंगा एवं सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरा यहीं नाम रहेगा।

पुराना नाम- अभिषेक चौधरी (Abhishek Choudhary)
नया नाम- युवराज जाट (Yuvraj Jaat)

---

**: : जाहिर सूचना : :**

**(भूखण्ड क्रमांक 37, शिव विहार फेस-02, ग्राम बरखेड़ा पठानी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री भरत सिंह पुत्र श्री राम सिंह के द्वारा विक्रेता श्रीमती घिसिया बाई पत्नी स्व. श्री फूल सिंह द्वारा मुख्त्यारआम श्री सन्तोष पाल पुत्र श्री फूल सिंह पाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय भूखण्ड क्रमांक 37, जो कि (पुराना खसरा क्र. 434/1/1) नया खसरा क्र. 434/1/1/2 (s) एवं (पुराना खसरा क्रं. 434/1/2/2) नया खसरा क्र. 434/1/2/2/2(S) एवं (पुराना खसरा क्र. 434/1/3/2) नया खसरा क्रं. 434/1/3/2/2 (s) खसरा क्र. 434/1/2/1/2 (S) एवं खसरा क्रं. 434/1/3/1/2 (s) का अंश भाग होकर शिव विहार कॉलोनी फेस-2, ग्राम बरखेड़ा पठानी, पटवारी हल्का न. 19 तहसील हुजूर जिला भोपाल के वर्तमान नगर निगम वार्ड नं. 56 में स्थित है। जिसको मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतू बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र निष्पादित करा लिया है यदि उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशासकीय या अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक अथवा गृह निर्माण सोसायटी, अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार का भार-प्रभार या अन्य कोई लेन-देन, अनुबंध पत्र हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में मेरे समक्ष मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगें।

भवदीय **पुष्पराज रघुवंशी** एडवोकेट
शिव साईं लॉ चेम्बर दुकान नं.-01, प्लाट नं.-130, समन्वय नगर, गुप्ता भोजनालय के पीछे, अवधपुरी भोपाल
मो.नं. 9806350423

---

**कार्यालय सेनानी, 7 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**
ई-मेल:- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वीं बटा/विसबल/साअ/ 2218/2025 — दिनांक 4/12/2025

:: **खुली निविदा विज्ञप्ति सूचना** ::

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7वीं वाहिनी आधिपत्य शौर्य आवासीय परिसर में ब्लॉक न. 1 से 4 तक आवासों में ड्रेनेज पाईप लाईन एवं पेंच वर्क का कार्य को कराये जाने हेतु खुली निविदा www.mptenders.gov.in आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य विवरण | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि रू. (ईएमडी) | निविदा शुल्क रू. | कार्यवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 7वीं वाहिनी आधिपत्य शौर्य आवासीय परिसर में ब्लॉक न 01 में ड्रेनेज पाईप लाईन एवं पेंच वर्क का कार्य। | 101432.00 | 12100/- | 1000/- | 30 दिवस |
| 02 | 7वीं वाहिनी आधिपत्य शौर्य आवासीय परिसर में ब्लॉक न 02 में ड्रेनेज पाईप लाईन एवं पेंच वर्क का कार्य। | 101432.00 | | | |
| 03 | 7वीं वाहिनी आधिपत्य शौर्य आवासीय परिसर में ब्लॉक न 03 में ड्रेनेज पाईप लाईन एवं पेंच वर्क का कार्य। | 101432.00 | | | |
| 04 | 7वीं वाहिनी आधिपत्य शौर्य आवासीय परिसर में ब्लॉक न 04 में ड्रेनेज पाईप लाईन एवं पेंच वर्क का कार्य। | 101432.00 | | | |
| | योग :- | 405728.00 | | | |

खुली निविदा की शर्तें:-
01. उपरोक्त मरम्मत/निमार्ण कार्यो को म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि.भोपाल द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन अनुसार करना होगा
02. खुली निविदा जारी करने की प्रारंभ तिथि 08.12.2025
03. खुली निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28.12.2025
04. तकनीकी निविदा खुली निविदा खोलने की दिनांक 29.12.2025
05. प्रथम तकनीकी निविदा विड खोली जायेगी दस्तावेज परीक्षण एवं सही पाये जाने पर वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

जी - 22534/25 — स्वच्छता ही सेवा — **सेनानी** **7वीं वाहिनी विसबल भोपाल**

---

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** Union Bank of India — A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल सेन्ट्रल
प्रथल तल, 1513/1/1, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
rh.bhopal@unionbankofindia.com
संपत्ति विवरण हेतु QR कोड स्केन करें।

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 दिसम्बर 2025** को बेचा जाएगा।

| शाखा का नाम / ऋणी का नाम | ऋणी की संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आर.आर.लैब शाखा, भोपाल (म.प्र.) | | | |
| आवेदक: 1. **श्री विकास रावत पुत्र श्री नन्हे प्रसाद** पता (1) नंबर ए-03, रोज स्प्रिंग वेली, कटारा हिल्स, भोपाल पता (2) मकान नं. 205, सूर्या प्लाजा, इस्लाम नगर, ईटखेड़ी, लांबाखेड़ा, करोंद, भोपाल 462038 3. सह आवेदक: **श्रीमती स्नेहा आर्य रावत (साजिया खान) पत्नि श्री विकास रावत,** पता : मकान नं. 205, सूर्या प्लाजा, इस्लाम नगर, ईटखेड़ी, लांबाखेड़ा, करोंद, भोपाल 462038 4. सह बाध्यकारी : **श्री सुरेश परमार पुत्र मांगीलाल परमार,** मकान नं. 12 बागसेवनिया, पुरानी बस्ती, हुजूर, बाग मुगलिया भोपाल 462043 | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान स्थित क्षेत्रफल-365 वर्गफिट, फ्लैट नंबर एफ-03, पहली मंजिल, अरिहंत टॉवर, प्लॉट नंबर 133 एवं 134 पर अमलताश हाउसिंग को-आपरेटिव सोसायटी, ग्राम कटारा हिल्स वार्ड क्रमांक 85, भोपाल, संपत्ति मालिक: श्री विकास रावत और श्रीमती स्नेहा आर्य रावत (साजिया खान) [चर्तुसीमाएँ: उत्तर: अन्य प्लॉट, दक्षिण : फ्लैट नं. एफ-04, पूर्व : अन्य प्लॉट, पश्चिम: फ्लैट नं. एफ-02] (सेल डीड के अनुसार) | ₹ 8,04,168/- आरक्षित मूल्य का 10% | ₹ 12,70,330.72 (मांग सूचना दि. 20.08.2024 के अनुसार) + ब्याज एवं खर्चे |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30-12-2025, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें। www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 09.12.2025
स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

---

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE · Sleek · Godrej · Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal




Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की Books, Q Bank Notes
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

## शब्द पहेली - 6073



**बाएँ से दाए**
1. जाति,समाज,बुंधता-4
3. स्वयंवर माला,जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर,टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह,लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा,कम-2
13. मोटा आटा,दानेदार-4
15. गौरव,अभिमान-3
17. विष्णु,नारायण-4
20. वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21. होशियार,दक्ष-3
23. उचित,सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा,करतब-4
29. भर्त्सना,धिक्कार-3
31. गुलाम,परतंत्र-4
32. बेल,लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद,टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक,देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत,विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव,मृत शरीर-2
6. बंधु,सजातीय,भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा,आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन,लय,सुर-2
14. इच्छा,कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी,अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम,मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा,रात्रि-2
28. कहासुनी,कलह-4
30. तल्ला,पैंदा-2
31. गुलामी,पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना,चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 6072 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | वा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | व | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | | ध | र्मो | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 6083

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## खबर संक्षेप

### सैमसंग ने इंस्टामार्ट के साथ साझेदारी की

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने भारत के प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, इंस्टामार्ट के साथ साझेदारी की है। इसके तहत प्रमुख शहरों में गैलेक्सी रेंज के प्रोडक्ट्स फौरन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस सहयोग के माध्यम से, सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन, टैबलेट, वियरेबल्स और एक्सेसरीज़ के व्यापक पोर्टफोलियो और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करेगा। बिजनेस के निदेशक, राहुल पाहवा ने कहा कि कंपनी इंस्टामार्ट के साथ साझेदारी ओमनीचैनल रणनीति को मजबूत करने और गैलेक्सी अनुभव को मिनटों में यूजर्स तक उपलब्ध कराने एक और कदम है।

### इंडिया ऑटिज्म का रस्किन मिल ट्रस्ट से करार

**नई दिल्ली।** इंडिया ऑटिज्म सेंटर ने इंग्लैंड के नेल्सवर्थ से रस्किन मिल ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। नई साझेदारी के तहत इंडिया ऑटिज्म सेंटर और रस्किन मिल ट्रस्ट दुनिया भर में सर्वोत्तम शैक्षिक और विकासात्मक सहायता पद्धतियों पर व्यापक ज्ञान साझा करेंगे। इसमें शोध रिपोर्ट, केस स्टडी, और परिचालन ढांचे को साझा करना शामिल होगा, जो दोनों संगठनों को उनकी सेवाओं को बेहतर बनाने और उनका स्तर बढ़ाने में मदद करेगा।

### पैजसन एग्रो का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** पैजसन एग्रो इंडिया लिमिटेड अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) गुरुवार 11 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 74.45 करोड़ जुटाने का है।इश्यू आकार 63,09,600 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है, और प्राइस बैंड 112–118 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। एंकर पोर्शन 10 दिसंबर 2025 को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 11 दिसंबर 2025 को खुलेगा और 15

### एएससीआई ने लांच किया एडवाइज स्कूल प्रोग्राम

**मुंबई।** एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने एडवाइज़ नामक एक देशव्यापी उपभोक्ता शिक्षा प्रोग्राम शुरू किया है। यह स्कूलों में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को विज्ञापनों को समझने की शिक्षा देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य भारत के कई शहरों में 15-18 महीनों में बच्चों में विज्ञापनों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। एएससीआई एकेडमी के नेतृत्व में, यह कार्यक्रम 2026 के अंत तक पूरे देश के 2,000 स्कूलों में कक्षा सत्रों के जरिए 10 लाख छात्रों तक पहुंचेगा। इसने पहले ही सात राज्यों और 240 स्कूलों में 1,14,000 से अधिक छात्रों तक पहुंच बनाई गई है।

## सीआईआई का 15वां एचआर राष्ट्रीय सम्मेलन

# भारत का कार्यबल तय करेगा 30 ट्रिलियन डॉलर का भविष्य

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**आईएचसीएल के सीईओ चटवाल ने कहा-भारत का कार्यबल इसकी सबसे बड़ी संपत्ति**



सम्मेलन

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एचआर सम्मेलन के 15वें संस्करण में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ पुनीत चटवाल ने भारत की विकास गाथा की पुनर्कल्पना, राष्ट्र निर्माता के रूप में मानव संसाधन शीर्षक से एक प्रभावशाली मुख्य भाषण दिया। उन्होंने देश के विकास के अगले चरण की नींव के रूप में भारत की मानव पूंजी को बदलने के लिए साहसिक और तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया।

चटवाल ने कहाकि मानव संसाधन एक सहायक कार्य से आगे बढ़कर भारत के भविष्य का निर्माता बन गया है, जो संस्कृति, क्षमताओं और प्रतिस्पर्धी लाभ को आकार दे रहा है। उन्होंने आगाह किया कि भारत का 10 ट्रिलियन डॉलर से 30 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य पूरी तरह से अपने लोगों की पूरी क्षमता को उजागर करने पर निर्भर करता है। चटवाल ने कहाकि मानव संसाधन अब केवल एक कार्य नहीं रह गया है, यह राष्ट्र निर्माता है। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन को इस नए आख्यान की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए और उसका नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने इंफोसिस और टीसीएस जैसी भारतीय आईटी कंपनियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने टियर 2 और टियर 3 शहरों में कौशल निर्माण में निवेश करके एक वैश्विक प्रतिभा पूल का निर्माण किया। चटवाल ने अमेजन की 1.2 अरब डॉलर की अपस्किलिंग पहल जैसे कार्यक्रमों की प्रशंसा की और सीआईआई के साथ साझेदारी में 2030 तक 1,00,000 लोगों को प्रशिक्षित करने की आईएचसीएल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रतिभा हानि के वास्तविक खतरे को रोकने के लिए, भारत के जनसांख्यिकीय लाभ के साथ-साथ कौशल विकास में निरंतर निवेश भी आवश्यक है, खासकर ऐसे समय में जब विकसित देश सक्रिय रूप से कुशल भारतीय पेशेवरों की तलाश कर रहे हैं।

सीआईआई की नेतृत्व एवं मानव संसाधन समिति के अध्यक्ष और अडाणी सीमेंट के सीओओ एवं संयुक्त अध्यक्ष, संजय बहल ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है जब व्यावसायिक मॉडल और नेतृत्व संबंधी अपेक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। इस वर्ष का विषय, द नेक्स्ट होराइजन, मानव संसाधन को एक सक्षमकारी भूमिका से संगठनात्मक प्रतिस्पर्धा के लिए एक रणनीतिक इंजन की ओर ले जाने की दिशा में एक कदम है।

### बहल ने कहा- दो दिवसीय मंच तीन क्षेत्रों पर करेगा चर्चा

भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण से नेतृत्व करना, नए संगठनात्मक और कार्यबल मॉडल के साथ काम करना और कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाना। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की परीक्षा हो रही है, कौशल तेजी से अप्रचलित हो रहे हैं और कर्मचारी ऐसे कार्यस्थलों की अपेक्षा कर रहे हैं जो अर्थ और विकास प्रदान करें। उन्होंने 2026 के लिए उभरती प्राथमिकताओं की पहचान के लिए राष्ट्रीय सीआईआई मानव संसाधन पेशेवर सर्वेक्षण के शुभारंभ की भी घोषणा की।

## रंगीन रोशनी में डूबा भोपाल उत्सव मेला, दूर-दूर से आकर आनंद ले रहे लोग

# मेले में हर 500 रुपए की खरीदारी पर लकी कूपन से जमा खरीदारी का रंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान भोपाल में 32 वर्षों से निरंतर आयोजित भोपाल उत्सव मेला में भारी भीड़ उमड़ रही है। रंग-बिरंगी लाइटों से सजा यह मेला लोगों को आकर्षित कर रहा है। यह मेला अपने सांस्कृतिक महत्व और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें दूर-दूर से लोग आकर आनंद ले रहे हैं।

मेला समिति द्वारा हर सप्ताह निकाले जा रहे लकी ड्रा कूपन योजना के चलते लोग यहां पहुंचकर खूब खरीदारी कर रहें। मेला प्रांगण में दुकान लगाने वाले दुकानदारों द्वारा हर 500 रुपए खरीदी पर एक लकी कूपन दिया जा रहा है। जिससे खरीदारी का रंग खूब जमा हुआ है। आलम यह है कि भोपाल उत्सव मेला में दिन-ब-दिन चहल-पहल बढ़ती जा रही है। मेले में कारोबारियों को इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद है। शाम के बाद रंग-बिरंगी लाइट से मेले की सुंदरता और भी बढ़ जा रही है। मेले में लोग सस्ते दामों पर घरेलू सामान खरीदने के साथ झूलों और व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं।


मेला स्थल

### भोपाल ही नहीं ग्रामीण अंचलों के लोग भी पहुंच रहे मेला

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि मेला में भोपाल ही जिले के आसपास के ग्रामीण अचंलों यानीं दूर-दराज से भी लोग पहुंच रहे हैं और घरेलू सामान जो किफायती दामों पर विक्रय हो रहे है की खरीदारी कर रहे हैं। मेले में बच्चों के लिए खास तरह के झूले और मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। बच्चे इन झूलों में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे मेले का माहौल और भी खुशहाल हो गया है। मेले में सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

### सार्थक और संदीप ने जीता सोना


लकी ड्रॉ


भोपाल उत्सव मेला में खरीदी करों औरर जीतो सोना-चांदी स्कीम लोग के चेहरों पर खुशियां बढ़ा रही है । उपहार कूपन योजना के अंतगर्त चिरायु मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ.अजय गोयनका और फिल्म अभिनेत्री संभावना सेठ नेतीसरे सप्ताह का लकी ड्रा खोला। जिसमें सोने का प्रथम सिक्क कुरावर के सार्थक मित्तल और दूसरा सोने का सिक्का भोपाल के रामेश्वर कॉलोनी के संदीप वामने ने जीता। उनके नाम की पर्ची डॉ.अजय गोयनका ने निकाली।

## दो दिवसीय जनमंगल सम्मेलन भारत मंडपम दिल्ली में 12 से

# रामदेव और संत प्रसन्न सागर के मार्गदर्शन में होगा हर मास-एक उपवास महाभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत स्वामी रामदेव महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के मार्गदर्शन में दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन होने जा रहा है। इस महाभियान से देश-दुनिया के लाखों लोग जुड़ेगें। जनमंगल की सम्यग्दृष्टि : उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केंद्रित होगा। 12 दिसंबर से शुरू होकर 13 दिसंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन शुभारंभ पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेंद्र चांदोलिया, रजत शर्मा, लीवर विशेषज्ञ डॉ. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशकडॉ. अनुराग वार्ष्णेय की उपस्थिति में होगा। सम्मेलन में बागेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे, वहीं आचार्य बालकृष्ण , गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद और महंत बालकनाथ योगी का सानिध्य रहेगा।



जनमंगल

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)**

**क्रमांक BPLLP05092508544/ दिनांक / 09/DEC/2025**

क्र./1875 दिनांक 09/DEC/2025

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियॉ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स Paras nayak द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-
(क) परियोजना का नाम:-falcun tower
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम katara तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक /खसरा क्रमांक 2 (S) कुल रकबा 0.17 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, SELF RESIDENCE विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन:- RESIDENTIAL, SELF RESIDENCE
(घ) स्वीकृति क्रमांक BPLLP1040 दिनांक 2015-02-11
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा
https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=n32GgUuA901875
पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

प्र.क्र./561805 नग्रानि/ Bhopal दिनांक 09/Dec/2025

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल (म.प्र.)**

## महिंद्रा ने अपनी प्रीमियम एक्सयूवी 7 एक्सओ के पेशकश घोषणा की


एक्सयूवी700

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में अपनी एक्सयूवी 7एक्सओ के पेशकश की घोषणा की। एक्सयूवी700 की विरासत पर बनी, जिसने सिर्फ चार वर्षों में 300,000 से अधिक गर्वित मालिकों के साथ भारत में एसयूवी सेगमेंट में क्रांति ला दी थी, एक्सयूवी 7एक्सओ उन सभी चीजों को ऊपर उठाती है जिसने एक्सयूवी700 को गेमचेंजर बनाया था। प्रेरित करने के लिए तैयार की गई और रोमांच पैदा करने के लिए इंजीनियर की गई, एसयूवी स्पेस में महिंद्रा के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए डिजाइन की गई, एक्सयूवी 7एक्सओ कल की एसयूवी के लिए एक बार फिर से राह दिखाने के लिए तैयार है।

## एनएमडीसी स्टील ने परिचालन उपलब्धि का नया इतिहास रचा


सिंटर प्लांट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने नवंबर 2025 में अपनी मूल्य-श्रृंखला में कई अभूतपूर्व परिचालन उपलब्धियां दर्ज करते हुए नया इतिहास रचा। प्रक्रिया-स्थिरता, परिचालन उत्कृष्टता और क्षमता उपयोग में निरंतर बढ़ोतरी ने कंपनी को कई क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन हासिल करने में मदद की। नवंबर महीने में रॉ मटेरियल हैंडलिंग सिस्टम ने 21 नवंबर को एक दिन में 616 वैगन की टिपलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया। संयंत्र ने 5,18,886 टन का सर्वाधिक मासिक बेस मिक्स उत्पादन भी दर्ज किया। सिंटर प्लांट ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जहां 30 नवंबर को 15,590 टन का एक-दिवसीय रिकॉर्ड और 4,14,271 टन का मासिक उत्पादन हासिल किया गया।

**मध्य प्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल-462004**

क्रमांक-2/2/24/0001/2024-GAD-12(1)-01 (GAD)/2763 भोपाल, दिनांक 05/12/2025

**//ई-निविदा सूचना //**

मध्यप्रदेश राज्य मंत्रालय परिसर में प्रतिमाह 01 तारीख अथवा उक्त दिवस शासकीय अवकाश की स्थिति में प्रथम कार्य दिवस को आयोजित होने वाले वंदेमारतम गायन एवं मंत्रालय परिसर में होने वाले अन्य शासकीय कार्यक्रमों के लिए टेन्ट, माईक, कालीन एवं टेन्ट संबंधी अन्य सामग्री लगाने हेतु अनॉलाईन ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रुपए 1000/- (एक हजार रुपए मात्र) |
| 2 | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय | दिनांक 10-12-2025 अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 31-12-2025 अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 4 | निर्धारित अवधि में ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि व समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 02-01-2026 अपरान्ह 12:00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 02-01-2026 अपरान्ह 12:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-1 स्थित समिति कक्ष क्र.-116 |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-1 स्थित समिति कक्ष क्र.-116 |

**(मनोज श्रीवास्तव)**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

जी - 22503/25 स्वच्छता ही सेवा

## बिजनेस न्यूज

### गीता भवन सीहोर में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन




**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से गीता भवन, बस स्टैंड के पास, सीहोर में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन चल रहा है। यह प्रदर्शनी 7 दिसंबर से शुरू है जो 16 दिसंबर 2025 तक चलेगा। प्रदर्शनी में संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं ब्रिकी। इसमें विश्वप्रसिद्ध बनारस की मशहूर कतान सिल्क, मसलिन सिल्क, टीसू सिल्क, अल्फी और टिल्फी सिल्क, काटन, साड़ी, सूट-दुप्पट्टे, भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियां व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट,पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ जो आप देख एवं खरीदारी कर सकते है।

### एमएसईडीसीएल ने 45,911 सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित कर दर्ज किया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की एक ऐतिहासिक सफलता में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) ने मात्र एक महीने के भीतर 45,911 सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। यह असाधारण उपलब्धि एमएसईडीसीएल के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत क्रियान्वयन क्षमताओं और देश के कृषक समुदायों को सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सीआरआई पंप्स के सोलर डिवीजन को इस परिवर्तनकारी सौर पहल का प्रमुख योगदानकर्ता होने पर गर्व है। महाराष्ट्र के 1,686 गांवों में सोलर पंप स्थापित करके, सीआरआई सोलर ने हजारों किसानों को टिकाऊ जल समाधान प्रदान किए हैं। कंपनी अब तक 2,10,000 से अधिक आईओटी-सक्षम सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित कर चुकी है और पूरे देश में 30.4 लाख बीईई स्टार-रेटेड ऊर्जा-कुशल पंपों की तैनाती की है।

### पीएम मोदी ने माई लेंस के शीर्ष 12 विजेताओं को सम्मानित किया



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की गई देशव्यापी फोटोग्राफी प्रतियोगिता एचटी @100 माई कंट्री, माई लेंस के शीर्ष 12 विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एचटी की चेयरपर्सन और एडिटोरियल डायरेक्टर शोभना की उपस्थिति में विजेता फोटोग्राफरों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि मेरा मानना है कि यह देश में फोटोग्राफी के लिए एक बड़ी ताकत बन सकता है। प्रसिद्ध फोटोग्राफरों में रोहित चावला, धृतिमान मुखर्जी और अजय अग्रवाल की जूरी ने हर फोटोग्राफ का मूल्यांकन किया और शीर्ष 100 फ़ोटोग्राफा का चयन किया।

### एफडीसीआई के सहयोग से हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया

**मुंबई।** फैशन डिजाइन कौंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ सहयोग में प्रमुख डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया और रेसिंग कल्चर को स्टेटमेंट-मेकिंग फैशन में बदल दिया। बॉलीवुड स्टार हरनाज संधू ने फिनाले शोस्टॉपर के रूप में रनवे पर जलवा बिखेरा, जहां उन्होंने ग्लैमर और स्पीड के फ्यूजन को दर्शाया, जबकि रैप सेंसेशन रफ्तार ने अपनी ऊर्जा से पूरी रात को इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस के साथ बंद किया।

### तनिष्क ने किया महिला खिलाड़ी को सम्मानित

**मुंबई ।** तनिष्क भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा है। तनिष्क ने पूरे भारत में महिलाओं की कहानियों और उन्होंने हासिल किए हुए पड़ावों को दर्शाया है। अपनी स्थापना से लेकर आज तक, यह ब्रांड हर महिला की यात्रा को सशक्त बनाने और समर्थन देने के लिए खड़ा रहा है। इसी भावना में, भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तनिष्क ब्रांड द्वारा किए जा रहे सम्मान ने एक विशेष रूप लिया है। तनिष्क ने देश भर के परिवारों द्वारा एक्सचेंज किए गए सोने से बनी अंगूठियों के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया है। यह अंगूठियां प्रत्येक भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी को उनकी उल्लेखनीय जीत के उपलक्ष्य में उपहार में दी गईं।

NHIDCL अवसंरचना निर्माण-राष्ट्र निर्माण

**राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड**

भारतमाला प्रगति के पथ पर अग्रसर

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार**
प्रथम एवं द्वितीय तल, टॉवर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
बेवसाईट: www.nhidcl.com, ईमेल: recruitment.nhidcl@nhidcl.com

**भर्ती सूचना संख्या. 03/2025**

एनएचआईडीसीएल **केंद्र / राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों; मंत्रालयों / विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त / सांविधिक निकायों** के पात्र अधिकारियों से **प्रतिनियुक्ति आधार पर** नीचे दिए गए पदों के लिए प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए (जिसे 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद/संवर्ग का नाम | आईडीए वेतनमान और स्तर (₹) | पदों की संख्या | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (मानव संसाधन और प्रशासन) | ई 6 (₹90,000-3% - 2,40,000) | 02 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 2 | उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन और प्रशासन) | ई 5 (₹80,000-3% -2,20,000) | 03 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 3 | महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) | E 6 (₹90,000-3% -2,40,000) | 02 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 4 | उप-महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) | ई 5 (₹80,000-3% -2,20,000) | 05 | 03 पद मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी, असम में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल में |
| 5 | उप-महाप्रबंधक (भूमि अर्जन) | ई 5 (₹80,000-3% -2,20,000) | 02 | 01 पद मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी, असम में |

**व9तन और भते**: डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार।
**अधिकतम आयु सीमा**: 56 वर्ष (आवेदन की आखिरी तारीख तक)।
**तारीखें**: आवेदन आरंभ होने की तारीख : 29.11.2025.
आवेदन करने की अंतिम तारीख : 13.01.2026.
विस्तृत पात्रता, अनिवार्य अहर्ता और अनुभव, आवेदन कैसे करें, आवेदन प्रपत्र, चयन प्रक्रिया आदि के लिए, कृपया 29.11.2025 के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन या एनएचआईडीसीएल वेबसाइट: www.nhidcl.com→careers→ current vacancies देखें ।

cbc37112/12/0006/2526 महाप्रबंधक (भर्ती)

अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण

## चिंतन

# अब चावल के बहाने नए टैरिफ की तैयारी में ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब चावल के बहाने भारत पर नया टैरिफ थोपने की तैयारी में हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि कितना टैरिफ लगाया जा सकता है। उनके इस कदम से लगता है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से बौखलाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने भारत पर फिर नया टैरिफ लगाने की बात कर दी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान 12 बिलियन डॉलर की फार्म सब्सिडी की घोषणा करते हुए कहा कि वे भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों से 'डंपिंग' की जा रही चावल की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा कनाडा से आने वाली खाद पर भी अमेरिका एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। इसके पीछे लॉजिक दिया जा रहा है कि वे अपने किसानों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप अगर भारतीय चावल पर टैरिफ लगाते हैं तो इससे चावल अमेरिका भेजना मुश्किल होगा। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। भारत के लिए ट्रंप की यह चेतावनी उस समय पर आई है, जब नई दिल्ली व वाशिंगटन के साथ एक बड़े व्यापार समझौते की कोशिश में है। हालांकि अभी तक इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है। अमेरिका ने अगस्त में व्यापार बाधाओं और रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान की विशेषज्ञों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यात पर बहुत असर नहीं पड़ेगा, उल्टे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि अमेरिका में भारतीय चावल की मांग पूरी तरह उपभोक्ता की पसंद से तय होती है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि यह ट्रंप सरकार की कोई नीति नहीं है, बल्कि उनकी धमकी राजनीति का हिस्सा है। यह कोई नई बात नहीं है। अमेरिका पहले भी ऐसा करता आया है। अमेरिका भारत पर कोई एहसान नहीं कर रहा। मांग खुद बाजार से पैदा होती है। अगर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो नुकसान अमेरिका को ज्यादा होगा, भारत को नहीं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह बयान चुनाव से पहले अमेरिकी किसानों को लुभाने की रणनीति है। थिंक टैंक ने कहा, यह धमकी पॉलिटिक्स है, पॉलिसी नहीं। जीटीआरआई ने कहा कि अगर अमेरिका ने टैरिफ को बढ़ाया भी, तो उसका भारतीय निर्यात पर सीमित ही असर होगा, क्योंकि भारत के चावल की मांग वैश्विक स्तर पर मजबूत है, खासकर अमेरिका में। बढ़े हुए दामों का असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, क्योंकि वे भारतीय बासमती और प्रीमियम चावल पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को अमेरिका की इस धमकी से घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे ज़्यादा चावल उत्पादक और नंबर वन निर्यातक देश भी है। भारतीय चावल निर्यातक संघ के मुताबिक़ भारत सालाना 15 करोड़ मीट्रिक टन चावल का उत्पादन करता है जो दुनिया भर के चावल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। 2024-25 में भारत दुनिया भर में सबसे ज़्यादा चावल निर्यात करने वाला देश रहा। इस दौरान दुनिया भर के कुल चावल निर्यात का 30.3 प्रतिशत हिस्सा भारत का रहा। चावल उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर चीन है। उसका सालाना चावल उत्पादन क़रीब 14 करोड़ मीट्रिक टन है। इस सूची में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड और पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। भारत में बासमती, सबसे ज़्यादा निर्यात की जाने वाली चावल की किस्मों में से एक है।

# प्रशासनिक तंत्र की तय हो जवाबदेही



गोवा अग्निकांड
उमेश चतुर्वेदी

गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों के मन में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब बर्क बाय रोमियो लेन में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो, गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जानों ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था।

उत्तर भारत की सर्दियां गोवा के लिए वरदान होती हैं। अरब सागर तटीय इस राज्य में सर्दियों में उत्तर भारतीय सैलानियों की आवक बढ़ जाती है, लेकिन हो सकता है कि इस बार यह आवक कम हो। गोवा में साल के आखिरी दिनों और अगले साल की छुट्टियां मनाने का मन बना चुके सैलानियों में इस बार हिचक हो सकती है। वजह है, यहां के मशहूर नाइट क्लब बर्क बाय रोमियो लेन में लगी आग, जिसमें पांच सैलानी समेत पच्चीस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। दुर्घटनाएं कह कर नहीं आतीं, लेकिन उनकी रोकथाम की मुकम्मल तैयारी से शायद ही किसी को इनकार हो, लेकिन समंदर के किनारे से छनकर आती रोशनियों के बीच स्थित गोवा के इस नाइट क्लब में लगी आग और उसमें गई निर्दोष जानों ने सबसे बड़ा सवाल उस प्रशासनिक तंत्र पर लगाया है, जिस पर इस हादसे की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि अनधिकृत ढंग से इस नाइट क्लब का निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को तोड़ने के लिए गोवा की संबंधित पंचायत ने निर्देश भी दे रखा है। आग लगने की दशा में उसके रोकथाम और बचाव को लेकर इस नाइट क्लब में कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। इतना ही नहीं, यह क्लब बेहद संकरी जगह पर है, जहां आसानी से जाना संभव नहीं है।

भारत में एक चलन स्वीकार कर लिया गया है। नियमावलियां तो खूब बनाई गई हैं, लेकिन वे सिर्फ दस्तावेजों के लिए हैं। जिन्हें इन नियमावलियों को लागू करने की जिम्मेदारी है, जिन पर इन नियमावलियों को तोड़ने वालों को उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित करने-कराने की जवाबदेही है, अक्सर वे इससे आंखें मूंद लेते हैं। कई बार नियम तोड़ने वालों से संबंध पलकों को मोड़ने का जरिया बनते हैं तो कई बार रिश्वत की रकम का बोझ पलकों को झुकने के लिए मजबूर कर देता है। भारत के प्रशासनिक तंत्र का बड़ा हिस्सा इसी तरह की मानसिकता में काम करता है। वह दुर्घटनाओं और हादसों का इंतजार करता है। वह तभी जागता है, जब हादसे हो जाते हैं, उनमें मासूम जानें चली जाती हैं। तब उन्हें नियमों की तेजी से याद आने लगती है। प्रशासनिक तंत्र की बंद आंखें तब ऐसे खुल जाती हैं, जैसे भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलता है। तब उसे अनधिकृत निर्माण भी दिखने लगता है, तब उसे कार्रवाई की भी सूझने लगती है। कार्रवाई होती भी है। गोवा के 'बर्क बाय रोमियो लेन' क्लब के मालिकों पर भी होगी, लेकिन इसका असर कितनी देर तक रहेगा, कहना मुश्किल है। क्योंकि वक्त बीतते-बीतते कार्रवाई में ढिलाई भी शुरू हो सकती है और अगर किसी सामाजिक संस्था, किसी राजनीतिक व्यवस्था या किसी न्यायिक व्यवस्था की निगाह उस पर नहीं पड़ी तो कार्रवाई धीरे-धीरे टलती चली जाएगी, उसकी तासीर ठंडी होती जाएगी और फिर हो सकता है कि नियमों को तोड़ने वाले किसी और जगह नियम तोड़कर ऐसा ही किसी और नाम से नाइट क्लब चलाने लगें।भारत में अंग्रेजों ने प्रशासनिक ढांचा अपने राजकाज को चलाने के लिए बनाया था। उसे लंबी अवधि तक बनाए रखने के लिए बनाया था। देखते ही देखते यह तंत्र स्टील फ्रेम में तब्दील होता चला गया। वैसे भी जर्मन दार्शनिक मैक्स वेबर इसे स्टील फ्रेम ही बताते हैं। संविधान सभा ने भारत के भावी प्रशासनिक तंत्र की



रूपरेखा को लेकर चर्चा की थी। उसने इस पर गंभीर विमर्श किया था। संविधान सभा में प्रशासनिक तंत्र पर व्यापक चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा ढांचा तैयार करना था जो स्वतंत्र भारत के लिए प्रभावी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह हो। संविधान सभा के सदस्यों को संदेह था कि भारत की भावी नौकरशाही भारतीय मूल्यों और भारतीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हो पाएगी। इसी लिए संविधान सभा में तत्कालीन सदस्यों ने नौकरशाही की भूमिका पर ना सिर्फ व्यापक चर्चा की, बल्कि उसकी राजनीतिक तटस्थता, कार्यक्षमता, जवाबदेही और नए स्वतंत्र राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उसकी स्थिति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इन बहसों का उद्देश्य एक ऐसी सिविल सेवा प्रणाली स्थापित करना रहा, जो संविधान के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान हो और लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो।

सवाल यह है कि क्या संविधान सभा की बहसों के अनुरूप आज की नौकरशाही बन पाई है। उसके ज्यादातर हिस्सों को देखिए तो लगता है कि बिल्कुल नहीं। आज भी उसमें अंग्रेजी राज जैसी अकड़ है, उसका ध्यान ज्यादातर अपनी ताकत को बचाए रखने और उसके जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने पर है। भारत का शायद ही कोई राज्य हो, जहां की नौकरशाही में अकूत संपत्ति के मालिक, भ्रष्टाचारी और कर्त्तव्यहीन अफसर ना होंगे। मध्य प्रदेश जैसे जिन राज्यों में लोकपाल व्यवस्था कायम है, वहां आए दिन ऐसे अफसरों पर छापे पड़ते हैं, उनके घर मिले नोटों को गिनने के लिए मशीनें लानी पड़ती हैं। कई बार तो नोट गिनने में ही दो-दो तीन-तीन दिन लग जाते हैं। सवाल यह है कि क्या अफसरों के पास अकूत धन उनके सत्कर्मों और कर्त्तव्यपरायाणता के चलते आता है? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब ना में हैं। पैसे आते हैं, अवैध निर्माण को बढ़ावा देने से, नियमों की अवहेलना करने वालों से मिलने वाली रकम से, लोक के लिए आए फंड की बंदरबांट से। बिना प्रशासनिक मिलीभगत के यह कल्पना बेकार है कि किसी नाइट क्लब में अवैध निर्माण होगा, वह संकरी गलियों में चलेगा और उसमें सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी होंगे। हाल के दिनों में सड़कों पर बसों के आग का गोला बनने की घटनाएं भी बढ़ी हैं, अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर भी चले हैं या चल रहे हैं, सवाल यह है कि क्या खटारा बसें बिना प्रशासनिक मिलीभगत और लापरवाही से सड़कों पर चल सकती हैं, क्या अवैध निर्माण बिना प्रशासनिक सहयोग के हो सकता है, निश्चित तौर पर ऐसे सवालों का जवाब ना में है। जब भी हादसे होते हैं, जब कोई बस आग का गोला बनती है, जब अवैध निर्माण सामने आता है, संबंधित बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, अवैध निर्माण गिरा दिया जाता है, लेकिन इन सबके लिए प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। वे साफ बच जाते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अब हर गलत कार्य के लिए, गलत कार्य करने वाले, नियम तोड़ने वाले, कानून का उल्लंघन करने वाले को दोषी ठहराने की न्यायिक प्रक्रिया तो चले ही, साथ ही उसके लिए परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार रहे अधिकारियों को भी जवाबदेह बनाया जाए, उन्हां खोजकर उचित प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया के जरिए दंडित किया जाए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक देश में ऐसी निर्दोष जानें जाती रहेंगी, सड़कों पर अव्यवस्था फैली रहेगी, नियमों की अनदेखी से अराजकता बनी रहेगी। लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि क्या इस तरीके से सोचने को हमारा राजनीतिक ढांचा तैयार है?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बदलती भाषा

मानसी द्विवेदी



# हिंग्लिश से संचार तो सरल पर हिंदी की शुद्धता पर बड़ा सवाल


आज के तकनीकी युग में जब डिजिटल क्रांति ने भाषा के स्वरूप और उपयोग को गहराई से प्रभावित किया है, हिंदी की स्थिति और उसके भविष्य पर गंभीर विचार आवश्यक हो गया है। सवाल यह है कि क्या हम हिंदी को उसकी मूल पहचान के साथ आगे बढ़ा पा रहे हैं या फिर उसे एक मिश्रित बोली के रूप में स्वीकार कर चुके हैं। इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए हिंदी के इतिहास, वर्तमान और चुनौतियों पर दृष्टि डालना ज़रूरी है। हिंदी का इतिहास अत्यंत समृद्ध और विस्तृत है। इसकी जड़ें संस्कृत से जुड़ी हैं और अपभ्रंश भाषाओं के माध्यम से इसका क्रमिक विकास हुआ। 7वीं शताब्दी में सरहपा को हिंदी का प्रथम कवि माना जाता है, जबकि चंदबरदाई द्वारा रचित पृथ्वीराज रासो हिंदी साहित्य की प्रारंभिक महत्वपूर्ण कृति है। मध्यकाल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है, जब कबीर, तुलसीदास, सूरदास और मीराबाई जैसे संत-कवियों ने इसे जन-जन तक पहुंचाया। तुलसीदास की रामचरितमानस और सूरदास का सूरसागर घर-घर में पढ़े और गाए गए। 19वीं शताब्दी में भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने आधुनिक हिंदी की नींव रखी और प्रेमचंद, प्रसाद, पंत और निराला जैसे साहित्यकारों ने इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी ने राष्ट्र को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई और 1950 में इसे संविधान द्वारा राजभाषा का दर्जा मिला। आज यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और भारत के बाहर भी अनेक देशों में इसकी उपस्थिति है।

इंटरनेट और स्मार्टफोन ने इसे वैश्विक मंच प्रदान किया। यूट्यूब, ब्लॉग्स, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर हिंदी सामग्री की बाढ़ देखी जा सकती है। गूगल असिस्टेंट और चैटबॉट्स जैसी सेवाएं भी अब हिंदी में उपलब्ध हैं, जिससे यह तकनीकी रूप से सक्षम बनी है। पर इसी बीच एक नई भाषा-शैली का उद्भव हुआ-हिंग्लिश। हिंग्लिश का आरंभ औपनिवेशिक काल से माना जा सकता है, जब अंग्रेजी प्रशासन और शिक्षा की भाषा बनी और धीरे-धीरे बोलचाल में अंग्रेजी शब्दों की पैठ हुई। स्वतंत्रता के बाद यह मिश्रण और तेज़ हुआ। लेखिका शोभा डे ने अपने लेखन में इसका प्रयोग कर इसे साहित्यिक मान्यता दी। 1990 का दशक हिंग्लिश के प्रसार का निर्णायक काल था। इस दशक में जब टीवी चैनलों और विज्ञापनों ने कम ऑन इंडिया, बोलो इंग्लिश! जैसे नारे दिए और हिंदी धारावाहिकों व फिल्मों ने संवादों में अंग्रेजी का प्रयोग बढ़ाया, तब हिंग्लिश मुख्यधारा में प्रवेश कर गई। इस समय टीवी ने अपने धारावाहिकों और विज्ञापनों में अंग्रेजी शब्दों को मिलाना शुरू किया। हसरतें, अस्तित्व और लव स्टोरी जैसे शीर्षक दर्शकों को नए भाषा-रूप से परिचित कराते थे। वहीं एम टीवी और चैनल वी ने एंकरिंग और म्यूजिक शो में हिंग्लिश को युवाओं की जीवनशैली का प्रतीक बना दिया। 21वीं सदी में इंटरनेट और मोबाइल फोन ने इसे और मजबूती दी। रोमन लिपि में हिंदी टाइप करने की आदत ने हिंग्लिश को डिजिटल भाषा का दर्जा दे दिया। आज चलो पार्टी करते हैं या तुमने फाइल अपलोड की? जैसे वाक्य बेहद सामान्य हो गए हैं। हिंग्लिश संचार को सरल तो बनाती है, लेकिन हिंदी की शुद्धता पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

इस बीच शिक्षा और रोज़गार में अंग्रेजी के गहरे प्रभाव ने हिंदी के भविष्य को और कठिन बना दिया है। अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाना ही सफलता की कुंजी मानते हैं। परिणामस्वरूप हिंदी माध्यम के छात्र अवसरों से वंचित हो जाते हैं और हिंदी धीरे-धीरे घर और बोलचाल तक सीमित होती जा रही है। हालांकि, सरकार इस स्थिति को सुधारने की कोशिश कर रही है। नई शिक्षा नीति के तहत चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे पाठ्यक्रम हिंदी सहित भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में एमबीबीएस और इंजीनियरिंग की किताबें हिंदी में प्रकाशित कराई गई हैं। यह कदम सराहनीय हैं, पर इन्हें व्यापक स्तर पर लागू करना ज़रूरी है ताकि उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में हिंदी अंग्रेजी के बराबर खड़ी हो सके। हिंदी का भविष्य केवल नीतियों पर निर्भर नहीं करता। समाज को भी अपनी भाषा पर गर्व करना होगा और इसे बोझ या हीनता का प्रतीक मानने के बजाए सांस्कृतिक अस्मिता और बौद्धिक शक्ति का प्रतीक समझना होगा। हिंदी की जीवंतता इसी में है कि उसने हर युग के परिवर्तनों को आत्मसात किया है। तकनीकी दौर में भी यदि इसे शिक्षा, व्यवसाय और विज्ञान के क्षेत्र में सम्मानजनक स्थान दिया जाए तो यह न केवल अपनी पहचान बनाए रखेगी बल्कि और सशक्त होकर उभरेगी।

( लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित
## दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# महिमा राम नाम की



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## सटाका




## आज की पाती

### आशा की किरण है यह बिल

सांसद सुप्रिया सुले द्वारा लोकसभा में पेश किया गया राइट टू डिसकनेक्ट बिल 2025 देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। यह बिल कहता है कि ऑफिस समय के बाद कोई भी कर्मचारी अपने बॉस, मैनेजर या संस्थान के कॉल, ईमेल, मैसेज या किसी डिजिटल निर्देश का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं होगा। यदि यह कानून बनता है, तो भारत की कार्य-संस्कृति में एक ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है। लेकिन इसका विरोध, इसकी चुनौतियां, इसका व्यावहारिक पक्ष और इसका सामाजिक प्रभाव- ये सभी उतने ही महत्त्वपूर्ण सवाल हैं, जिनका विश्लेषण करना ज़रूरी है। आज यह एक प्रशासनिक या तकनीकी मुद्दा मात्र नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संकट से जुड़ा विषय है।

*-मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जल्द सार्थक परिणाम आएंगे



सरकार अमेरिका के टैरिफ उपायों के भारतीय निर्यात पर असर को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई जा रही है। जल्द इसके सार्थक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। **-जितिन प्रसाद, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री**

### हमारे पास अधिकार नहीं




क्या हम कोई क्षेत्र छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? क़ानून के अनुसार, हमारे पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। यूक्रेन के क़ानून, हमारे संविधान, अंतरराष्ट्रीय क़ानून और, सच कहूं तो, हमारे पास नैतिक अधिकार भी नहीं है।' **-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति यूक्रेन**

### 23 अरब डॉलर का निवेश



माइक्रोसाफ्ट एआई में भारत में 23 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह माइक्रोसाफ्ट द्वारा इस साल की शुरुआत में घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश पर आधारित है। इससे कंपनी को भारत में सबसे बड़ी क्लाउड मौजूदगी मिलेगी, जिसमें पहला डेटा सेंटर 2026 के मध्य में चालू हो जाएगा। **-सत्या नडेला, सीईओ, माइक्रोसाफ्ट**


### विकास पथ तैयार करना होगा



21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ स्वयं तैयार करना होगा।' **-गौतम अदाणी, चेयरमैन, अदाणी समूह**

## करंट अफेयर

# हम 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं : रुबियो



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति 'पूरी तरह प्रतिबद्ध'' है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा, 'हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...।' ऑस्ट्रेलिया- अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, 'मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था।' रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खंडवा में एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला

# पंचायत ने गैंगरेप के आरोपियों को बताया संस्कारी, पीड़िता बोली- पंच सभी आरोपियों के रिश्तेदार, पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया

**गांव के ही 6 लोग खेत पर बनी टपरी में पहुंचे, महिला के पति से कहा ठंड लग रही है, अलाव जलाना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खंडवा में एक आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। घटना 29 नवंबर को रात करीब 1 बजे की है। पीड़िता ने पहले समाज की पंचायत में गुहार लगाई थी। पंचायत ने सभी आरोपियों को संस्कारी बताया। न्याय न मिलने पर 8 दिसंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मूंदी थाना टीआई राजेंद्र नरवरिया ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम रंजित पिता प्रहलाद गोंड, भारत उर्फ बद्री पिता संतोष गोंड, अमित पिता आत्माराम गोंड, निखिल पिता विनोद गोंड, संदीप पिता महेश गोंड और सावन पिता मानसिंह गोंड हैं। ये सभी वार्ड नंबर 5, गोंडबैडी मूंदी के निवासी हैं।

### पति के जाते ही महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया

27 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक, उसके पति ने गांव के पटेल से खेत में सिंचाई का ठेका ले रखा था। खेत मेन रोड से लगा होने के कारण वहां लोगों की आवाजाही रहती है। घटना वाली रात गांव के ही 6 लोग खेत पर बनी टपरी में पहुंचे। उन्होंने महिला के पति से कहा कि उन्हें ठंड लग रही है, अलाव जलाना है। पति अलाव जलाकर खेत में पानी देने (सिंचाई) चला गया। पति के जाते ही आरोपियों ने मौका पाकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

### जान से मारने की धमकी दी

पीड़िता ने बताया कि वह और उसका परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। वारदात के बाद वह काफी डर गई थी, क्योंकि आरोपियों ने पति को जान से मारने की धमकी दी थी। 3 दिन पहले समाज की पंचायत बैठी। पीड़िता ने बताया, बैठक में आरोपियों के परिवार की महिलाओं ने अपने बेटों को संस्कारी बताया। पीडिता का कहना है कि हमारी एक नहीं सुनी गई, क्योंकि सभी पंच तो आरोपियों के परिवार से ही थे। इसके बाद थाने में जाकर मामला दर्ज कराया है।

## 1 लाख रुपए के लिए पति ने पत्नी के प्राइवेट वीडियो किया वायरल

रीवा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है यहां एक व्यक्ति ने पति-पत्नी के रिश्ते की प्राइवेसी को तार-तार कर दिया। आरोपी व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी के प्राइवेट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं जिसके कारण पत्नी की बदनामी हो रही है। जब इस बात का पता पत्नी को चला तो वो मंगलवार को पुलिस थाने पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रीवा में महिला थाने में मंगलवार को एक महिला अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंची। महिला ने बताया कि उसके पति ने उसे बदनाम कर दिया है और बेडरूम में पति के साथ बिताए निजी पलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं। पीड़ाति के मुताबिक उसकी शादी 10 मई 2025 को हुई थी। महिला थाना प्रभारी कल्याणी पाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामला जांच में ले लिया गया है।

### पति दहेज के लिए बना रहा था दबाव

पीड़ति पत्नी ने अपनी शिकायत में बताया है कि शादी के वक्त पति ने दहेज में तीन लाख रुपये की मांग की थी। इसमें दो लाख रुपये दिए जा चुके हैं। शादी कर जब वो पति के घर आई तो पति ने विश्वास में लेकर उसके निजी पल के वीडियो बना लिए। इसके बाद इन्हीं वीडियो के आधार पर वो दहेज की बची रकम के लिए दबाव बना रहा था। बची रकम एक लाख रुपये नहीं मिले तो अब पति ने उसके प्राइवेट वीडियो वायरल कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### घर में 3 दिन पुराना महिला का शव मिला

**भोपाल।** राजधानी के कटारा हिल्स इलाके में पुलिस को 3 दिन पुराना महिला का नग्न हालत में शव मिला है। पड़ोसियों ने सूचना दी की 3 दिन से महिला घर से बाहर नहीं निकल रही है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा तोड़कर देखा कि महिला मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई है। कटारा हिल्स पुलिस ने बताया कि गीतांजलि सिंह ग्राम बराई इलाके में रहती है। वह एक निजी कंपनी में काम करती है। पिछले 3 दिन से घर से बाहर नहीं निकली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग काम करके जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी में जानकारी सामने आई है कि वह 3 साल पहले अपने पति से लव मैरिज की थी। फिर बाद में पति को छोड़कर अकेले रहने लगी। फिलहाल महिला के परिजनों के बयान नहीं हुए हैं। फिलहाल पुलिस हत्या और सुसाइड दोनों के पहलुओं को देखते हुए जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पुलिस पहुंचेगी।

### भाजपा नेता देवेंद्र ने किया मतदाताओं को जागरूक



**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू ने उमरिया में बीएलओ के साथ एसआईआर के तहत मतदाता सूची का निरीक्षण किया और मतदाताओं को जागरूक किया।

### धार में 1.24 करोड़ रुपए की अवैध शराब जब्त



**धार।** जिले की राजगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। मुखबिर की सूचना पर इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर मोहनखेड़ा रोड के पास एक आयशर वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में गोवा कंपनी की 1499 पेटियां अवैध शराब भरी मिलीं। पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए दो आरोपियों बबलू पिता जियालाल वरकड़े और दुर्गेश पिता शिव नरेश राजपूत, निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया है। दोनों से शराब के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ जारी है। राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि जब्त शराब की कीमत 94 लाख 43 हजार 700 रुपए आंकी गई है। वाहन सहित कुल बरामद माल की कीमत 1 करोड़ 24 लाख 43 हजार 700 रुपए है। उन्होंने बताया कि वाहन के दस्तावेज और शराब की सभी पेटियों की गिनती एवं मार्किंग की विस्तृत जांच की जा रही है। सटीक आंकड़े जांच पूरी होने पर ही दर्ज किए जाएंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2716 | | |
| दिनः | 680 | 43 | 490 |
| रातः | 678 | 19 | 180 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 346 | 36 | 240 |
| रातः | 366 | 54 | 112 |

सवारी बैठाने और बस के समय को लेकर हुआ विवाद

# सिटी बस के ड्राइवर पर नीली बस के चालक ने चाकू से किया जानलेवा हमला, गंभीर चोट आई

**समरधा मिसरोद के पास स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास हुई वारदात**

*शिकायत के आधार पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज*

*दो दिन पहले भी दोनों के बीच हुई थी कहासुनी, कंडक्टर व युवक ने बीचबचाव कर ड्राइवर को बचाया*



भोपाल एम्स में इलाज करवाता घायल अजहर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीसीएलएल की लाल बस के ड्राइवर पर सोमवार शाम जानलेवा हमला हो गया। सवारी बैठाने और बस के समय को लेकर हुए विवाद में दूसरी प्राइवेट बस के ड्राइवर व कंडक्टर ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। घायल ड्राइवर मोहम्मद अजहर खान को धारदार हथियार से चेहरे पर हमला किया गया, जिससे उसके गाल में गंभीर चोट आई है।


घटना दोपहर करीब 3:30 बजे समरधा मिसरोद के पास स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास हुई। जानकारी के अनुसार, लाल बस रूट पर चलती है और रोजाना गांधी नगर से मंडीदीप तक सवारी लेकर जाती है। सोमवार को भी बस मंडीदीप से भोपाल लौट रही थी। जैसे ही बस समरधा में रुकी, नीली बस चलाने वाला नदीम वहां पहले से मौजूद था। दो दिन पहले भी दोनों ड्राइवरों के बीच इसी मुद्दे पर कहासुनी हो चुकी थी।

पुलिस के अनुसार नदीम ने आते ही ड्राइवर अजहर खान को गालियां दीं और हाथापाई शुरू कर दी। विरोध करने पर नदीम ने पास में रखा चाकू निकालकर अजहर खान के दाहिने गाल पर वार कर दिया। खून बहता देख बस कंडक्टर महेंद्र व एक अन्य युवक जेद ने बीचबचाव करके किसी तरह ड्राइवर की जान बचाई। हमले के बाद नदीम ने धमकी दी कि यदि दोबारा सवारी या टाइमिंग की बात की तो वह जान से खत्म कर देगा। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। घायल अजहर को तुरंत भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया है।

### मिसरोद थाना पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कंडक्टर महेंद्र कुमार की शिकायत पर मिसरोद थाने में आरोपी नदीम के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धारदार हथियार से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

**फिल्म धुरंधर के इमोशनल सीन के बीच विवाद**





## आशिमा मॉल में युवकों ने फिल्म देखने के दौरान किया शोर, आपत्ति जताने पर दर्शकों के बीच हुई जमकर मारपीट

स्क्रीन पर धुरंधर फिल्म का इमोशनल सीन चल रहा था, तभी सिनेप्लेक्स के अंदर हंगामे का एक्शन सीन शुरू हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दर्शकों के बीच हुई झूमाझटकी का मामला सामने आया है। मामला भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के सिनेप्लेक्स का है। मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार के मुताबिक, यह विवाद सोमवार को शो के दौरान हुआ था। कुछ युवक नशे में थे और फिल्म के बीच सीटियों-शोरगुल से माहौल बिगाड़ रहे थे। पीछे परिवार बैठे थे, जिन्होंने आपत्ति जताई। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और बात मारपीट तक पहुंच गई। हालांकि, इस पूरे मामले में किसी भी दर्शक ने पुलिस से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो के आधार पर भी अभी तक कोई औपचारिक कार्रवाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा सिनेप्लेक्स प्रबंधन या किसी पक्ष की शिकायत मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



राजा विक्रमादित्य द्वार के शिलान्यास कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते रामेश्वर।

*विधायक रामेश्वर ने लिया तैयारियों का जायजा*

## 13 को राजा विक्रमादित्य द्वार का मुख्यमंत्री करेंगे शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 दिसंबर को हुजूर विधानसभा क्षेत्र के हरिहर नगर फंदा में राजा विक्रमादित्य द्वार का शिलान्यास करेंगे। मंगलवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चाक चौबंद इंतजाम के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर मालती राय, कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह, निगम आयुक्त संस्कृति जैन, जिला पंचायत सीईओ ईला तिवारी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोहन सरकार के बेमिसाल दो साल का मनाएंगे उत्सव

रामेश्वर शर्मा ने बताया कि फंदा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्सव मनाया जाएगा। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दो वर्षों में ऐतिहासिक निर्णयों, तीव्र कार्यशैली और पारदर्शी शासन से प्रदेश में विकास की नई परंपरा स्थापित की है। सड़क, रोशनी, पेयजल, महिला सुरक्षा, धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संवर्द्धन, औद्योगिक निवेश, कृषि-उन्नति और गरीब कल्याण की योजनाओं में जो गति पिछले दो वर्षों में आई है, वह प्रदेश में स्थायी विकास की नींव को और मजबूत करती है।



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व नपा अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले के निवास पर पहुंचकर पटवा ने बिल्ले की खैरियत पूछीं और उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की।

दशहरा मैदान में युवा खिलाड़ियों से भेंट कर किया उत्साहवर्धन

## पटवा ने किया 'सांसद खेल महोत्सव 2025' के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने सांसद शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में औबेदुल्लागंज में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ दशहरा मैदान में किया। पटवा ने युवा खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के युवाओं में खेल भावना को सशक्त करने और जमीनी स्तर से खेल प्रतिभाओं को पहचान देने की दिशा में 'सांसद खेल महोत्सव' एक क्रांतिकारी पहल है। पटवा ने कहा मंच से उभरने वाली प्रतिभाएं आने वाले वर्षों में भारत का परचम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर लहराएगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, पार्षद दीपू परमार, रामकिशोर नंदवंशी, राहुल प्रजापति, जीतू नंदवंशी, मनीष साहू, माधव यादव, कोमल चौहान, वागिश अग्रवाल, हरगोविंद राहुल प्रजापति आदि मौजूद थे।



दशहरा मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक पटवा।

### वीर सावरकर कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

वीरसावरकर कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर नप अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, कन्हैया नंदवंशी, माधव यादव, पार्षद सना ममनून, मनोज चौरसिया, पंकज कोठारी, जीतू नंदवंशी, गजेंद्र नागर, लोकेश परमार आदि मौजूद थे।





## वार्डों में कुत्तों का आतंक... बच्चों को काटकर कर रहे लहूलुहान

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13, 14, 15 में कुत्तों के आतंक के कारण बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कुत्ते बच्चों को देखते ही उन पर झपटते औंर काटा कर लहूलुहान कर देते हैं। घायल बच्चों का इलाज औबेदुल्लागंज अस्पताल में चल रहा है। भाजपा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले के भांजे को कुत्तों ने कई जगह काटा।

नगर परिषद के कार्यकर्ताओं ने पागल कुत्ते को मार दिया, बाकी कुत्तों को पीट-पीट कर भगाया। इस मामले को लेकर पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद कुत्तों को नहीं पकड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत है। पार्षदों ने सीएमओ से मांग की है कि इस मामले में कार्रवाई करें।

## मुस्लिम युवक हिंदू वेशभूषा में ढाबे पर कर रहा था काम, भेजा जेल

**औबेदुल्लागंज।** मुस्लिम युवक हिंदू वेशभूषा में ढाबे पर काम कर रहा था। सूचना मिले ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए और युवक की पूरी जानकारी जुटाई। कार्यकर्ताओं को पता लगा कि युवक सनब्बर अंसारी शुभम बनकर गौहरगंज थाना अंतर्गत ढाबे में काम कर रहा है। हिंदू संगठनों ने 2 दिन पहले इसकी गौहरगंज थाने में रिपोर्ट कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर धारा 319 (2) तहत कार्रवाई कर आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उस युवक को जेल भेज दिया।



सनब्बर अंसारी, आरोपी

**सरकारी पेंशन खातों में बड़ा घोटाला**

# ईओडब्ल्यू ने बैंक कर्मचारियों समेत सात पर की एफआईआर, 44 लाख का किया गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईओडब्ल्यू ने सरकारी पेंशन और सामाजिक सुरक्षा राशि वाले खातों में की गई बड़े बैंक घोटाले का खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि बैंक ऑफ इंडिया के दो कर्मचारियों ने अपने पांच परिचितों के साथ मिलकर 3 वर्षों तक निष्क्रिय खातों को अवैध रूप से सक्रिय किया और उनमें जमा सरकारी रकम को निकालकर करीब 44.11 लाख रुपए का गबन किया।

मंगलवार को ईओडब्ल्यू ने दीपक जैन, अजय सिंह परिहार, खुशबू खान, अफरोज खान, ललिता ठाकुर, कल्पना जैन, हेमलता जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। साथ ही अन्य संभावित सहयोगियों की जांच जारी है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक साजिश, आईटी एक्ट के तहत पहचान और डेटा का दुरुपयोग, साइबर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। बता दें डॉर्मेंट खाता वह खाता होता है जिसमें लंबे समय तक कोई लेन-देन नहीं होता, इसलिए बैंक उसे निषक्रिय ) घोषित कर देता है।

### 44.11 लाख की हेराफेरी

ईओडब्ल्यू ने बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल जोन से मिली शिकायत के आधार पर जो जांच की, उसमें पाया गया कि बैंक कर्मचारी दीपक जैन (स्पेशल असिस्टेंट) और अजय सिंह परिहार (स्टाफ क्लर्क) ने योजनाबद्ध तरीके से खातों में हेराफेरी की। दोनों ने फाइनेंस सिस्टम में अपनी और सहकर्मियों की लागइन आईडी का दुरुपयोग कर 212 से अधिक डारमेंट खातों को एक्टिव किया। इन खातों में शासन की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राहत राशि और अन्य सरकारी सहायता जमा होती थी। सक्रिय होने के बाद इन खातों से रकम चार परिचितों खुशबू खान, अफरोज खान, ललिता ठाकुर और कल्पना जैन के खातों में ट्रांसफर की गई। सभी एटीएम कार्ड आरोपी दीपक जैन के पास थे और इन्हीं एटीएम से नकद निकासी की जाती रही। करीब 44.11 लाख रुपए को आरोपी 70:30 के अनुपात में बांटते थे।

संस्कार विद्यालय में 9वीं राष्ट्रीय सिंधी कविता प्रतियोगिता

## अव्वल रहे विद्यार्थियों को टेबलेट एवं स्मार्ट वॉच देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संस्कार विद्यालय में 9वीं राष्ट्रीय सिंधी कविता प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रियांशी वासवानी ने प्रथम स्थान एवं जूनियर ग्रुप में दीपांशी बालानी ने राष्ट्रीय स्तर पर ग्यारहवां स्थान प्राप्त किया। इस दोनों विद्यार्थियों का मंगलवार को हनुमान चालीसा के पाठ के साथ समाज सेविका आशा चांद ने टेबलेट एवं स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान इसलिए किया जाता है कि ताकि और विद्यार्थी भी इनसे प्रेरणा लेकर आने वाली इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लें और सफलता हासिल करें। उन्होंने हनुमान चालीसा के पाठ के महत्व को बताते हुए कहा कि रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करने से कार्यो में किसी भी तरह का कोई विघ्न नहीं पड़ता है। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने प्रतियोगिता में अव्वल रहें बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा, मोन्टेसरी इन्चार्ज प्रियांषी आडवानी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



सिंधी कविता प्रतियोगिता में विजयी रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए अतिथि।



गौहर महल में राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के तहत सम्मान समारोह एवं नृत्य प्रस्तुति का आयोजन

# कृष्ण-भक्ति और राम पर केंद्रित नृत्य प्रस्तुति के साथ 50 से अधिक शिल्पियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरातन शिल्प-परंपराओं की सुगंध से महका गौहर महल इस सप्ताह राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह मेले के रंग में डूबा रहा। मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह ने न केवल प्रदेश के शिल्प-सृजन की विरासत को सलामी दी, बल्कि उन निपुण हाथों को भी मंच प्रदान किया, जो परंपरा की धड़कन को आज भी जीवंत बनाए हुए हैं। विकास आयुक्त, हस्तशिल्प एवं वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा मप्र शासन के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह आयोजन कला, संस्कृति और कौशल का अनुपम संगम बन गया। समारोह में प्रदेश के विविध अंचलों से आए 50 से अधिक शिल्पियों को हाथकरघा और हस्तशिल्प के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



गौहर महल में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

### नृत्य की छुवन से महक उठा मंच

*इस अवसर पर एमएलबी कॉलेज की नृत्य विभाग की छात्राओं ने डॉ. विजया शर्मा के निर्देशन में कथक की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। शिव-वंदना से आरंभ होकर कृष्ण-भक्ति और राम-केंद्रित गीतों पर आधारित नृत्य-श्रृंखला ने दर्शकों को भक्ति, भाव और लय के अद्भुत संसार में पहुँचाया। घुंघरुओं की मधुर झंकार और घूमरों की लय-लहरियों ने गौहर महल की ऐतिहासिक दीवारों में नृत्य की एक नई रोशनी भर दी।*

### वर्षों के समर्पण, तपस्या और सृजनशीलता का अभिनंदन सम्मान समारोह

कार्यक्रम में जरी, पेंटिंग, गोंड पेंटिंग, लकड़ी के खिलौने, जूट एडं कॉटन, सिरेमिक, ब्लॉक प्रिंट, हैंड बटिक के क्षेत्र में कार्य करने वाले कलाकार सम्मानित हुए। यह सम्मान उन कारीगरों के वर्षों के समर्पण, तपस्या और सृजनशीलता का अभिनंदन था, जिनकी उंगलियों के स्पर्श से सूत कला में बदलता है और धागों से पहचान बुनी जाती है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता उपस्थित रहे।



सम्मान कार्यक्रम में केसी गुप्ता के साथ शेफाली शर्मा एवं मध्य में मदन कुमार आयुक्त हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट सम्मान देते हुए।


---

रवींद्र भवन में केजी त्रिवेदी चच्चा की स्मृति में नाट्य समारोह का आयोजन

# अनेक अड़चनों के बावजूद आखिरकार मुकम्मल हुई प्रेम कथा पर आधारित नाटक 'हाय मार डाला रे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमूमन प्रेम कहानियां अनेकों अड़चनों का शिकार होती हैं खासकर घरवालों की मनाही और समाजिक बंधन दो प्रेमियों के मिलन को रोकते हैं, लेकिन फिर भी प्रेमी तमाम अड़चनों के बावजूद अपनी प्रेम कहानी को मुक्कमल कर ही लेते हैं। ऐसी ही एक प्रेम कहानी पर आधारित नाटक 'हाय मार डाला रे' का मंचन मंगलवार शाम केजी त्रिवेदी चच्चा स्मृति नाट्य समारोह में रवींद्र भवन सभागार में किया गया। चित्रांश के लेखन और निर्देशन में तैयार इस नाट्य प्रस्तुति को द बैक वेंचर्स मुंबई के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। नाटक के निर्देशक चित्रांश ने बताया कि इस नाट्य प्रस्तुति का पहली बार मंचन 2019 में पृथ्वी थियेटर में हुआ था। करीब एक घंटा दस मिनट के इस नाटक के करीब 30 शो हो चुके हैं, जिमसें एक मुकम्मल प्रेम कहानी को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया गया।



रवींद्र भवन सभागार में 'हाय मार डाला रे' नाटक का मंचन करते कलाकार।

### मुश्किल सवालों में बदलते गए आसान पल

नाटक में एक समय की बात, एक अनकही कहानी, दो दिलों की मुलाकात को दर्शाया गया। एक लड़का और एक लड़की मिले। पहले तो उनकी मुलाकात साधारण लगी, किसी भी प्रेम कहानी की शुरुआत की तरह जिसमें निगाहों का मिलना, एक मुस्कान, कुछ ऐसा जो सब कुछ बनने का एहसास दिलाए। लेकिन समय बीतने के साथ, यह प्रेम ओर भी गहरा होता गया और कहानी अलग मोड़ लेने लगी। आसान पल मुश्किल सवालों में बदल गए, जो कभी सहज था वो संघर्ष बन गया। उनकी कहानी, कई अन्य की तरह, परी कथा के अंत की बजाय कुछ और बन गई, कुछ ऐसा जिसका अंदाजा उन दोनों में से किसी ने भी नहीं लगाया था।



नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

---

एक समय पर की-बोर्ड और ड्रम प्ले करने वाले निकोला पॉइंटार्ड ने कहा

# सिर्फ म्यूजिक सुनता हूं और की-बोर्ड और ड्रम एक साथ प्ले करने लगता हूं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

***आलियांस फ्रांसेज में आए फ्रेंच कलाकार क्रिस्टोफ रोशे, एटियेन कैबारे और निकोला पॉइंटार्ड से हरिभूमि की खास बातचीत***

हम यदि अपने दिमाग पर नियंत्रण पा लें तो कोई भी काम कर सकते हैं फिर वो एक ही समय में की-बोर्ड और ड्रम प्ले करना ही क्यों न हो। यह कहना है ड्रम्स और कीबोर्ड प्लेयर निकोला पॉइंटार्ड का, जो आज बुधवार को भारत भवन में फ्रेंच म्यूजिकल बैंड काबारे रोशे ट्रायो की प्रस्तुति देने आए हैं, उनके साथ फ्रेंच कलाकार क्लैरिनेट आर्टिस्ट क्रिस्टोफ रोशे और एटियेन कैबारे भी परफार्म करेंगे। आलियांस फ्रांसेज में आए इन तीनों फ्रेंच कलाकारों ने हरिभूमि से बातचीत में अपनी जीवन और प्रस्तुति के बारे में बताया।



**भारत की विविधता में एकता से मेरी संस्कृति ने किया प्रभावित**

क्रिस्टोफ रोशे, एटियेन कैबारे ने बताया कि हम अक्सर भारत आते जाते रहते हैं, लेकिन जब पहली बार आए तो यहां के विभिन्न संस्कृति ने हमें प्रभावित किया, हमारे द्वारा यह ट्रायो प्रस्तुति भारत के दस स्थानों पर दी जा चुकी है, जिसमें गोवा, कोलकाता सहित देश के विभिन्न राज्यों में हम लोगों ने परफार्म किया है और इन सभी राज्यों को देखकर हमें लगा कि भारत विविधता में एकता दर्शाता देश है।

### दो क्लैरिनेट्स के जरिए एक नई साउंड लैंग्वेज बनाने का आया विचार

*एतिएन काबारे और क्रिस्टोफ ने बताया कि हम दोनों साथ में परफार्म करते आए हैं, जिसमें हम क्रिस्तोफ-ब्रेटनी क्षेत्र के फोक म्यूजिक को बजाते आए हैं, हमें हमेशा दो क्लैरिनेट्स के जरिए एक नई साउंड लैंग्वेज बनाने का विचार हमेशा से आकर्षित करता था। इसी सोच से ट्रायो का जन्म हुआ। बाद में निकोलस हमारे साथ जुड़े और इसने हमारे संगीत में ड्रम व कीबोर्ड से के जरिए हमारे संगीत को एक नई पहचान दी।*

### यह बनाता है प्रस्तुति को प्रभावी

भारत के म्यूजिशियन के बारे में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भारतीय शास्त्रीय गायक व वादक अपनी प्रस्तुति को ईश्वर से या अध्यात्म से जोड़ते हैं, जिसका मूल मेडिटेशन ही है। उसी प्रकार हम अपने संगीत को मेडिटेशन से ही जोड़ते हैं।

### जाकिर हुसैन, जी वेणुगोपालन, जयंती कुमरेश हैं फेवरेट इंडियन म्यूजिशियन

*वहीं इन कलाकारों ने कहा कि हमारे फेवरेट इंडियन म्यूजिशन में जाकिर हुसैन, जी वेणुगोपालन और वीणा वादक जयंती कुमरेश है, जिनकी प्रस्तुति हमें संगीत की एक अलग ही दुनिया से परिचय कराती है।*

---



एमएलबी कॉलेज में सम्मान ग्रहण करती हुईं डॉ रोली शुक्ला।

## ई-ज्ञान अकैडमी अनंता का डिजिटल शुभारंभ

**भोपाल।** एमएलबी कॉलेज में ई-ज्ञान अकैडमी अनंता का डिजिटल शुभारंभ डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल एवं नर्मदा पुरम संभाग एवं प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल के द्वारा किया गया। डॉ. मथुरा प्रसाद ने अपने ओजस्वी पर वक्तव्य में कहा कि ई-ज्ञान अकैडमी आज समय की मांग है। अपने नाम के अनुरूप इसे निरंतर चलते रहना चाहिए, साथ ही या आश्वासन भी दिया कि इस नवाचार के लिए वे यथा संभव सहयोग करेंगे। प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल ने कहा ज्ञान का भंडार अनंत है, इसे संजोना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। ज्ञान अकादमी की संयोजक डॉ. रोली शुक्ला ने कहा परिवर्तन समय की मांग है हमें अपनी-अपनी शिक्षा पद्धति में भी परिवर्तन करना होगा। विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ. स्वाति खरे, डॉ. मीनल फर्नांडिस, डॉ. अर्चना शुक्ला एवं डॉ. दीपा जोशी ने अपने अनुभव शेयर किए।

## सप्रे संग्रहालय में विमर्श का आयोजन 25 दिसंबर को

**भोपाल।** माधवराव सप्रे संग्रहालय अपनी विमर्श श्रृंखला में युवा पीढ़ी के साथ मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के तीन प्रमुख हस्ताखक्षरों के अनुभवों की साझेदारी का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तर ओ.पी. रावत होंगे। सामाजिक सरोकारों और जनपक्षधरता की उत्कृष्ट पत्रकारिता में पांच दशक से अधिक अनुभव रखने वाले ये तीन शीर्ष पत्रकार हैं- एन.के. सिंह, चन्द्रकांत नायडू और राजेन्द्रप हरदेनिया। विमर्श के आरंभ में वक्तव्य होंगे इसके बाद प्रश्नोात्तर सत्र होगा। यह कार्यक्रम आगामी 25 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

---

विहान ग्रुप की विदिशा में दुपहर की दो प्रस्तुतियां

# तीन से चार हजार बच्चों ने देखा 'दुपहर', शिक्षकों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की लोकप्रिय प्रस्तुति 'दुपहर' की दो प्रस्तुतियां विदिशा के एक निजी स्कूल में हुईं।

साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल और साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुए दोनों शो में मिलाकर लगभग 3 से 4 हजार बच्चों ने इस नाटक को देखा और इसकी जमकर सराहना की। कप्तान और बिगुल की मासूम मगर गहरी यात्रा पर आधारित यह कहानी बच्चों के बीच केवल मनोरंजन नहीं बनी, बल्कि उनके भीतर छुपी संवेदनाएं और जिज्ञासा भी जगाती दिखी।



नाटक की प्रस्तुति देखते स्कूली बच्चे।

---

दतिया के अवध बिहारी मंदिर में सजी संगीत सभाएं

# 101वां तानसेन समारोह का प्रादेशिक पूर्वरंग श्रृंखला के साथ आरम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित होने वाला विश्व विख्यात तानसेन समारोह के 101वें संस्करण का आरम्भ प्रादेशिक पूर्वरंग श्रृंखला के साथ मंगलवार को दतिया के अवध बिहारी मंदिर में संगीत सभाएं के साथ हुआ।

### पिया मोरे अनत देश गईलवा

प्रथम प्रस्तुति में इंदौर के वायलिन वादक बृजमोहन बमरेले अपने वादन से सभी को मंत्र मुग्ध किया। उन्होंने राग रागेश्री में विलंबित एकताल में आलाप व गत, तत्पश्चात द्रुत तीनताल में गत प्रस्तुत की। दूसरी प्रस्तुति उज्जैन की गायिका साक्षी पन्डोले ने राग मारवा में बड़ा ख्याल की बंदिश गाकर दी, जिसके बोल थे पिया मोरे अनत देश गईलवा तत्पश्चात छोटा ख्याल उसके बोल थे ओ गुनियन मिल।



इंदौर के वायलिन वादक बृजमोहन बमरेले प्रतुति देते हुए।



गीतों की प्रस्तुति देते हुए उज्जैन की गायिका साक्षी पन्डोले।

---

## प्रथम अन्तरराष्ट्रीय मैक्समूलर अलंकरण संतोष चौबे को

**भोपाल।** वरिष्ठ कवि, कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे को साझा संसार, नीदरलैंड्स के प्रथम 'अन्तरराष्ट्रीय मैक्समूलर अलंकरण- 2025' से सम्मानित किया गया है। चौबे को वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन हेतु सर्वोत्तम योगदान के लिए यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। चयन समिति में लुडविका शम्बरो (इटली), मेरियन रिडर्स, मेटा स्ट्रेफलांड (अमेरिका), रने होफ (नीदरलैंड्स) एवं पेट्रा फूरन (स्विट्जरलैंड) शामिल थे। इसके अलावा रामा तक्षक (नीदरलैंड्स), हर्षिता वाजपेयी (अमेरिका), मनीष पांडे (बेल्जियम) राजेंद्र शर्मा (भारत), शिवांगी शुक्ला (नीदरलैंड्स), विनीता तिवारी (भारत) एवं लीलाधर मंडलोई (भारत) भी चयन प्रक्रिया में शामिल रहे। यह अंतरराष्ट्रीय अलंकरण राजस्थान के जाट बहरोड़ गांव में आयोजित भव्य राठ रंग महोत्सव में साझा संसार फाउंडेशन, नीदरलैंड्स के अध्यक्ष रामा तक्षक तथा बलवीर सिंह छिल्लर अध्यक्ष राठ क्षेत्र द्वारा प्रदान किया गया।




संतोष चौबे को सम्मानित करते हुए अतिथि।

---

# बाल-मन की गीली मिट्टी में बोया गया बाल साहित्य का बीज बन जाता है सुंदर बगिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में हिंदी लेखिका संघ की बाल साहित्य कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आए साहित्यकारों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा कि हिंदी बाल साहित्य की परंपरा अत्यंत समृद्ध है, परंतु यह मुख्यतः कविता, कहानी और नाटक तक सीमित है। बाल मनोविज्ञान, विज्ञान-लेखन, यात्रा-वृत्तांत, संस्मरण, जीवनी, हास्य-विनोद और अन्य विधाओं में भी रचनात्मक कार्य की आवश्यकता है। संस्था अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि बाल साहित्य एक बीज की तरह है, जिसे यदि बाल-मन की गीली मिट्टी में बोया जाए तो भविष्य में एक सुंदर बगिया बनकर विकसित होता है। प्रथम सत्र में जबलपुर की बाल साहित्यकार डॉ. मंजरी शुक्ला ने कहा कि कहानियां बच्चे को कल्पना लोक की यात्रा कराती हैं, जहां परियां, जादूगर, बोलने वाले पशु-पक्षी और उड़ने वाले ड्रैगन उसकी संवेदनाओं को विकसित करते हैं।



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि।

---

**पर्यटकों का बढ़ा रुझान संस्कृति, रोमांच और स्वाद का त्रिवेणी संगम बना चंदेरी ग्रेट फेस्टिवल**

# चंदेरी में इको रिट्रीट टेंट सिटी का भव्य आगाज

चंदेरी से लौटकर जसप्रीत सिंह ▶▶

अशोकनगर जिले के चंदेरी में इस वर्ष चंदेरी इको रिट्रीट टेंट सिटी का आयोजन और भी भव्य रूप में सामने आया है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित चंदेरी ग्रेट फेस्टिवल के तृतीय वर्ष में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

हेरिटेज, प्रकृति और आधुनिक पर्यटन का संगम प्रस्तुत करता यह आयोजन क्षेत्रीय पर्यटन को नई उड़ान देने का काम कर रहा है। चंदेरी ग्रेट फेस्टिवल ने इस वर्ष यह साबित कर दिया कि चंदेरी सिर्फ इतिहास का शहर नहीं, बल्कि आधुनिक पर्यटन का नया हब बनने की क्षमता भी रखता है। प्रकृति, संस्कृति और रोमांच का ऐसा बेहतरीन मेल जहां एक ही जगह मिल जाए-चंदेरी उसी का श्रेष्ठ उदाहरण बन चुका है।



चंदेरी में स्थापित की गई टेंट सिटी का विहंगम दृश्य।

### एडवेंचर संग संस्कृति का समागम

फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, नेचर वॉक और कई रोमांचक गतिविधियों को शामिल किया गया है। वहीं, रात में होने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां चंदेरी की गौरवशाली परंपरा सामने लाती हैं। चंदेरी पहुंची ट्रेवलर नीतू गोला ने बताया कि चंदेरी का स्वच्छ वातावरण, शांत माहौल और प्राकृतिक खूबसूरती मन को सुकून देने वाली है।



टेंट सिटी में झूले भी लगाए गए हैं।

### भव्य टेंट सिटी आधुनिक सुविधाओं से लैस अनोखा अनुभव

*चंदेरी इको रिट्रीट के अंतर्गत स्थापित टेंट सिटी में इस बार पर्यटकों के लिए उच्च स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं। जीएम विवेक साहू के अनुसार, टेंट सिटी में आने वाले मेहमानों को संस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव प्रस्तुति, लोक नृत्य, पारंपरिक संगीत, और एडवेंचर एक्टिविटीज का भरपूर आनंद मिलेगा। भोजन व्यवस्था भी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण है, जहां पर्यटकों के लिए स्थानीय बुंदेली व्यंजनों से लेकर विशेष स्वादिष्ट पकवानों तक का शानदार इंतजाम किया गया है।*

राज्यसभा में कांग्रेस पर बरसे गृहमंत्री गृहमंत्री शाह

# नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस ने वंदे मातरम का विरोध किया और 100 साल का हुआ तो पूरे देश को 'बंदी' बनाकर रखा गया

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर बड़ा हमला किया और तथ्यों को सामने रखा*




*राष्ट्रगीत के आखिरी चार छंदों को क्यों रोका गया?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की भूमिका का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। शाह ने कांग्रेस के 1937 के अधिवेशन में वंदे मातरम के आखिरी चार छंदों के इस्तेमाल रोके जाने के प्रस्ताव पर भी बात की और पंडित नेहरू की भूमिका पर कई सवाल उठाए।

शाह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि संसद में जब भी वंदे मातरम का गान होता है तब उसके कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। वंदे मातरम में कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना है। तो जिन्हें वंदे मातरम पर चर्चा की वजह समझ नहीं आ रही, उनको नए सिरे से सोचने की जरूरत है।

## यह राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा

शाह ने कहा कि यह वंदे मातरम का गान, गीत यह भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने का नारा बना था। आजादी के उद्घोष का नारा बन चुका था। वंदे मातरम की दोनों सदनों में चर्चा से, इसके गौरव गान से हमारे बच्चे, किशोर, युवा और आने वाली कई पीढ़ियां वंदे मातरम के महत्व को समझेंगी और उसे राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार भी बनाएगी।

## उस काली रात वंदे मातरम रोशनी की तरह था


संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह

शाह ने कहा कि जिसकी उद्घोषणा 150 साल पहले बंकिम बाबू ने की, उसका भाव सदियों पुराना है। भगवान राम ने कहा था माता और मातृभूमि ईश्वर से भी बड़ी होती है। मातृभूमि का महिमामंडन प्रभु श्रीराम ने किया, शंकराचार्य ने किया और इसका महिमामंडन आचार्य चाणक्य ने भी किया। मातृभूमि से ज्यादा कोई चीज हो नहीं सकती। इसलिए उस काली रात जैसे गुलामी के कालखंड में वंदे मातरम रोशनी की तरह था।

## अगर वंदे मातरम के नाम पर तुष्टिकरण न होता तो देश एक होता

कांग्रेस के कई सदस्य आज वंदे मातरम की चर्चा क्यों जरूरी है और इसको एक राजनीतिक हथकंडा बता रही थीं। 1937 में जब स्वर्ण जयंती हुए तो नेहरू ने वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए। 50वें पड़ाव में वंदे मातरम को तोड़ा गया। यहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और इसी ने विभाजन के बीज बोए। कांग्रेस को पसंद आए न आए, लेकिन अगर वंदे मातरम के नाम पर तुष्टिकरण न होता तो देश एक होता।

## खरगे ने किया पलटवार

### *हम 60 सालों से यह गीत गा रहे सरकार सियासी हथियार बना रही*

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वंदे मातरम के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि वह पिछले 60 सालों से यह



गीत गा रहे हैं और 30-35 साल से विधायक व सांसद के रूप में इसे सदन में गाते आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग पहले वंदे मातरम नहीं गाते थे, वे अब इसे राजनीति का हथियार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने अधिवेशनों में वंदे मातरम गाने की परंपरा शुरू की थी और जब स्वतंत्रता सेनानी जेल जा रहे थे, तब 'जो आज देशभक्ति का प्रमाणपत्र बांट रहे हैं, वे अंग्रेजों की नौकरी कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतंत्र और संविधान की भावना को कमजोर कर रही है।

### मोदी और शाह इतिहास को तोड़-मरोड़ रहे

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे कांग्रेस को अपमानित करने के लिए इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को लेकर फैसला कांग्रेस नेताओं के सामूहिक निर्णय से हुआ था, जिसमें नेहरू, गांधी, मौलाना आजाद और सुभाष चंद्र बोस शामिल थे। भाजपा नेहरू और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। नेहरू का नाम चाहे जितना नीचे लाने की कोशिश करें, वह सबसे ऊंचे थे और रहेंगे, आप नीचे हैं और नीचे ही रहेंगे। चीन के मुद्दे पर खरगे ने कहा कि सरकार चुप बैठी है जबकि चीन लगातार सीमा पर आक्रामक हो रहा है। उन्होंने कहा कि 56 इंच की छाती तो रहने दें। पड़ोसी देशों में भारत का प्रभाव घट रहा है और चीन की पकड़ मजबूत हो रही है।

## नड्डा ने खरगे पर साधा निशाना

### भाषण पर आपत्ति, चर्चा को भटकाने का क्या मतलब?

नेता सदन जेपी नड्डा ने खरगे के भाषण में विषय से हटने का आरोप लगाते हुए आपत्ति व्यक्त की। खरगे



ने कहा कि दलितों से नफरत क्यों, वो भी भारत माता के पुत्र हैं। उनकी समस्या यहां रखना गलत है क्या? इस पर नड्डा ने कहा कि दलित आदरणीय हैं, हम उनका ध्यान में रखते हैं। हमारी सरकार में जितना दलितों का भला हुआ है कभी नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि खरगे से निवेदन है, राज्यसभा में उच्च स्तरीय बहस चल रही थी, उसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की थी, हमने की.. लेकिन आपको मुंह की खानी पड़ी। वंदे मातरम पर चर्चा चल रही है, उससे भटकाने का क्या अर्थ है?

### बैलेट पेपर से हो मतदान: मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि ईवीएम से मतदान



की व्यवस्था को पारंपरिक बैलेट पेपर प्रणाली से बदल देना चाहिए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि ईवीएम के संबंध में लगातार उठती गड़बड़ियों की शिकायत की जा रही है। अब ईवीएम के द्वारा वोट डलवाने की जगह पुनः बैलेट पेपर से ही वोट डलवाने की प्रक्रिया लागू की जाए।

### त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है वंदेमातरम

सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में वंदे मातरम को राष्ट्र की आत्मा और



स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोता रहा।

### ईवीएम का सोर्स कंपनी के पास होना चिंताजनक

लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद



मनीष तिवारी ने की। तिवारी ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मशीनों का सोर्स कोड किसी कंपनी के पास होना गलत है।

### केंद्र ने गरीबों को 95.5 लाख घर दिए

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दो योजनाओं के



तहत लाभार्थियों को कुल 95.54 लाख घर उपलब्ध कराए हैं। यह जानकारी आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने संसद में दी। मंत्री ने बताया कि 2020 में सर्वेक्षण से यह पता चला कि 6.5 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे थे।

### 15 लाख किसान कर रहे प्राकृतिक खेती

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि को



बचाने के लिए हम अनेक प्रयास कर रहे हैं। हम बीजों की नई किस्में लगातार तैयार कर रहे हैं। सरकार ने पिछले साल ही प्राकृतिक कृषि मिशन लॉन्च किया है। 15 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। जैविक खेती को बढ़ा रहे हैं।

### 'बंकिम दा' कहा, पीएम माफी मांगें

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री से माफी



की मांग की। बेनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। यहां के कूच बिहार में एक रैली में ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में भाजपा का किसान आंदोलन तेज

**बेंगलुरु।** भाजपा ने कर्नाटक में बड़ी संख्या में किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने



कांग्रेस सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों की निंदा की। प्रदर्शन में भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, नेता प्रतिपक्ष आर अशोक, चलवाड़ी नारायणस्वामी कई विधायक, सदस्य थे।

### भाटी को कोर्ट ने सुनाई 9 साल की सजा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर के एक मामले में जिला न्यायालय ने सुंदर



भाटी सहित 10 लोगों को दोषी करार देते हुए 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सिंहराज, विकास पंडित, योगेश, ऋषिपाल, बॉबी, सोनू, यतेंद्र चौधरी, अनूप पर जुर्माना किया है।

### प्रोड्यूसर विक्रम, पत्नी 7 दिन की रिमांड पर

**मुंबई।** बॉलीवुड से जुड़ा वित्तीय धोखाधड़ी का मामला राजस्थान की उदयपुर अदालत में निर्णायक आ गया।



बायोपिक घोटाले में आरोपी फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला है।

---

राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर शीर्ष अदालत सख्त

# चुनाव आयोग के पास सारी शक्तियां मौजूद धमकियों को संज्ञान में लाएं, हम आदेश देंगे

*कार्य में राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

सीजेआई सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ईसी से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। कोर्ट ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। ईसी ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है।

*सीजेआई और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा*

*पुलिस की तैनाती के अलावा रास्ता नहीं बचेगा*

### तनाव से आत्महत्या करने का सवाल ही नहीं उठता


देश का सर्वोच्च न्यायालय

ईसी की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के 6-7घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।

### बंगाल में 5 विशेष आईएएस नियुक्त

पश्चिम बंगाल में जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कृष्ण कुमार निराला बर्दवान संभाग के लिए एसआरओ होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसआरओ की नियुक्ति से सभी संभागों में एसआईआर प्रक्रिया की जांच मजबूत होगी। राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 4 नवंबर को शुरू हुआ था। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

### तब चेतावनी देकर छोड़ दिया गया

71 साल के राकेश किशोर तब सुर्खियों में आए थे जब इसी साल 6 अक्टूबर को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई से दौरान तब ते सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे 'अनदेखा' करने को कहा और दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## *पूर्व सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील को चप्पल से पीटा*

तत्कालीन सीजेआई बीआर गवई पर जूता उछालने के आरोपी वकील राकेश किशोर पर हमले का मामला सामने आया है। कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में राकेश किशोर पर एक वकील ने चप्पल से हमला कर दिया। वीडियो में वकील राकेश 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में हमलावर का चेहरा नहीं दिख रहा है। राकेश किशोर ने भी हाथ चलाकर जवाब देने की कोशिश की। इस दौरान पहले वह यह पूछते रहे कि क्यों उन पर हमला किया जा रहा है? आसपास मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच बचाव करते हुए स्थिति को संभाला। बाद में वकील ने दावा किया कि वह मध्यप्रदेश के खजुराहो मंदिर परिसर में भगवान विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना के अनुरोध वाली याचिका पर हाल में हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई की टिप्पणी से नाखुश थे।



### अब तक बार एसोसिएशन को कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई

शाहदरा बार एसोसिएशन के महासचिव नरवीर डबास का कहना है कि एसोसिएशन को इस बाबत दो वकीलों के बीच कहासुनी की जानकारी मिली है। हालांकि किसी भी तरफ से कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई भी पक्ष इस घटना की शिकायत करता है तो एसोसिएशन इस पर कार्रवाई करेगी।

---

*मंदिर में दीप जलाने का फैसला*

# जज स्वामीनाथन पर महाभियोग पेश प्रियंका समेत 100 सांसदों ने दी अर्जी


मद्रास उच्च न्यायालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और इंडिया गठबंधन के 100 से ज्यादा सांसदों ने संसद में महाभियोग लाने के लिए प्रस्ताव पेश किया है। यह कदम जस्टिस स्वामीनाथन द्वारा दिए गए एक आदेश को लेकर उठाया जा रहा है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने 4 दिसंबर को एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। उन्होंने सुब्रमनिया स्वामी मंदिर के अधिकारियों को दूसरे पक्ष के विरोध के बावजूद दीपथून पर शाम 6 बजे तक दीपक जलाने का आदेश दिया था। इससे तमिलनाडु सरकार काफी भड़क गई थी और आदेश मानने से ही इनकार कर दिया था।

### मंदिर के अधिकारों की पुष्टि

विरोध का कारण इसकी सिकंदर बादशाह दरगाह से निकटता थी। इसके अलावा कार्तिकई दीपम आमतौर पर पहाड़ी पर स्थित उचिपेल्लैयार मंदिर के पास दीपा मंडपम पर जलाया जाता है। जस्टिस स्वामीनाथन ने इन सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया। अपने फैसले में न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि दीपथून पर दीप जलाने से दरगाह या मुसलमानों के अधिकारों पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि दीप नहीं जलाया गया तो इससे मंदिर के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। आरोप था कि मस्जिद के ट्रस्टी कथित तौर पर पहाड़ी के खाली हिस्सों पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं।

### *मंदिर प्रबंधन सतर्क रहे*

जज ने कहा कि भले ही यह परंपरा का मामला न हो, लेकिन दीपथून पर दीप जलाकर मंदिर का शीर्ष पर अधिकार जताना जरूरी है। उन्होंने 1923 के एक फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद ट्रस्टी यथास्थिति को भंग कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन को संपत्ति पर अतिक्रमण के प्रयास को रोकने के लिए चौकस रहना चाहिए।

### तमिलनाडु सरकार ने नहीं माना फैसला

जस्टिस स्वामीनाथन के आदेश को तमिलनाडु सरकार ने लागू करने से मना कर दिया। सरकार ने इसके पीछे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला दिया है। इसी पर अब विपक्ष महाभियोग की तैयारी में है। तमिलनाडु सरकार इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

---

## अनिल अंबानी के बाद अब बेटे अनमोल के खिलाफ सीबीआई एक्शन में

दस्तावेज, ऋण खाते और आंतरिक रिकॉर्ड की गहन जांच जारी

# 228 करोड़ के घोटाले में एफआईआर दर्ज, घर सहित कई स्थानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ईडी द्वारा हाल ही में 1,120 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त करने के


अनमोल अंबानी, अनिल अंबानी

बाद अब सीबीआई ने उनके बेटे जय अनमोल अंबानी के खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 228.06 करोड़ के कथित नुकसान से जुड़ी है। सोमवार को सीबीआई ने कंपनी के कार्यालयों तथा जय अनमोल अंबानी के निवास स्थान पर छापेमारी भी शुरू की। एजेंसी दस्तावेज़, ऋण खाते और आंतरिक रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। अनिल का रिलायंस समूह 17,000 करोड़ के ऋणों में अनियमितताओं के लिए मनी लॉन्डिंग जांच का सामना कर रहा है।

### *3 साल तक धन का दुरुपयोग किया*

*सीबीआई की बैंकिंग सिक्योरिटी एंड फ्रॉड ब्रांच ने 6 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में एफआईआर दर्ज की। इसमें रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के पूर्व निदेशक जय अनमोल अंबानी, पूर्व सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र शरद सुधाकर, अज्ञात सहयोगियों तथा कुछ अज्ञात लोक सेवकों को नामजद किया गया है। आरोप है कि 1 अप्रैल 2016 से 30 जून 2019 के बीच धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग की घटनाएं हुईं।*

### यूनियन बैंक ने की थी शिकायत

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुंबई स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा के उप महाप्रबंधक अनूप विनायक तराले की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई। 2015 में आरएचएफएल ने आंध्रा बैंक (अब यूनियन बैंक में विलय) से संपर्क किया था। बैंक ने 200 करोड़, 150 करोड़ और 100 करोड़ रुपए दिए थे।

### फंड डायवर्जन का खुलासा

5 मई 2020 की फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। कुल 12,573.06 करोड़ के लगभग 86% कॉर्पोरेट ऋण संभावित रूप से जुड़ी हुई संस्थाओं को दिए गए थे, जिनमें पुनर्भुगतान क्षमता या पर्याप्त कोलेटरल का उचित आकलन नहीं किया गया था। लगभग 40% राशि (3,573.06 करोड़) आवास वित्त के मूल उद्देश्य के बजाए ग्रुप कंपनियों के पुराने ऋण चुकाने में इस्तेमाल की गई। 18% राशि (1,610.13 करोड़) सर्कुलर ट्रांजेक्शन में फंसी दिखी, जिसमें धन वापस आरएचएफएल को ही लौटाया गया। शेष 22% राशि (1,934.88 करोड़) के अंतिम उपयोग का पता नहीं चल सका।

---

राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए

# हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा व आजीविका का अहम स्रोत बना

## यह समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में वर्ष 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि कला हमारे अतीत की स्मृतियों, वर्तमान के अनुभवों और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन काल से ही मनुष्य चित्रकला या मूर्तिकला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता रहा है। कला लोगों को संस्कृति से जोड़ती है। कला लोगों को एक-दूसरे से भी जोड़ती है।



### हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित बनी हुई है, तो इसका श्रेय पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे कारीगरों की प्रतिबद्धता को जाता है। हमारे कारीगरों ने अपनी कला और परंपरा को बदलते समय के साथ ढाला है और साथ ही मूल भावना को भी जीवित रखा है।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। यह क्षेत्र देश में 32 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है। हस्तशिल्प से रोजगार और आय प्राप्त करने वाले ज्यादातर लोग ग्रामीण या दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह क्षेत्र रोजगार और आय का विकेंद्रीकरण करके समावेशी विकास को बढ़ावा देता है।



आग बुझने के बाद क्षतिग्रस्त ऑफिस **इनसेट में** आग में जलती बिल्डिंग

# जकार्ता में आग से 20 की मौत, राहत और खोजबीन जारी

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि, आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की।


बिल्डिंग की सुरक्षा करती पुलिस

### आग ऊपर की मंजिलों तक फैली

*कोंड्रो के अनुसार आग दोपहर के समय इमारत की पहली मंजिल पर लगी और धीरे-धीरे ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। जिस समय आग लगी, कई कर्मचारी लंच कर रहे थे, जबकि कुछ ऑफिस से बाहर जा चुके थे।*

### आग के कारणों की कर रहे जांच

*जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है। उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है।*

*अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 101 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया।*

### टेरा ड्रोन कंपनी का ऑफिस

यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य पूरा होने तक इमारत को पूरी तरह सील रखा जाएगा।

---

भारत पर मंडराया कृषि संकट

# यूएस राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयातित चावल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के दिए संकेत

*ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से अमेरिका आने वाले चावल पर सख्ती करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि भारत को अपना चावल अमेरिकी बाजार में नहीं खपाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि ऐसा न हो, हम इसका ध्यान रखेंगे। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए ये बात कही।

- अमेरिकी किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की मदद का ऐलान

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया।

### सस्ता चावल खपाने का आरोप

बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। मेरिल ने कहा कि भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है। पहले प्यूर्टो रिको, अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार था।

### चावल पर टैरिफ की कोई छूट नहीं

ट्रंप ने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से पूछा, भारत को अपना चावल अमेरिका में खपाने की इजाजत क्यों मिल रही है? उन्हें टैरिफ देना चाहिए या उन्हें चावलों पर कोई छूट मिली हुई है? इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को कोई छूट नहीं मिली है, लेकिन हमारी अभी भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है।

### चावल निर्यात में भारत की बड़ी हिस्सेदारी

भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, यहां 15 करोड़ टन चावल का सालाना उत्पादन होता है, जो दुनिया के कुल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। भारत, चावल का सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, साल 2024-25 में चावल के कुल निर्यात का 30 प्रतिशत अकेले भारत ने निर्यात किया। ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 2.34 लाख टन चावल का निर्यात किया। हालांकि भारत के कुल बासमती चावल निर्यात 52 लाख टन का यह पांच प्रतिशत से भी कम है।

### पानी नहीं छोड़ा तो 5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा

*ट्रंप ने मैक्सिको को चेतावनी दी है कि अगर वह समझौते के तहत तय पानी नहीं देता, तो वॉशिंगटन उस पर पांच फीसदी का अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस पानी की कमी से टेक्सास के किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में कहा कि मैक्सिको पिछले पांच साल से संधि के तहत अपना वादा नहीं निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक पानी की कमी आठ लाख एकड़-फुट से भी ज्यादा हो चुकी है, जो टेक्सास की फसलों और पशुपालन के लिए बड़ी समस्या है।*

---

## खबर संक्षेप

### नकवी की कार की पुलिस ने तलाशी ली




**लंदन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं।

### दिल्ली ब्लास्ट में आरोपी नसीर गिरफ्तार





**दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी आज सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। बता दें, जांच एजेंसी एनआईए के द्वारा 16 नवंबर को इस आरोपी की गिरफ्तारी की गई थी।

### कराची में हिंदू महिला और बेटी का अपहरण



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची के शेरशाह स्थित सिंधी मोहल्ले में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने यहां एक हिंदू महिला और उसकी नाबालिग बेटी का अज्ञात बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। परिवार ने बताया कि महिला जैसे ही घर से बाहर निकली 3 हथियारों से लैस लोग आए और उसे जबरन एक सफेद कार में बैठा लिया। सिंध प्रांत में नागरिक अधिकार कार्यकर्ता शिवा काची ने बताया है कि रानी और उनकी नाबालिग बेटी अब भी लापता हैं। अब जबरन इस्लाम कुबूल करवाया जाएगा।

### जापान में भूकंप से 33 लोग घायल



**टोक्यो।** उत्तरी जापान के समुद्र तट के पास सोमवार देर रात 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में 33 लोग घायल हुए। इसके अलावा, प्रशांत तटवर्ती इलाकों में सुनामी की लहर आई। अधिकारियों ने बाद में और बड़े भूकंप के झटकों के जोखिम की चेतावनी दी। जापानी सरकार भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। यह भूकंप रात करीब सवा ग्यारह बजे प्रशांत महासागर में आया। भूकंप मुख्य होंशू द्वीप के उत्तरी हिस्से में आओमोरी तट से लगभग 80 किलोमीटर दूर समुद्र में आया।

---

गोवा सीएम सांवत ने नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के खिलाफ जारी किया आदेश

# नाइट क्लब के बाद रेस्टोरेंट पर भी चला बुलडोजर, इंटरपोल ने जारी किया नोटिस

मार्च 2024 में लाइसेंस खत्म होने के बाद हो रहा था संचालन

एजेंसी ▶▶ पणजी

*सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने कहा कि यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है*

लूथरा बंधुओं के गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के साथ रेस्टोरेंट को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। सीएम प्रमोद सावंत के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। गोवा सीएमओ ने एक बयान जारी कर बताया कि इंटरपोल ने भी नाइट क्लब के मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। गोवा पुलिस ने दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से संपर्क किया था। सीएम कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने का निर्देश दिया है।

अधिकारी ने कहा कि यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है। वहीं राज्य प्रशासन ने स्थानीय पंचायतों पर अवैध निर्माण की मंजूरी देने का आरोप लगाया। सीएम कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि नाइट क्लब के बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन और भवन मरम्मत की एनओसी पर हस्ताक्षर किए। नाइट क्लब का ट्रेड लाइसेंस भी मार्च 2024 में खत्म हो गया था।



नाइट क्लब में अग्निकांड के बाद पुलिस की उपस्थिति में जले हुए अवशेषों को हटाते हुए

### सुरिंदर खोसला को भी बताया जा रहा आरोपी

*जिस जगह नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन बना था, उस जमीन के मालिक प्रदीप अमोनकर ने बताया कि जिस नाइट क्लब में आग लगी, उसमें अवैध निर्माण की कई वर्षों से शिकायत हो रही थी। अमोनकर ने बताया कि उन्होंने साल 1994 में अरपोरा गांव में दो प्लॉट लिए थे और साल 2004 में उन्होंने सुरिंदर कुमार खोसला के साथ इस प्लॉट को बेचने का समझौता किया था, लेकिन छह महीने बाद ये सौदा खारिज हो गया क्योंकि खोसला पैसों का भुगतान नहीं कर सके। इसके बावजूद खोसला ने इस जमीन पर नाइट क्लब बनाया, जिसे बाद में सौरभ और गौरव लूथरा ने ले लिया। फिलहाल ये दोनों ही यहां बिर्क बाय रोमियो लेन नाइट क्लब का संचालन कर रहे थे।*

### तीसरा आरोपी कोहली अरेस्ट

तीसरे आरोपी भारत कोहली को दिल्ली से हिरासत में लेकर गोवा पुलिस अपने साथ ले आई है। उससे लंबी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ से भागे हुए आरोपियों की भूमिका और आग से पहले की घटनाओं को समझने में मदद मिल सकती है।

### दिल्ली में लूथरा ब्रदर्स के घर पहुंची पुलिस

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के दो मुख्य आरोपियों की तलाश तेज हो गई है। लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद पुलिस की एक टीम आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की तलाश में उसके घर जीटीबी नगर पहुंची। जीटीबी नगर स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' रेस्टोरेंट के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के ठिकानों पर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दस्तक दी। जो कथित तौर पर एक घटना के बाद से फरार हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। आग रात लगभग 12 बजे के करीब लगी थी, लेकिन सुबह 5:30 बजे ही दोनों आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से फुकेट (थाईलैंड) के लिए उड़ान ले चुके थे।


सौरभ लूथरा, गौरव लूथरा

---

द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

# ब्राजील की चार दिवसीय यात्रा पर नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मंगलवार से ब्राजील की चार दिवसीय (9 से 12 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसका उद्देश्य भारत के इस मित्र देश के साथ अपनी समुद्री सेना की मजबूत और बढ़ती हुई साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।



यात्रा के दौरान नौसेनाप्रमुख ब्राजील के वरिष्ठ सरकारी नेतृत्व जैसे रक्षा मंत्री जोस मुसियो, सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ प्रमुख एडमिरल रेनाटो रोड्रिग्स.डी अगुइर फ्रेयर और ब्राजील की नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सम्पायो ओलसेन के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह संवाद दोनों पक्षों के बीच वर्तमान में बने हुए द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तरीय संबंधों को बढ़ाने और दोनों नौसेनाओं के मध्य सहयोग के नए मार्ग तलाशने के अवसर प्रदान करेगा।

### स्कॉर्पीन पनडुब्बी की मरम्मत करेगा भारत

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत और ब्राजील एक-दूसरे के साझेदार देश हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर होने वाले सैन्य समुद्री युद्धाभ्यासों में दोनों देशों की नौसेनाएं एक साथ भाग लेती हैं। इसके अलावा भारत की तरह ही ब्राजील की नौसेना भी फ्रांस में निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का अपनी समुद्री सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करती है।

वर्तमान समय में ब्राजील अपनी स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के रखरखाव, मरम्मत के लिए भारत के सरकारी क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण शिपयार्ड (डीपीएसयू) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ बातचीत कर रहा है। दोनों पक्षों की इस वार्ता में मामले पर एक समझौता ज्ञापन (एमडीएल) पर हस्ताक्षर करने का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी की इस यात्रा में होने वाली बातचीत में यह मुद्दा भी शामिल किया जा सकता है।

### सैन्य प्रतिष्ठानों में भी जाएंगे नौसेनाप्रमुख

एडमिरल त्रिपाठी ब्राजील के नौसैनिक अड्डों और शिपयार्डों का भी दौरा करेंगे। जबकि ब्राजील के शीर्ष नेतृत्व के साथ होने वाली उनकी वार्ता में साझा समुद्री प्राथमिकताओं, नौसैनिक अंतर-संचालन, क्षमता निर्माण, व्यापक दक्षिण-दक्षिण सहयोग से इतर बहुपक्षीय ढांचे के तहत सहयोग जैसे मुद्दों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

---

भारत-अमेरिका के विदेश अधिकारियों की बैठक

# व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा सहयोग तकनीक जैसे मुद्दों पर की बातचीत


विक्रम मिसरी और एलिसन हूकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय से जुड़ी हुई एक महत्वपूर्ण मंत्रणा बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों में शामिल व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग, विश्वास से जुड़े कदम, ऊर्जा सहयोग, तकनीक, जटिल खनिज और भरोसेमंद सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर बातचीत की गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस वार्ता में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिकी विदेश विभाग में उप-सचिव एलिसन हूकर शामिल हुए।

दोनों पक्षों ने साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी अपनी बातचीत के दौरान विचार-विमर्श किया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अमेरिका के प्रतिनिधियों ने इस संवाद में एक खुले हुए स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी अपनी प्रतिबद्धता जताई।

---

# शहीदों को समर्पित 'स्वाहिद स्मारक'



**गुवाहाटी।** असम में 1979 से 1985 तक चले छह साल लंबे आंदोलन के दौरान 855 शहीदों को समर्पित राज्य का पहला भव्य 'शहीद स्मारक क्षेत्र और उद्यान 'स्वाहिद स्मारक' बुधवार, 10 दिसंबर को जनता के लिए खोला जाएगा। 116 बीघा में फैले इस स्मारक का काम पूरा हो चुका है। यह स्मारक गुवाहाटी के बोरगांव इलाके में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर बताया कि वे 10 दिसंबर को इसका उद्घाटन करेंगे।

---

एआई जल्द होगा मेक इन इंडिया, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

# सत्या नडेला की पीएम मोदी से मुलाकात, माइक्रोसॉफ्ट कंपनी करेगी 1.5 लाख करोड़ रु. का सबसे बड़ा निवेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भारत की क्षमता को मजबूत करने के लिए कंपनी का अब तक का एशिया में सबसे बड़ा निवेश 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए) करने की घोषणा की।


पीएम मोदी और सत्या नडेला

नडेला ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात के बाद कहा कि भारत एआई क्रांति के अग्रणी देशों में से एक बनने की क्षमता रखता है, और माइक्रोसॉफ्ट इस बदलाव का प्रमुख साझेदार बनेगा।

### दुनिया भारत की एआई क्षमता को लेकर आशावादी है: प्रधानमंत्री मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने सत्या नडेला से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जहाँ तक एआई की बात है, दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। सत्या नडेला के साथ बहुत उपयोगी चर्चा हुई। यह जानकर खुशी हुई कि माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश भारत में करने जा रहा है। देश का युवा वर्ग इस अवसर का पूरा लाभ उठाएगा और एआई की ताकत से दुनिया को एक बेहतर दिशा देगा।

### भारत में एआई के लिए नई संभावनाओं का द्वार

यह निवेश भारत में एआई-संबंधित कई प्रमुख क्षेत्रों को गति देगा। डाटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार ही सकेगा। स्थानीय एआई मॉडल्स, भाषा-आधारित मॉडल और सॉवरेन एआई परियोजनाएं गति पकड़ेंगी।

### भारत 'एआई-फर्स्ट इकॉनमी' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा

सत्या नडेला ने पीएम नरेंद्र मोदी को भारत की एआई संभावनाओं पर बेहद प्रेरणादायक बातचीत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ऐलान किया कि भारत की आकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश, 17.5 अरब डॉलर का कर रहा है। यह निवेश देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल्स और सॉवरेन एआई क्षमताओं को विकसित करने में मदद करेगा। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख नडेला ने यह भी कहा कि भविष्य में भारत 'एआई-फर्स्ट इकॉनमी' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और माइक्रोसॉफ्ट देश में स्थानीय प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू करेगा।

# एडिलेड टेस्ट में कमिंस की वापसी तय, हेजलवुड बाहर

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रंखला में 2-0 से आगे है। आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी।''इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था। तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी, जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है।




# इंग्लैंड को करारा झटका, चोट के कारण वुड बाहर

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए।

वुड पर्थ में श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज श्रृंखला से पहले एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

वुड ने कहा, 'मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए सर्जरी और सात महीनों की कड़ी मेहनत और रिहैबिलिटेशन के बावजूद मेरा घुटना अब तक ठीक नहीं हो पाया है।''इंग्लैंड को एशेज जीतने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। इंग्लैंड ने 2010-11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट नहीं जीता है और वुड के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है।



## खबर संक्षेप



### पुंछ एलओसी के पास मैराथन सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी। यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा।

### एसए20 की कमेंट्री टीम में उथप्पा, स्टेन और मॉर्गन

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व दिग्गज टी20 खिलाड़ी रोबिन उथप्पा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन एसए20 लीग के आगामी सत्र के लिए कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।



एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में एसए20 का प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। अपनी पीढ़ी के महानतम तेज गेंदबाजों में शामिल स्टेन और इंग्लैंड की 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के कप्तान मोर्गन के जुड़ने से कमेंट्री टीम को और मजबूती मिली है। पिछले सत्र में भी इस लीग के कमेंट्री पैनल का हिस्सा रहे उथप्पा एसए20 लीग के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे। जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेंट्री पैनल में शामिल अन्य सदस्य इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन, पूर्व प्रथम श्रेणी कमेंटेटर और दिग्गज क्रिकेट विशेषज्ञ मार्क निकोलस, टी20 क्रिकेट के बल्लेबाजों में शामिल एबी डिविलियर्स और दक्षिण अफ्रीका के उनके हमवतन जेपी डुमिनी, एश्वेल प्रिंस, क्रिस मौरिस तथा वर्नन फिलेंडर हैं।

### 21 को कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे 23 हजार धावक

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23 हजार से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे। युगांडा के चेप्टेगी और



महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतुम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे, जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है।

## कटक टी20: भारत ने 101 रन से जीता मुकाबला, सीरीज में 1-0 की लीड

# छा गए भारतीय गेंदबाज, दक्षिण अफ्रीका को किया 12.3 ओवरों में 74 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶| कटक

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कटक में खेले गए पहले टी20 मुकाबले पर टीम इंडिया ने 101 रन से कब्जा किया। मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की और साउथ अफ्रीकी टीम की बैटिंग ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पूरी टीम 12.3 ओवरों में 74 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 101 रन से मैच जीत लिया। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 1-0 की लीड हासिल कर ली है। अर्शदीप सिंह ने पहला झटका देकर मैच को पूरी तरह सेट कर दिया। जसप्रीत बुमराह अपनी सटीक गेंदबाजी से सबसे अलग दिखे। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने बीच में बल्लेबाजों को बांधकर विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने भी एक विकेट लिया और आखिर में शिवम दुबे ने आखिरी विकेट लेकर मैच खत्म कर दिया। भारत ने यह मैच एकतरफा तरीके से जीत लिया। यह जीत भारत के लिए बहुत खास रही। बल्लेबाजी में हार्दिक पंड्या (59)चमके और गेंदबाजी में पूरी टीम ने मिलकर कमाल कर दिया। साउथ अफ्रीका का ये टी20 में सबसे कम स्कोर था।



### तिलक ने पूरे किए 1 हजार टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन

तिलक ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 26 रन बनाए और इस बीच अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1 हजार रन पूरे किए। वह भारत की ओर से टी-20 प्रारुप में ये आंकड़ा छूने वाले कुल 13वें बल्लेबाज बने। भारतीय बल्लेबाजों में तिलक 5वें सबसे तेज 1 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। इस मामले में उनसे आगे विराट कोहली (27), अभिषेक शर्मा (28), केएल राहुल (29) और सूर्यकुमार यादव (31) है।

### पांड्या ने लगाया छक्कों का शतक

पांड्या अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए 100 छक्के जड़ने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस सूची में रोहित शर्मा (205) पहले पायदान पर हैं। रोहित इस प्रारुप में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज भी हैं। भारत के लिए दूसरे सर्वाधिक छक्के जड़ने का रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने 155 छक्के जड़े हैं। इसी तरह विराट कोहली 124 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का यानसेन बो सिपामला | 17 | 12 | 2 | 1 |
| शुभमन का यानसेन बो एनगिडी | 04 | 2 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का मारक्रम बो एनगिडी | 12 | 11 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा का यानसेन बो एनगिडी | 26 | 32 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल का फरेरा बो सिपामला | 23 | 21 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 | 28 | 6 | 4 |
| शिवम दुबे बो फरेरा | 11 | 9 | 2 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 10 | 5 | 0 | 1 |

अतिरिक्त: 13, कुल योग: 20 ओवर में 175/6 रन
गेंदबाजी: एनगिडी 4-0-31-3, यानसेन 4-0-23-0, सिपामला 4-0-38-2, नोर्किया 4-0-41-0, महाराज 2-0-25-0, फरेरा 2-0-13-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का अभिषेक बो अर्शदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| एडेन मारक्रम बो अक्षर | 14 | 14 | 1 | 1 |
| स्टब्स का जितेश बो अर्शदीप | 14 | 9 | 2 | 0 |
| ब्रेविस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 22 | 14 | 3 | 1 |
| मिलर का जितेश बो पंड्या | 01 | 3 | 0 | 0 |
| फरेरा का जितेश बो चक्रवर्ती | 05 | 7 | 1 | 0 |
| यानसन बो चक्रवर्ती | 12 | 12 | 0 | 2 |
| महाराज का जितेश बो बुमराह | 00 | 2 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया बो अक्षर | 01 | 3 | 0 | 0 |
| सिपामला का अभिषेक बो दुबे | 02 | 5 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01 कुल योग: 12.3 ओवर में सभी आउट: 74 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 2-0-14-2 , बुमराह 3-0-17-2, चक्रवर्ती 3-1-19-2, अक्षर 2-0-7-2, पंड्या 2-0-16-1, दुबे 0.3-0-1-1

### सबसे कम स्कोर पर ढेर हुई अफ्रीकी टीम


दक्षिण अफ्रीका की पारी बहुत खराब शुरू हुई। लक्ष्य था 176 रन लेकिन पहले ही ओवर में क्विंटन डिकॉक बिना रन बनाए आउट हो गए। इससे टीम पर शुरू से दबाव पड़ गया। ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडन मार्करम ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन दोनों बड़ी पारी नहीं खेल सके। डेवाल्ड ब्रेविस ने तेजी से 22 रन बनाए और थोड़ा लड़ने की कोशिश की लेकिन जसप्रीत बुमराह ने उन्हें आउट कर दिया। बीच के ओवरों में विकेट लगातार गिरते रहे। डेविड मिलर, फरेरा और मार्को यानसन भी ज्यादा देर नहीं टिके। भारत की गेंदबाजी इतनी सही थी कि रन बनाना ही मुश्किल हो गया।

### बुमराह ने पूरे किए 100 टी-20 विकेट

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे करने के साथ ही बुमराह क्रिकेट के तीनों प्रारुप (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100-100 विकेट चटकाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उनके अब टेस्ट में 234, वनडे में 149 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 101 विकेट हो गए हैं। बुमराह यह कारनामा करने वाले दुनिया के 5वें गेंदबाज हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, न्यूजीलैंड के टिम साउथी, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और शाकिब अल हसन ऐसा कर चुके हैं।

फुटबॉल

# फैशन शो में हिस्सा लेंगे मेस्सी और सुआरेज



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे, जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' के प्रमोटेर सतादरू दत्ता ने बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे। दत्ता ने बताया कि यह 'धर्मार्थ फैशन शो' होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेस्सी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा ।


केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29.12.2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, बैरागढ चीचली, भोपाल फोन : 918105190051, e-mail id : cb2634@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002634** | | | |
| ऋणी: **मेसर्स लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल एंड सर्विसेज** पार्टनरः श्री अरविंद कुमार मेहता **मेसर्स लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल एंड सर्विसेज** पार्टनरः श्रीमती रेखा देवी मेहता | दिनांक 27/11/2024 को ₹ 26,46,367/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति फ्लैट नं. 404, ब्लॉक टाइप डीएम.05 तृतीय तल खसरा क्रमांक 251/3,252/3,252/4, 259/3, 259/4, 259/5, 299/266/3 और 251/2, 252/2 आईबीडी हॉलमार्क सिटी, गांव महाबड़िया, पीएच 31 कोलार रोड तहसील कोलार जिला भोपाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः डीएम-05/401, पश्चिमः डीएम-06/401, उत्तरःरोड (नीचे), दक्षिणः डीएम- 05/403, संपत्ति मालिक- श्रीमती रेखा देवी मेहता पत्नी श्री अरविंद कुमार मेहता | ₹ 13,50,000/- ₹ 1,35,000/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बीएचईएल शाखा, भोपाल फोन (Ph. No 919836556510) e-mail id : cb2544@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0002544** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री लीला किशन** सहऋणी एवं बंधककर्ताः श्रीमती सुलोचना बाई पत्नि श्री लीला किशन | ₹ 357523.17/- + दिनांक 30.12.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी फ्लैट नं. एस-2, क्षेत्रफल- 280 वर्गफिट द्वितीय तल, आशुतोष परिसर, खसरा नं. 468/1, 469,471/8/3, 468/1/8/3, 468/1/8/1, 468/1/8/4, का भाग, शिवलोक कालोनी, फेस-3, खजूरी कलां, भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 79, उत्तर- फ्लैट नं. एस-03, दक्षिण- फ्लैट नं. एस-01 | ₹ 7,65,000/- ₹ 76,500/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बैरसिया शाखा, बैरसिया (Ph. No 919827214021) e-mail id : cb3176@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0003176** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः **श्री धारु सिंह डांगी** सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ताः **श्रीमती राजमणि पत्नि श्री धारु सिंह डांगी** | ₹ 11,33,616/- + दिनांक 18.06.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति सर्वे क्रमांक 116, फ्री होल्ड डायवर्टेड आवासीय प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 30*40= 1200 वर्गफीट ग्राम नरेला बाजाफ्ता पी.सी. क्रमांक 48/33, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः उसी सर्वे क्रमांक 116 की शेष भूमि, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः शकील अहमद का प्लॉट, दक्षिणः उसी सर्वे क्रमांक 116 की शेष भूमि | ₹ 25,38,000/- ₹ 2,53,800/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक सांची शाखा : सांची फोन : 9630440445, e-mail id :- cb1183@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001183** | | | |
| ऋणी : **बद्री सिंह सेन** पुत्र श्री राम सिंह जमानतदार-दातार सिंह पुत्र भगवान सिंह | ₹ 11,89,120/- +दि. 30.12.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित पी.सी. नं. 8, खसरा नं. 125/2, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफिट ग्राम- राताटीला में स्थित प्लाट पर मकान, तहसील एवं जिला-रायसेन चर्तुसीमाएं- उत्तर- फूल सिंह सेन का मकान, दक्षिण- शादीलाल मेहरा की भूमि, पूर्व- रूप सिंह की भूमि, पश्चिम-15 फिट चौड़ी रोड | ₹ 7,00,000/- ₹ 70,000/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, गंजबासौदा शाखा (Ph. No. 7827580002) e-mail id : cb5676@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005676** | | | |
| ऋणी- **श्री राजकुमार** पुत्र बने सिंह जमानतदारः **श्री बहादुर सिंह** पत्नि श्री मान सिंह | ₹ 572043.71 +दि. 30.12.2020 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति प्लाट एवं भवन स्थित ग्राम राजोदा पीएच. नं. 44 सर्वे नं. 317, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.) क्षेत्रफल 750.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः बहादुर सिंह की भूमि, उत्तरः 15 फीट चौड़ी गली, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | ₹ 4,30,000/- ₹ 43,000/- ₹ 10000/- |
| ऋणी-**श्रीमती मालती बाई** पत्नि श्री शैतान सिंह सहऋणी- **श्री शैतान सिंह** पुत्र श्री श्री छोटेलाल | ₹ 548775.00 +दि. 30.12.2021 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय प्लॉट क्रमांक 18 सर्वे क्रमांक 180 पी. एच. नंबर 44. ग्राम राजोदा, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा 464221 क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः भूमि, पश्चिमः गली नंबर 20 फीट, उत्तरः राधेश्याम गौड़ का प्लॉट, दक्षिणः भूमि | ₹ 12,30,000/- ₹ 1,23,000/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 9860341394 ) e-mail id : cb0360@canarabank.com Authorised Officer : Contact No. 9860341394 , Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0000360** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती श्वेता शर्मा पत्नि अमित शर्मा** जमानतदार-श्री राजकुमार मौर्य पुत्र कालूराम मौर्य | दि. 31.08.2024 को ₹ 14,22,395.21/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रेवेन्यु / सर्वे नं. 270/3, 271/3, 270/4 एवं 271/4, पटवारी हल्का नं. 6/10, वार्ड नंबर 79, आवासीय फ्लैट नंबर बी-604, 6वीं मंजिल, ब्लॉक- बी, कस्तूरी हाइट्स, ग्राम लांबाखेड़ा, भोपाल (म.प्र.) फ्लैट सुपर निर्मित चर्तुसीमाएंः पूर्व- बालकनी, पश्चिमः फ्लैट नंबर 605, उत्तरः फ्लैट नंबर 603, दक्षिणः बालकनी | ₹ 20,08,000/- ₹ 2,00,800/- ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक होशंगाबाद शाखा (Ph. No 7080725570) e-mail id : cb2367@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002367** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः 1) **मेसर्स विनायक ट्रेडिंग कंपनी** प्रोपराइटरः श्री लाल सिंह राजपूत पुत्र मोहन सिंह सहबाध्यकारी/ऋणी/ बंधककर्ता 3) श्रीमती सुलोचना राजपूत पत्नि लाल सिंह राजपूत | ₹ 61,43,274.38 + दिनांक 07.09.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | एक डायवर्टेड प्लॉट एरिया 0.08 एकड़ 1750 वर्गफीट अर्थात 162.63 वर्गमीटर भवन सहित (आवासीय एक मंजिला मकान) डायवर्टेड खसरा क्रमांक 97/3 स्थित मौजा आरी पी.सी. क्रमांक 15/08 तहसील-बाबई, जिला होशंगाबाद म.प्र. चर्तुसीमाएंः पूर्व- सांगाखेड़ा रोड, पश्चिम- शेष क्षेत्र, उत्तर- मनोज और चेतन कुमार का क्षेत्र, दक्षिण- नत्थू ठाकुर का क्षेत्र | ₹ 17,50,000/- ₹ 1,75,000/- ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29-12-2025 सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29-12-2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

**E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com**

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः **08-12-2025** प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक


आईसीसी रैंकिंग

# टॉप 10 में स्मृति और जेमि लॉरा का जलवा बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वर्ल्ड कप 2025 में विश्व विजेता भारतीय टीम की नंबर 1 बैटर स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में नंबर 2 की पोजीशन पर मौजूद हैं। आईसीसी की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में स्मृति के 811 रेटिंग अंक हैं। वहीं साउथ अफ्रीका की कप्तान और वर्ल्ड कप की टॉप स्कोरर लॉरा वोल्वार्ट 814 रेटिंग अंक नंबर 1 महिला वनडे बैटर बनी हुई हैं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ही हैं। भारतीय महिला टीम अब टी20 सीरीज खेलने 21 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी।

### जेमि 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर

अगर महिलाओं की वनडे रैंकिंग के टॉप 10 बैटर्स की बात करें तो जेमिमा रोड्रिग्स को तगड़ा फायदा हुआ था। भारत के लिए सेमीफाइनल में जीत की हीरो रहीं जेमिमा 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर आ गई थीं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी फायदा हुआ था और वह 18वें से 14वें स्थान पर आ गई थीं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमि ही हैं।

### एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज

ताजा रैंकिंग टी20 की अपडेट हुई हैं, जिसमें एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज हैं और बेथ मूनी नंबर 1 बैटर हैं। साउथ अफ्रीका की मलाबा चार स्थान की छलांग के साथ नंबर 6 पर आ गई हैं। वहीं भारतीयों की रैंकिंग में खास बदलाव नहीं हुए हैं। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के बाद कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।
**दीप्ति का रैंकिंग में दबदबा** : इसके अलावा महिला वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा टॉप 5 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में हैं। वह चौथे स्थान पर मौजूद हैं। जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में वह टॉप 10 में मौजूद अकेली भारतीय खिलाड़ी हैं और पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। अगर महिला टी20 बैटर्स की रैंकिंग देखें तो स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा 9वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा नंबर 2 और रेणुका सिंह ठाकुर 11वें स्थान पर हैं। टी20 ऑलराउंडर्स में भी दीप्ती शर्मा तीसरे स्थान पर हैं और टॉप 10 में अकेली भारतीय हैं।

# प्रदर्शन मैच में अल्काराज का जलवा अमांडा और जेसिका ने लिया हिस्सा



एजेंसी ▶▶| मियामी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा।

यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्काराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाईब्रेकर में अनिसिमोवा और फोन्सेका को हराया। अल्काराज ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि लोग लोग हमारे मुकाबले का भरपूर आनंद लेंगे। मुझे लगता है कि हमें इस तरह के स्टेडियम और कोर्ट में खेलते देखना रोमांचक है।'

### सुपर ओवर में डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को हराया

**दुबई।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया।




## कृत्रिम अंगों की सहायता व व्हीलचेयर पर खेला जा रहा है दिव्यांग क्रिकेट

व्हीलचेयर क्रिकेट में रचा इतिहास, भारत ने 20 ओवर में रिकॉर्ड 317 रन ठोके

# व्हीलचेयर क्रिकेट में भारतीय टीम ने श्रीलंका को रिकॉर्ड 285 रन से हराया





**अस्थिबाधित महिला व पुरुष व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

व्हीलचेयर क्रिकेट में भारत ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में 317 रन दो विकेट खोकर ठोक दिए, जो व्हीलचेयर क्रिकेट में एक इतिहास है। भारत की ओर से दो खिलाड़ियों ने सेंचुरी लगाईं। इनमें परशुराम ने 152 रन व आर कोटेश्वर ने नाबाद 116 रन बनाए। श्रीलंका मात्र 32 रन पर ही आउट हो गई। भारत ने यह मैच 285 रन के अब तक के सबसे बड़े मार्जिन से यह मैच जी ता। आर कोटेश्वर ने 6 विकेट लेकर इंडियन व्हीलचेयर का रिकॉर्ड अपने नाम किया। वहीं परशुराम ने तीन विकेट भी लिए और वे आज के मैन ऑफ द मैच रहे।

**पुष्पा मिंज रहीं मैन ऑफ द मैच**

## झारखंड ने महाराष्ट्र को 7 रन से हराया



मंगलवार का प्रथम अस्थिबाधित महिला मैच महाराष्ट्र व झारखंड के बीच हुआ। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का निर्णय लिया। निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 70 रन बनाए। जवाब में महाराष्ट्र की टीम मात्र 63 रन ही बना सकी। झारखंड ने यह मैच सात रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच झारखंड की पुष्पा मिंज रहीं। वहीं अतिथियों के रूप में संजीव सक्सेना, सुशील अग्रवाल, रामबाबू शर्मा, किशन सूर्यवंशी, योगेश सोनी, आर के हिंगोरानी, सतीश कुमार, हारून रशीद मौजूद रहे।

निगम अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया परिचय

# खेल प्रतियोगिता के आयोजन ने दिव्यांगजन के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया



**भोपाल।** दिव्यांगजन के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देता है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संकेत के साथ ही दिव्यांगजन के आत्मविश्वास को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाता है। यह बात नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने उमंग इंटरनेशनल ट्राफी-2025 के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। सूर्यवंशी ने दिव्यांगजन हेतु आयोजित प्रतियोगिता को प्रेरणादायी पहल निरूपित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्रदान करते हैं साथ ही उन्हें बेहतर से बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित भी करते हैं।

**फेथ मैदान पर परमानंद भाई ट्रॉफी अंडर -22 बॉयज चार दिनी टूर्नामेंट**

# भोपाल और जबलपुर डिवीज़न के बीच मैच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल चार दिवसीय अंडर -22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर जबलपुर डिविजन और भोपाल डिविजन के मध्य मैच प्रारंभ हुआ। भोपाल डिवीजन ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 93.2 ओवरों में 6 विकेट पर 333 रन बना लिए हैं, जिसमें प्रांशु प्राण ने 105 रनों की शतकीय पारी खेली, विकास शर्मा 98, प्रारब्ध मिश्रा 70 रन पर आउट हुए और ओजस्व यादव नाबाद खेल रहे हैं। जबलपुर डिविजन के अलंकृत सिंह और मलय ने 2-2 विकेट अभिनव और अमित ने एक-एक विकेट लिया। कल दूसरे दिन का खेल खेला जाएगा।

## भोपाल डिवीजन की जीत

भोपाल। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम.एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) मल्टी-डे, रीवा में आयोजित की जा रही है। सोमवार को भोपाल और रीवा के बीच खेले जा रहें मैच में तीसरे दिन रीवा डिवीज़न नें कल के स्कोर 2/28 रन से आगे खेलते हुए खेल खत्म होने तक 123 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 237 रन बना लिए थे, जिसमें सोनू रजक ने 63, आदित्य श्रीवास्तव ने 45, प्रारूप सिंह ने 34 और प्रमोद सिंह ने 30 रन बनाए। भोपाल डिवीजन के रुद्र तेनगुरिया और देव कनौजिया ने 3-3 और वेद पाठक ने 2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने रीवा डिवीजन को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया, जिससे भोपाल डिविजन को तीन अंक प्राप्त हुए और रीवा डिवीजन को एक अंक मिला।

**स्व. जीएस पठानिया 'सर' टूर्नामेंट**

## सेंट माइकल और रेलवे यूथ के बीच मैच प्रारम्भ

भोपाल। भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशनऔर सेज ग्रुप द्वारा आयोजित स्व.जी.एस.पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट, ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर सेंट माइकल अकादमी और रेलवे यूथ अकादमी के मध्य (दो दिवसीय) मैच प्रारम्भ हुआ। सेंट माइकल अकादमी ने 54.3 ओवर में 158 रन बनाए, जिसमें आरफ कुरैशी नें 73 और अली ज़ैदी नें 22 रन बनाए। रेलवे यूथ के विवेक झा नें 4, अभिषेक शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में रेलवे यूथ ने दिन का खेल खत्म होने तक 32 ओवर में 7 विकेट पर 59 रन बना लिये हैं, जिसमें प्रज्वल गुप्ता नें 19 रन बनाए। ऋषि और राहुल पंडित नाबाद खेल रहें हैं। सेंट माइकल अकादमी से आयुष सोनी और अली ज़ैदी नें 3-3 विकेट लिए। कल दूसरे व अंतिम दिन का खेल होगा।

## बीडीसीए अंडर - 18 बॉयज टूर्नामेंट में मयंक चतुर्वेदी की जीत



ऋषभ पाण्डेय

भोपाल। बीडीसीए अंडर - 18 बॉयज में कैप क्रिकेट मैदान पर (दो दिवसीय) मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य खेले जा रहें मैच के दूसरे दिन संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने कल के स्कोर 1/42 रन से आगे 76.3 ओवर में 138 रन बनाए, जिसमें शिवांक त्रिपाठी ने 44 और अर्णव सिंह ने 30 रन बनाए। मयंक चतुर्वेदी से निश्चय सिकरवार नें 4,अनय जैन नें 3 और ऋषभ पाण्डेय नें 2 विकेट लिए। मयंक ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे व अंतिम दिन का खेल खत्म होने तक 41 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बना लिए थे, जिसमेंअक्षत कुमार 98 रन पर नाबाद रहे। निश्चय नें 46 रन बनाए। संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी में अनंत शर्मा ने 2 और शिवांक त्रिपाठी ने 1 विकेट लिया। इस तरह मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया।

## अंकुर और सेंचुरियन अकादमी के बीच दो दिनी मैच शुरू

भोपाल। बीडीसीए अंडर- 18 बॉयज बाबे अली मैदान पर दो दिवसीय अंकुर क्रिकेट अकादमी और सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के मध्य प्रारंभ हुआ। अंकुर ने 72. 5 ओवर में 158 रन बनाए। इनमें आर्यन राजपूत और प्रयाग जरीवाला ने 31-31, समर्थ ने 29, सोहम द्विवेदी ने 22 रन बनाए। सेंचुरियन के प्रशांत अग्रवाल ने 6 और अंश मालवीय ने 2 विकेट लिए। जवाब में सेंचुरियन ने दिन का खेल खत्म होने तक 20 ओवर में 5 विकेट पर 41 रन बना लिए हैं। अरशान अहाद 26 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। अंकुर क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी में सोहम द्विवेदी ने 4 विकेट और समर्थ राजपूत ने 1 विकेट लिया।

**बीडीसीए अंडर-18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट को हराया



नवनीत सोनी

भोपाल। भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट, कनारा मैदान पर अंडर -18 बॉयज में सीहोर और राजगढ़ के बीच मैच खेला गया। राजगढ़ की टीम ने 37.2ओवर में 161 रन बनाए,जिसमें योगेश यादव नें 53 और मोहित नागर नें 51 रन बनाए। सीहोर डिस्ट्रिक्ट से सक्षम त्यागी और नवनीत सोनी नें 3-3, देवेंद्र नें 2 विकेट एवं फरहान और केशव नें 1-1 विकेट लिए। जवाब में सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने 34.1 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन बना लिए, जिसमें दीपेश सेन नें 43 रन बनाए। वहीं नवनीत सोनी 48 और निर्मल मेवाड़ा 37 रन पर नाबाद रहे। राजगढ़ से विनायक ने 1 विकेट लिया। इस तरह सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट को 8 विकेट से हराया।

**शहर में खुशी का माहौल, एक दूसरे को लोग दे रहे बधाई**

## ग्वालियर की बेटी वैष्णवी शर्मा का भारतीय महिला टीम में चयन



**भोपाल।** ग्वालियर की होनहार क्रिकेटी वैष्णवी शर्मा का भारतीय महिला टीम में चयन हो गया है। वैष्णवी की इस उपलब्धि से ग्वालियर समेत पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है और अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। शहर के लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। वैष्णवी के पिता डॉ. नरेंद्र शर्मा के पिता के पारिवारिक मित्र डॉ. नीतेश शर्मा ने बताया कि मुझे वो दिन भी याद है जब वैष्णवी ने उनसे कहा था कि मैं निश्चित ही भारत की महिला क्रिकेट टीम में खेलूंगी। आज वो शब्द अक्षरशः सही हुए। डॉ. शर्मा ने बताया कि वैष्णवी यह भी कहती थी कि चाचा जी, आप पापा जी को बोल दें, वो ज्यादा मेरी चिंता करते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि उन्हें वैष्णवी में शुरू से ही बो स्किल नजर आ गई थी, जब उन्होंने उसे पहली बार खेलते हुए देखा था। फिर क्या था डॉ. शर्मा ने वैष्णवी के पिता के पारवारिक मित्र और उसके चाचा होने का पूरा फर्ज निभाया। जब भी बेटी वैष्णवी चोटिल हुई तो उसे फिजियोथैरेपिस्ट के पास ले जाना समेत कई छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा किया। डॉ. शर्मा कहते हैं कि आज बेटी वैष्णवी ने भारतीय टीम में चयनित होकर उनकी पूरी मेहनत सफल कर दी है।






AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants invoiced on or before 31ST December 2025 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. *Extra cash benefits upto ₹25 000 valid till 16th December 2025. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variants are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. *Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ˜Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. *Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. @GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\39791125

NISSAN FINANCE

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930